# विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल लाने का सामर्थ्य रखता है युवाः योगी

● रामा विवि कानपुर के तृतीय दीक्षांत समारोह

● मुख्यमंत्री ने डॉ. बीएस कुशवाहा आयुर्विज्ञान संस्थान का भी किया शुभारंभ



**लखनऊ/कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार साहिबजादों, रानी लक्ष्मीबाई, वीर सावरकर, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, लुईस ब्रेल, आइंस्टीन, न्यूटन के कृतित्व-व्यक्तित्व व कार्यों का उदाहरण देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि आपकी आयु हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है। युवा हर विपरीत परिस्थिति को अपने अनुकूल लाने का सामर्थ्य रखता है। जिन्होंने देश की धारा को बदलने का कार्य किया, वे सब युवा थे। युवाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं, बस करने का जज्बा होना चाहिए। युवा पलायनवादी नहीं हो सकता। उसे देश-काल, समाज की वर्तमान स्थितियों की जानकारी भी होनी चाहिए। युवाओं को नवाचार, नए शोध व आसपास घटित होने वाली घटनाओं का अवलोकन करने की कार्यशैली को विकसित करना होगा। ऐसी घटनाएं सीखने व जानने का अवसर देती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को रामा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सीएम ने डॉ. बीएस कुशवाहा आयुर्विज्ञान संस्थान का शुभारंभ भी किया। सीएम ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी और कई विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। सीएम ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ड्रेनेज, नवाचार, शोध आदि को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन को कई सुझाव भी दिए। सीएम ने पौधरोपण भी किया। सीएम योगी ने कहा कि श्रद्धावान ही ज्ञान प्राप्त करने का अधिकारी है। जिसके मन में गुरुजन, माता-पिता व वरिष्ठों के प्रति श्रद्धाभाव नहीं है, उसे ज्ञान प्राप्त हो भी नहीं सकता। देशकाल व पात्रता का ध्यान रखा जाना चाहिए। तभी उसके अनुरूप ज्ञान से परिपूर्ण करना चाहिए। सीएम योगी ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में अनेक अवसर आते हैं, जो व्यक्ति को महान बनने का मौका प्रदान करते हैं, लेकिन यह विवेक पर निर्भर करता है कि उसके अनुरूप खुद को ढालने का सामर्थ्य रख पा रहे हैं या नहीं।

सीएम योगी ने कहाकि कानपुर जनपद के अर्धविकसित क्षेत्र में चार दशक पहले जो बीज रोपा गया था, वह आज वटवृक्ष बनकर विवि के रूप में शिक्षा-स्वास्थ्य, तकनीकी ज्ञान, नवाचार, शोध, निवेश व रोजगार का बेहतरीन केंद्र बनकर उभरा है। एक संस्थान विकास का माध्यम कैसे बन सकता है, यह रामा कॉलेज ने साबित किया है। सीएम योगी ने विद्यार्थियों से कहा कि सत्य के आचरण के साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करना है। धर्म का मार्ग बहुत विराट है। वास्तव में दुनिया के अंदर धर्म को भारतीय ऋषियों ने समझा है। यह सिर्फ उपासना विधि नहीं है। किसी ऋषि ने यह कभी नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं, वही सत्य है बल्कि कहा कि देश, समाज के लिए जो अच्छा लगे, उसका आचरण कर आगे बढ़ो। कोई सनातन धर्मावलंबी यह नहीं कह सकता कि जो मंदिर जाए, वही हिंदु है। वेदों-शास्त्रों में विश्वास करुं या नहीं, तब भी मेरा हिंदुज्म मुझे लेकर चलेगा। हमने धर्म को उपासना विधि, ईष्ट या ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। कर्तव्य, सदाचार व नैतिक मूल्य का प्रवाह ही भारतीय परंपरा में धर्म माना गया है।

सीएम ने बच्चों को मंत्र दिया कि लिखने की आदत डालें, तकनीक से भागे नहीं, जो समाज रिफॉर्म व विज्ञान से भागा, वह कभी आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने कहा कि 1989 तक 80 करोड़ आबादी में देश में केवल आधा फीसदी लोगों के पास टेलीफोन की सुविधा थी। थोड़ा प्रयास हुआ तो यह संख्या दो फीसदी हुई। रिफॉर्म के लिए अटल जी के नेतृत्व में 1999 में कदम उठाए गए तो आज भारत में 100 करोड़ लोगों के पास स्मार्ट फोन है। एक समय था, जब टेलीफोन के कूपन बिकते थे, लैंडलाइन टेलीफोन के लिए सिफारिश होती थी, लेकिन 5 जी स्वीकार करने के बाद अब सिक्स जी की तैयारी चल रही है। सीएम ने मोबाइल फोन को लेकर अपना संस्मरण भी सुनाया।

सीएम योगी ने कहा कि 1990 के दशक में कंप्यूटर का विरोध हो रहा था कि रोजगार-नौकरी छीन लेगा। बैंकों में हड़ताल हो गई, लेकिन आज हर घर् में कंप्यूटर है। हमारी सरकार भी दो करोड़ युवाओं को टैबलेट दे रही है। तकनीक से सक्षम युवा ही चुनौतियों का सामना करेगा। जो कुछ भी नया आएगा तो विरोध होगा। कुछ लोगों के कारण देश व समाज के विकास की यात्रा को बाधित नहीं किया जा सकता। जीपीएस का भी विरोध हुआ। विरोध हर नए कार्य व रिफॉर्म का होता है, लेकिन यह जीवन में परिवर्तन लाता है। सीएम योगी ने कहा कि चैटजीपीटी, एआई के माध्यम से दुनिया में चीजें कहां से कहां तक पहुंच रही है।

# बोधगया में 2 से 12 दिसंबर तक आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन

**लखनऊ।** भगवान बुद्ध की कर्मस्थली बोधगया में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दक्षिण पूर्व एशिया के समस्त बौद्ध देशों सहित यूरोपीय देशों एवं भारत के सभी प्रान्तों से बौद्ध श्रद्धालु, भिक्खु एवं भिक्खुनी लगभग 10,000 (दस हजार) की संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। महाबोधि महाविहार परिसर स्थित बोधिवृक्ष के नीचे भगवान बुद्ध के उपदेशों का निरन्तर पाठ किया जाता है। विश्व बौद्ध समुदाय का भारत में यह सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है, जो विगत दो दशकों से लगातार जारी है। इस संगायन में भाग लेने वाले बौद्ध भिक्षुकों की उप्र बौद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण किये जाने की संभावना है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। बोधगया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन में उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा राज्य में स्थित भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों का बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। एलईडी स्क्रीन पर लगातार उत्तर प्रदेश के बौद्ध स्थलों का वीडियो प्रसारित किया जा रहा है तथा जानकारियों वाले फोल्डर वितरित किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट से लेकर बोधगया महाविहार तक जगह-जगह उत्तर प्रदेश के बौद्ध स्थलों की होर्डिंग लगी है। अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन में देश-दुनिया से आए पर्यटक उत्तर प्रदेश पर्यटन के काउंटर पर पहुंचकर श्रावस्ती, कुशीनगर, सारनाथ, संकिसा, कौशाम्बी आदि स्थलों की जानकारियां ले रहे हैं। संगायन में दुनियाभर से लगभग 10 हजार बौद्ध श्रद्धालु हिस्सा लेने बोधगया पहुंचे हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि बौद्ध स्थलों की दृष्टि से उत्तर प्रदेश न केवल भारत के सभी प्रांतों की तुलना में समृद्ध है, बल्कि विश्व प्रसिद्ध भी है। भगवान बुद्ध ने अपना पहला धम्मोपदेश सारनाथ में दिया था।

# मंत्री एके शर्मा व कपिल देव ने गुजरात के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को महाकुंभ के लिए किया आमंत्रित



**लखनऊ।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इस ऐतिहासिक आयोजन को दिव्य और भव्य रूप में प्रस्तुत करने के लिए देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान चला रही है। इसी क्रम में विभिन्न राज्यों में मंत्रियों को नामित कर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख व्यक्तियों से भेंट के माध्यम से उन्हें महाकुंभ में आमंत्रित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल को गुजरात में प्रचार-प्रसार और आमंत्रण कार्य हेतु नामित किया गया। इसी क्रम में रविवार को शाम में प्रदेश के दोनों मंत्रीगण गुजरात की राजधानी अहमदाबाद पहुंचे। मंत्रीगण रविवार को दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत अहमदाबाद पहुंचे। पहले दिन उन्होंने गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल जी से औपचारिक मुलाकात की। अहमदाबाद में मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल जी से मुलाकात के दौरान महाकुंभ 2025 की विशेषताओं पर चर्चा हुई और मंत्रीगण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महाकुम्भ को दिव्य और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी तैयारियां कर रही है। मंत्रीगण ने मुख्यमंत्री जी को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंगाजल युक्त कुंभ कलश, महाकुंभ 2025 का लोगो, मुख्यमंत्री जी का आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य और मुज़फ़्फ़रनगर का गुड़ भेंट किया। इसके पश्चात मंत्रीगण ने गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी से राजभवन जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल जी को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से गंगाजल से कुंभ कलश, महाकुंभ 2025 का लोगो व मुख्यमंत्री जी का आमंत्रण पत्र, कुम्भ साहित्य और उत्तर प्रदेश का गुड़ भेंट किया गया। महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता का परिचय देते हुए उन्हें प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मंत्रीगण ने इस अवसर पर कहा कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाला महाकुंभ न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है।

# देश में विषाक्त माहौल भाजपा सरकार में बना दिया है: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हम सबकी प्रेरणाश्रोत विनम्र सहज और पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का भाव रखने वाली हमारी नेता सोनिया गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान से अच्छा कोई दूसरा उपहार हम कांग्रेसजनों की ओर से नहीं हो सकता। राय ने कहा कि आज देश में जिस तरह का विषाक्त माहौल वर्तमान भाजपा सरकार में बना दिया गया है और दिन प्रतिदिन उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बढ़ाया जा रहा है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अजय राय ने यह बात रविवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बंटोगे तो कटोगे की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है।

यह लोग भारत के लोकतांत्रिक और सेक्युलर चरित्र को खत्म करना चाहते हैं। मगर हम कांग्रेस के लोग इनके नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध है इस देश के मूल चरित्र को बचाए रखने के लिए हम राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक हर तरीके की लड़ाई लडेंगे। ईश्वर ने सभी इंसानों को एक जैसा बनाया, उसने कोई भेद नहीं किया। सभी के शरीर में एक जैसा रक्त बहता है और यह लाल रक्त हमें जातियों और धर्मों में बंटने से रोकता है और एक रखता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कल दिनांक 09 दिसंबर 2024 को हमारी नेता सोनिया गांधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सभी जातियों और धर्मों के लोग एकजुट होकर रक्तदान करेंगे और इस नफरती भाजपा को बताएंगे कि यह देश उनके बांटने से नहीं बटेगा- एक था, एक है और एक रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्रअजय राय ने कहा कि आज देश में किसानों पर अत्याचार हो रहा है।

किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर बैठे हुए हैं मगर धोखेबाज भाजपा सरकार उनके हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। भाजपा ने किसानों से एमएसपी के नाम पर वादाखिलाफी की है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में खाद की किल्लत है है। सरकार उनकी जरूरतों को पूरा करने के बजाय उन्हें जेल भेजने का काम कर रही है। 50 किलो खाद की बोरी को 45 किलो कर दी गई अब 45 से 40 कर दी गई, दाम और बढ़ा दिया गया। कालाबाजारी के चलते किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। राय ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि आप सोच सकते हैं कि योगी जी के गृह जनपद गोरखपुर में हालात ऐसे हैं कि निषाद परिवार में हत्या होने के बाद दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य अपनी संवेदना प्रकट करने जा रहे थे। परन्तु योगी सरकार की संवेदनहीनता देखिए की पुलिस प्रशासन ने प्रतिनिधिमडल के सदस्य व कांग्रेस पार्टी के विधायक श्री वीरेन्द्र चौधरी सहित सभी नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया, जिसकी हम घोर भर्त्सना करते हैं।

# राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिएः अलका लाम्बा




● कांग्रेस का 'नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह'

**लखनऊ।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के निर्देश पर देश में आयोजित महिला कांग्रेस द्वारा सदस्यता अभियान तहत रविवार को कांग्रेस मुख्यालय में 'नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में किया गया जिसमें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यजोन की सचिव अनामिका यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जैनब हैदर जी ने किया। नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह में उपस्थित महिलाओं को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा ने नारी न्याय किट प्रदान की। अपने सम्बोधन में अलका लांबा ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। ताकि हम महिलाएं अपने हक और हकूक की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ सके। हमारी नेता आदरणीय श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने महिलाओं के हक की लड़ाई हमेशा मजबूती से लड़ी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर जब दुनिया में देश का नाम रौशन करने वाली देश की बेटियां भाजपा के एक दुष्कर्मी पूर्व सांसद के खिलाफ धरने पर बैठी थीं तब प्रियंका गांधी जी ने वह लड़ाई उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ी और हर कदम उन्हें यह आश्वासन दिया कि डरो मत, सहो मत और अपने हक के लिए लड़ो। इतना ही नहीं देश की बेटी विनेश फोगाट के साथ जब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गलत हुआ तो कांग्रेस ने उन्हें कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी बनाया और आज विनेश फोगाट चुनाव जीतने के बाद महिलाओं की सशक्त आवाज हैं। लांबा ने कहा कि आज बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर का संविधान खतरे में है। हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी सड़क से सदन तक संविधान को बचाने की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ रहे है। यदि संविधान पर आंच आई तो देश की आधी आबादी पर भी खतरा आ जायेगा। लांबा ने कहा कि बाबा साहब के संविधान ने इस देश की महिलाओं को पुरुषों के बराबर खड़ा होने का अधिकार दिया और यदि वह संविधान ही नहीं रहा तो वह अधिकार भी समाप्त हो जायेंगे। कांग्रेस हमेशा महिला हितों की पक्षधर रही है राजीव गांधी जी ने निकाय चुनाव में महिलाओं को आरक्षण दिया जिसका नतीजा है कि आज देश की लाखों महिलाएं पंच, सरपंच, सभासद और मेयर जैसे पदों को सुशोभित कर रही हैं। लांबा ने मांग की है जो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है उसे भाजपा सरकार को तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए। अलका लांबा ने नारी न्याय सदस्य सम्मान समारोह कार्यक्रम के मंच से उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की समस्त इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग करने एलान किया साथ ही जनवरी 2025 में नई कार्यकारिणी के पुनर्गठन की घोषणा भी की। लांबा ने प्रदेश में नई कार्यकारिणी के गठन के लिए महिला कांग्रेस की निवर्तमान पदाधिकारी शहला अहरारी, अनामिका यादव, पूनम पंडित, नम्रता दान, भारती त्यागी, पूजा चड्ढा, उरूषा राणा को उत्तर दायित्व सौंपा है। उक्त सभी पदाधिकारी पूरे प्रदेश के जिलों में दौरा कर संगठन निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगी।

# समाजवाद में निहित है भारत का हित:दीपक मिश्र



**लखनऊ।** तेलंगाना में आयोजित समाजवादियों के दोदिवसीय समागम में दूसरे दिन सोशलिस्टों को संबोधित करते हुए समाजवादी चिंतक और बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा भारत का सतत व सर्वतोन्मुखी विकास केवल समाजवाद से ही संभव है । विषमता को दूर किए बिना जो भी विकास होगा, असमानता और असंतोष को बढ़ाएगा । राममनोहर लोहिया द्वारा प्रतिपादित समाजवाद और रामराज्य की परिकल्पना शोषण विहीन समता मूलक समाज की स्थापना है । भारत के सबसे अमीर और गरीब प्रांतों की प्रति व्यक्ति आय में लगभग साढ़े पांच लाख रुपए का अंतर है । देश में व्याप्त विषमता के कारणों और निवारणों पर देश व्यापी लोक बहस चलानी होगी । सिद्धांत से भटकने के कारण ही राजनीति और राजनेताओं की गरिमा और सम्मान में कमी आई है । देश के सभी समाजवादियों को एक साथ आना समय की मांग है । आजाद - भगत सिंह की समाजवादी क्रांति, लोहिया की सप्तक्रांति और लोकनायक जयप्रकाश नारायण की समग्र क्रांति का ख्वाब अभी अधूरा है जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी के समाजवादियों की है। राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन (दिल्ली) और लोहिया विचार मंच तेलगाना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय विचार मंथन का उद्घाटन तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मन ने किया था।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफलः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उत्तर प्रदेश सरकार का ये फ़रमान अपने आप में प्रदेश में लगातार बढ़ते ख़राब हालातों को बयां कर रहा है कि अगले 6 महीनों तक अनिवार्य सेवा अनुरक्षण क़ानून के तहत हड़ताल पर प्रतिबंध होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई ये है कि भाजपा को जोड़-तोड़ और हेराफेरी से सरकार बनाना तो आता है, पर भ्रष्ट आचार-विचार के कारण सरकार चलाना नहीं आता। जो सरकार अपने अधीन लोगों पर ही पाबंदी लगा रही है, इसका तो सीधा मतलब यही हुआ कि वो मान रही है कि कर्मचारियों, अधिकारियों के बीच विरोध और आक्रोश का सुशुप्त ज्वालामुखी कभी भी फट सकता है।

उन्होंने कहा कि वास्तविकता तो ये है कि उत्तर प्रदेश के ही नहीं, पूरे देश के विभिन्न विभागों और सरकारी व अर्द्धसरकारी संस्थानों और प्रतिष्ठानों में काम करनेवाले लोग, भाजपाई भ्रष्ट नीतियों और भ्रष्टाचार के हिस्से बनने पर मजबूर किये जा रहे हैं, जिससे उनमें असंतोष पनप रहा है, जो कल को हड़ताल बनकर उभरेगा, यही वो डर है जिसकी वजह से ये आदेश पारित हुआ है। सच तो यह है कि भाजपा सरकार अपनी कुनीतियों से ही अर्द्धसरकारी संस्थानों और सरकारी कर्मचारियों में ही नहीं आम जनता में भी आक्रोश पनपा रही है। जनता से जुड़े तमाम संस्थानों को निजी हाथों में सौंपने की साजिशें हो रही है। बिजली जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में निजीकरण के माध्यम से संविधान प्रदत्त आरक्षण व्यवस्था को भी समाप्त करने का षडयंत्र हो रहा है। इस सबका मतलब अपने चंद चहेते पूंजीपतियों को औने पौने दाम में राष्ट्रीय संपत्ति को बेचकर कमीशन अपनी जेब में रखना है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार डरी हुई है। सरकार की गलत नीतियों के कारण कर्मचारी, नौजवान, किसान, मजदूर हर वर्ग में असंतोष है। इसे दबाने के लिए भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है।

## सपा मुखिया ने हॉकी खिलाड़ियों से की मुलाकात



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने रविवार को ओलम्पियन हॉकी खिलाड़ी मोहम्मद शाहिद की याद में बनाए गए हॉकी स्टेडियम, गोमतीनगर पहुंच कर मौजूद खिलाड़ियों से भेंट की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मो. शाहिद को पद्मश्री सम्मान भी मिला था। यहां ऐस्ट्रोसर्फ पर हॉकी खिलाड़ियों के खेलने की व्यवस्था है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी साथ थे। सपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव द्वारा 30 दिसम्बर 2016 को शिलान्यास और उद्घाटन के बाद हॉकी स्टेडियम बना था। यह देखकर उन्हें दु:ख हुआ कि हॉकी खिलाड़ियों के इस मुख्य केन्द्र के रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है। भाजपा समाजवादी सरकार के समय हुए सभी कामों के प्रति उपेक्षा भाव बरत रही है। हॉकी स्टेडियम में सर्वश्री प्रशांत शर्मा, योगिता कुमारी तथा श्रेया कुमार खिलाड़ी श्री अखिलेश यादव से मिले। ये सभी खिलाड़ी महारानी लक्ष्मीबाई एवार्ड प्राप्त है। सभी ने अखिलेश यादव द्वारा खेल-खिलाड़ियों को दी गई सुविधाओं के लिए आभार जताया था। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने कहा कि समाजवादी सरकार में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए बहुत काम हुआ। खिलाड़ियों को सम्मान मिला।

# यूपी में पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी

● 4 हजार से अधिक मामलों में दर्ज की गई गिरावट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने कृषि और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रदेश में पिछले सात वर्षों में लगातार पराली जलाने की घटनाओं में तेजी से गिरावट हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 में जहां पराली जलाने के 8,784 मामले दर्ज किये गये थे, वहीं वर्ष 2023 में 3,996 ही मामले सामने आए हैं। अगर पिछले सात वर्षों में नजर डालें तो पराली जलाने के 4,788 मामलों में कमी दर्ज की गयी है। योगी सरकार की नीतियों के जरिये प्रदेश के अन्नदाता पराली को जलाने की जगह उससे अपनी आय बढ़ा रहे हैं। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पराली प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में हर वर्ष लगभग 2.096 करोड़ मीट्रिक टन पराली का उत्पादन होता है। इसमें से 34.44 लाख मीट्रिक टन चारा व 16.78 लाख मीट्रिक टन अन्य उपयोग में लाया जा रहा है। इसी तरह 1.58 करोड़ मीट्रिक टन पराली इन-सीटू एवं एक्स-सीटू मैनेजमेंट के जरिये निस्तारित किया जा रहा है। यही वजह है कि योगी सरकार द्वारा उठाए गए सटीक प्रबंधन की वजह से पराली जलाने की घटनाओं में बड़ी गिरावट आई है। इससे प्रदेश में प्रदूषण में भी कमी आई है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंच रहा है बल्कि किसानों को उनके अवशेषों के औद्योगिक और घरेलू उपयोग के माध्यम से आय के नए स्रोत उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

योगी सरकार द्वारा पराली के औद्योगिक उपयोगी की पहल से धान के भूसे को औद्योगिक और घरेलू उत्पादों में उपयोग करने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर सृजित हुए है। इसके अलावा जैविक खेती और एलसीवी (लीफ कम पोस्ट वेस्ट) के उपयोग को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता में सुधार किया गया। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई और उन्हें नए बाजारों में प्रवेश करने का मौका मिला। वहीं पराली जलाने की घटनाओं को नियंत्रित करने में कई जिलों ने अहम भूमिका निभायी है। इनमें सबसे कम घटनाएं महाराजगंज में 468, झांसी में 151, कुशीनगर में 118 और फतेहपुर में 111 में दर्ज की गईं। इन जिलों ने बेहतर प्रबंधन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया है। बता दें कि प्रदेश में साढ़े सात वर्ष पहले पराली जलाने की समस्या जो लंबे समय से पर्यावरण प्रदूषण का कारण बनी हुई थी, आज पूरी तरह से नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री योगी सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है।

# दूध के उत्पादन में यूपी की बादशाहत बरकरार

● नंद बाबा, गोकुल मिशन, दुग्ध उत्पादन समितियों को प्रोत्साहन व नस्ल सुधार के कार्यक्रम दे रहे शानदार परिणाम

**लखनऊ।** बेसिक एनिमल हसबेंडरी स्टैटिक्स 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार देश में दूध का कुल उत्पादन 239.30 मिलियन टन है। इसमें उत्तर प्रदेश का योगदान सर्वाधिक, करीब 16 फीसद का है। क्रम से राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब का नंबर आता है। इस तरह दूध के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की बादशाहत बरकरार है। इसकी एक बड़ी वजह इस सेक्टर में मुख्यमंत्री योगी की निजी रुचि और अपने पहले कार्यकाल से ही पशुपालकों के हित में उठाए गए कदम हैं। सरकार प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक पशुपालकों को प्रोत्साहन देने के लिए उनको नंद बाबा और गोकुल पुरस्कार से सम्मानित करती है। पिछले दिनों नस्ल सुधार के जरिए उत्पादन बढ़ाने के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार ने प्रदेश सरकार से सहयोग की इच्छा जताई थी। सरकार नस्ल सुधारने के लिए सेक्स शॉर्टेज तकनीक (इसमें सिर्फ बछिया होने की संभावना 90 फीसद से अधिक होती है) का प्रयोग कर रही है। गोरखपुर में खुलने वाले राजकीय पशु चिकित्सा महाविद्यालय भी नस्ल सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 'सहकारिता से समृद्धि' सरकार का नारा है। डेयरी सेक्टर में सहकारिता से चमत्कार संभव है। दुनिया का सबसे मजबूत ब्रांड अमूल इसकी मिसाल है। सरकार इस पर सरकार का खासा फोकस है। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रादेशिक कॉआपरेटिव डेयरी फेडरेशन (पीसीडीएफ) का प्रस्तुतिकरण हुआ था। इसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि दुग्ध संघों में हर स्तर पर जवाबदेही तय करते हुए कार्य के टारगेट तय किये जाएं। दुग्ध संग्रह क्षमता बढ़ाते हुए दूध की गुणवत्ता परीक्षण के कार्यों को बेहतर करने करें। समिति से जुड़े कर्मियों का उचित प्रशिक्षण कराया जाये, उन्हें दूध की गुणवत्ता जांचने वाले जरूरी उपकरण उपलब्ध कराये जाएं और समितियां एक दूसरे से स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा करें। पशुपालकों से संवाद बढ़ाएं। सरकार के इन कदमों से डेयरी संघों की दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों की आय भी बढ़ेगी। अधिकांश पशुपालक कम जोत वाले या भूमिहीन किसान हैं। इनके द्वारा पाले जाने वाले दुधारू पशु इनके लिए एटीएम सरीखे हैं। पशुपालन में हुए किसी भी अच्छे कार्य का बेहतर असर इन पर ही पड़ेगा। यह तबका योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पहली कैबिनेट में ही लघु और सीमांत किसानों का एक लाख रुपये तक का ऋण माफ कर वह इसे साबित भी कर चुके हैं। पशुपालन को प्रोत्साहन भी उसकी एक कड़ी है।

योगी सरकार पशुपालकों के अधिकतम हित में दूध के साथ गोबर, गोमूत्र आदि को भी आर्थिक रूप से उपयोगी बना रही है। मुख्यमंत्री का साफ निर्देश है किगोबर से कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लाण्ट स्थापित किये जाएं। इसके लिए प्रदेश सरकार भूमि उपलब्ध कराएगी। डेयरी सेक्टर महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रभावी जरिया है। सेक्टर में काम करने वाली महिलाओं की संख्या भी सर्वाधिक है। ऐसे में इस सेक्टर से महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की जरूरत है। कुछ जगहों पर महिलाओं का समूह इस सेक्टर में अनुकरणीय काम भी कर रहा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी इसका उदाहरण है। आने वाले समय में दुग्ध सहकारी समितियों और दुग्ध संघों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का भी मुख्यमंत्री का साफ निर्देश है। दूध का उत्पादन और प्रति व्यक्ति प्रति ग्राम दूध की उपलब्धता बढ़ने से लोगों की सेहत सुधरेगी। यह लगातार बढ़ भी रही है। 2021 में प्रति व्यक्ति प्रति ग्राम दूध की उपलब्धता 321 ग्राम थी। 2024 में यह बढ़कर 471 ग्राम हो गई। दूध के उत्पादन की सालाना वृद्धि दर 3.78त है। स्वाभाविक है कि इसमें सर्वाधिक उत्पादन के नाते उत्तर प्रदेश का योगदान भी सर्वाधिक है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा नाम आधार कार्ड में भगवती प्रसाद आगनवत्ती अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम भभूती प्रसाद उर्फ भगवती प्रसाद अग्निहोत्री है मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। भभूती प्रसाद उर्फ भगवती प्रसाद अग्निहोत्री नि0 1393-ए, हनुमन्त विहार, नौबस्ता कानपुर नगर।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 9 दिसम्बर 2024



# मेट्रो के तीन स्टेशनों को बम से उड़ाने की मिली धमकी, प्रशासन एलर्ट

● पुलिस सहित बम निरोधक दस्ते द्वारा स्टेशनों पर जांच शुरू की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु मौके पर नहीं मिली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। मेट्रो में यह धमकी लखनऊ के तीन प्रमुख स्थानों हुसैनगंज मेट्रो स्टेशनए चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग बस स्टेशन पर दी गई थी। सूचना मिलते ही लखनऊ पुलिस और बम निरोधक दस्ता पूरी तरह से अलर्ट हो गए और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

मेट्रो के तीन स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिलते ही मेट्रो प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस को डायल 112 के माध्यम से बम होने की सूचना दी गई थी। कॉलर ने बताया था कि हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग बस स्टेशन पर बम रखा गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ता की टीम ने डॉग स्क्वाड के साथ इन तीनों स्थानों की गहनता से चेकिंग की। आलमबाग बस स्टेशन आलमबाग थाने की पुलिस और बमनिरोधक दस्ता की टीम ने बस स्टेशन और उसके आसपास की पूरी जांच की लेकिन यहां कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। चेकिंग के बाद इस जगह पर बम होने की सूचना झूठी और भ्रामक साबित हुई। हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन में बम होने की सूचना मिली थी। मेट्रो स्टेशन को तुरंत खाली करवा



दिया गया और बम निरोधक दस्ता ने पूरी मेट्रो स्टेशन की छानबीन की। इस दौरान भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई और यह सूचना भी फर्जी निकली। पुलिस ने बताया कि बम की सूचना देने वाला कॉलर अज्ञात है और पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। जिस मोबाइल नंबर से बम की सूचना दी गई थी वह स्विच ऑफ हो रहा है। पुलिस अब इस नंबर की जांच कर रही है और झूठी सूचना देने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है।

### सूचना देने वाले व्यक्ति के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

उत्तर प्रदेश पुलिस के एडीसीपी मनीषा सिंह ने इस मामले में बताया कि बम की सूचना झूठी पाई गई है। उन्होंने कहा कि फर्जी सूचना देने वाले व्यक्ति के खिलाफ उसके मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी और उसकी तलाश की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद लखनऊ में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और किसी भी तरह की सुरक्षा चूक को रोकने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल का नवा संस्थापक दिवस सम्पन्न

**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल का नवा संस्थापक दिवस समारोह 2024 रविवार को भव्यता से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और गजानन स्तुति से हुई। इसके बाद राम भजन प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि निवेश राज प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी और विशिष्ट अतिथि स्टीवन सैमुअल देवासी विश्व प्रसिद्ध ड्रामा और गायक रहे। कार्यक्रम में श्री जयपुरिया अध्यक्ष जयपुरिया ग्रुप, सुनीता जयपुरिया उपाध्यक्ष, हरि संदूजा निदेशक, शिखा बनर्जी प्रधानाचार्य सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल कानपुर, गणेश तिवारी उप प्रधानाचार्य और मधुश्री भौमिक उप प्रधानाचार्य जूनियर स्कूल कानपुर के अतिरिक्त अतिथि सूर्यपाल गंगवार लखनऊ के जिला मजिस्ट्रेट ने गर्वित अभिभावक के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण स्टीवन सिमल देवासी का ड्रम परफॉर्मेंस था।

## पल्स पोलियो अभियान व विटामिन ए संपूरण कार्यक्रम आरम्भ



● जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बच्चों को दवा पिलाकर किया शुभारंभ

**लखनऊ।** पल्स पोलियो अभियान तथा विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को वीरांगना अवंती बाई जिला महिला चिकित्सालय में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा और जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बच्चों को दवा पिलाकर किया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य ने कहा कि जहाँ पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को दो बूंद जिन्दगी की दी जाएगी, वहीं नौ माह से पांच साल तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। पल्स पोलियो की बात करें तो साल 1995 में पोलियो उन्मूलन के लिए अभियान शुरू हुआ था और साल 2014 में देश पोलियो मुक्त हो गया है। सरकार इसको लेकर बेहद बेहद सजग और गंभीर है। इसलिए बार-बार यह अभियान चलाकर बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाती है जिससे कि किसी भी तरह से संक्रमण दोबारा न फैले। डीएम ने कहा कि अभियान के पहले दिन शून्य से पांच साल तक की आयु के बच्चों को 2783 बूथों के माध्यम से पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी। सोमवार से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम घर घर जाकर शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाना सुनिश्चित करेगी। जनपद के शून्य से पांच साल तक के सात लाख से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वह अपने बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा जरूर पिलायें। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अजय गुप्ता ने कहा कि यह अभियान पूरे प्रदेश में शुरू हुआ है। देश तो पोलियो मुक्त हो गया है लेकिन विडम्बना है कि पड़ोसी देश जैसे पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आज भी पोलियो के केस आ रहे हैं। प्रदेश के कुल 3.29 करोड़ बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य है। अभियान के पहले दिन 1,10,648 बूथ के माध्यम से पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एन.बी.सिंह ने कहा कि रविवार को बूथ के माध्यम से शून्य से पांच साल तक के बच्चों को दो बूँद जिन्दगी की पिलाई जाएगी। रविवार को जो बच्चे इस दवा को पीने से वंचित रह जायेंगे उन्हें सोमवार से शुक्रवार तक स्वास्थ्य टीमें घर -घर जाकर पोलियोरोधी दवा पिलायेंगी। जो बच्चे पोलियो रोधी दवा पीने से रह जायेंगे उन्हें 16 दिसम्बर को मॉप-अप राउंड चलाकर दवा पिलाई जाएगी। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील प्रकाश, अपर निदेशक, लखनऊ मंडल डॉ. जी.पी. गुप्ता, वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मधु गैरोला, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. ए.पी.मिश्रा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपी लाल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान, बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु, सहयोगी संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूएनडीपी, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के प्रतिनिधि, अस्पताल के अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी, मेडिकल के छात्र और लाभार्थी मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध चला अभियान

● तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** शराब की दुकानों के आस पास और सार्वजनिक स्थलों पर मंदिरा पीने वालों खिलाफ अभियान चलाया गया। आबकारी की कई टीमों द्वारा देर रात्रि तक अभियान चलाकर कार्रवाई की गयी। अभियान में कुल 3 व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। रविवार को पुलिस आयुक्त लखनऊ एवं डीएम के निर्देशन में शराब की दुकानों के आस पास एवं सार्वजनिक स्थलों पर मदिरा पान करने और कराने वाले के विरुद्ध जनपद लखनऊ में अभियान चलाया। आबकारी की विभिन्न टीमों ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में देर रात्रि तक अभियान चलाया। ऋचा सिंह, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 2, राहुल सिंह आबकारी निरीक्षक सेक्टर 11 तथा विवेक सिंह आबकारी निरीक्षक सेक्टर 5 की टीम ने गोमतीनगर के ग्वारी चौराहे और गोमतीनगर विस्तार के लक्ष्मी मार्केट, न्यू सदर तहसील रोड पर खुले में सड़क पर पीने पिलाने वाले की विरुद्ध कार्यवाही की। शिखर मल्ल आबकारी निरीक्षक सेक्टर 6 और अभिषेक सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 ने थाना मड़ियांव और शैरपुर अंतर्गत भिटौली चुंगी, महर्षि नगर, आई आई एम रोड और छठामील आदि क्षेत्रों में पैदल गस्त ने खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ़अभियान चलाया। कीर्ति प्रकाश पांडेय आबकारी निरीक्षक सेक्टर .1 और अरविंद बघेल आबकारी निरीक्षक सेक्टर 4 की टीम ने थाना हजरतगंज अंतर्गत परिवर्तन चौक चाइना बाज़ार, लालबाग बाग़, नगर निगम कार्यालय के निकट आदि क्षेत्रों में पैदल गस्त कर खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ़ कार्यवाही की। वहीं, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 8 और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 मय स्टॉफ ने थाना नाका हिंडोला अंतर्गत चारबाग मोहन होटल रोड, चारबाग सुदर्शन सिनेमा, चारबाग स्टेशन के सामने, चारबाग टेम्पो स्टैंड आदि क्षेत्रों में पैदल गस्त कर खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ़ अभियान चलाया। अभियान में कुल 3 व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की। अन्य खुले में पीनेध्पिलाने वाले व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी भी दी जिससे उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति न हो।

## विंटेज कार रैली में पुरानी कारें बनी आकर्षण का केंद्र

● उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और अवध हेरिटेज कार क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** पर्यटन विभाग द्वारा राजधानी लखनऊ में राज्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित हेरिटेज कॉन्क्लेव आयोजित करने के एक दिन बाद रविवार को पर्यटन निदेशालय से विंटेज कार रैली का शुभारंभ किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य मुकेश कुमार मेश्राम ने पर्यटन भवन से हरी झंडी दिखाकर विंटेज कार रैली को रवाना किया। यह अनोखी रैली न केवल पुरानी कारों के शौकीनों के लिए खास रहा, बल्कि राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देने का एक प्रयास रहा।

प्रमुख सचिव ने इस अवसर पर कहा कि विंटेज कार रैली उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और अवध हेरिटेज कार क्लब की संयुक्त पहल थी। रैली



में 21 से अधिक विंटेज कार मालिकों ने हिस्सा लिया। इनमें 1928 की फोर्ड, 1923 की लाल रंग की ऑस्टिन 7 और बेबी ऑस्टिन, वोल्स्ले, 1945 की जगुआर मार्क 4, 1945 की मॉरिस माइनर, 1968 की वी.डब्ल्यू. बीटल और 1958 की फिएट स्पाइडर जैसी पुरानी कारें शामिल थीं। ये कारें जिन रास्तों से गुजरी देखने वाले देखते रह गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति उप्र. मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा, 'लखनऊ में दुर्लभ कारों का संग्रह देखकर अच्छा लगा। इतने वर्षों बाद भी विंटेज कारों को उनके मालिकों द्वारा बहुत अच्छी तरह से संभालकर रखा गया है।

यह अपनी विरासत और धरोहरों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। आने वाले समय में हमारी ओर से ऐसे और भी कार्यक्रम देखने को मिलेंगे, जो राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन को प्रोत्साहित करेंगे। महाकुंभ- 2025 हमारे लिए एक अवसर प्रदान कर रहा है, जो प्रदेश आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं आदि को राज्य की विरासत, संपत्तियों तथा कम चर्चित स्थानों की ओर आकर्षित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। गौरतलब है, उत्तर प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग राज्य के पर्यटन विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। पर्यटन विभाग ने हेरिटेज कॉन्क्लेव के अगले दिन विंटेज कार रैली आयोजित कर धरोहरों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। विंटेज कार रैली में आजादी से पहले और बाद की दुर्लभ कारों ने आधुनिकता और पुरातन का एक अद्भुत संगम पेश किया। इससे पहले, पर्यटन विभाग द्वारा विंटेज कार रैली को समर्थन देने के लिए अवध हेरिटेज कार क्लब के अध्यक्ष पी.एन.डी सिंह ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, इस आयोजन के लिए हम यूपी टूरिज्म को धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर प्रतिष्ठित फिल्म निर्देशक मुजफ्फर अली भी उपस्थित रहे। कुल 21 विंटेज कारों का यह काफिला पर्यटन निदेशालय से निकलकर रिंग रोड तिराहा, सेवा अस्पताल के रास्ते चंद्रिका देवी मोड़ से 30 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए कैप्टन फार्म, बक्शी का तालाब पहुंचा।

## एजुकेट गर्ल्स ने का 17वां स्थापना दिवस सम्पन्न

**लखनऊ।** लड़कियों की शिक्षा के लिए समर्पित एजुकेट गर्ल्स ने अपने 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर टीम बालिका स्वयंसेवकों, प्रगति प्रेरकों, कर्मचारियों, दानदाताओं और साझेदारों के साथ मिलकर विद्या के साथ, प्रगति की ओर थीम के तहत ऑनलाइन समारोह मनाया। संस्था स्थानीय सरकार और समुदाय के समर्थन के साथ साझेदारी के माध्यम से यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करती है कि सभी लड़कियां स्कूल में जाएं और अच्छी तरह से सीखें। संस्था का विद्या कार्यक्रम 6-14 वर्ष की लड़कियों पर केंद्रित है, जो औपचारिक शिक्षा प्रणाली से बाहर हैं। ऑनलाइन समारोह में संस्था की टीम बालिका स्वयंसेवकों और प्रगति प्रेरकों ने समारोह का संचालन किया। संस्था के साझेदार सुमन सिंह (संस्थापक, सखी), रमेश सरन (सचिव, उरमूल ट्रस्ट), मैत्री संस्था सहभागी रहे। संस्था के 17 वर्षों के सफर को एक विडियो के जरिए प्रस्तुत किया गया।

## सिख गुरुओं ने राम मंदिर के लिये किया था आंदोलन : गोपाल

● सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर राजेंद्र नगर स्थित भारती भवन में हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**श्रीगुरु** तेगबहादुर साहब जी के शहीदी दिवस के पावन अवसर पर रविवार को लखनऊ के राजेंद्रनगर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय भारती भवन में सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्योक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राम जन्म-भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अंतर्गत राममंदिर का कार्यभार देख रहे मुख्य अतिथि गोपाल ने कहा कि 350 साल पहले की भारत देश की परिस्थिति पर विचार करने पर पाएंगे कि उस समय हमारा धर्म और परिवार सबकुछ विदेशी आक्रांताओं के हाथ में चला गया था। उस समय पर



अपने धर्म मार्ग पर चलना एक चुनौती थी। ऐसे में सबको संगठित करने के लिये उन्हों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं हुआ। साथ ही, सिख गुरुओं ने राम मंदिर के लिये आंदोलन किया था। गुरुओं ने हमें शिक्षा दी है कि हम अपने धर्म को जीते हुये आचरण करें। अपनी आने वाली पीढ़ी को इसकी शिक्षा दें। हम एक होकर रहें। अपनी संस्कृति को अपनी अगली पीढ़ी के हृदय में स्थापित करने का संकल्प लें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब के शासनकाल की नीतियों के विरुद्ध हिंदुओं को जगाने का काम किया। एक आततायी शासक की सनातन धर्म विरोधी और वैचारिक स्वतंत्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरुद्ध समाज के सबसे शांत और अहिंसक हिंदू व्यक्ति तक का क्या दायित्व बनता है यह जानने के लिये हमें श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन को जानना चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का परिचय भी कराया। श्रीगुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस आयोजन समिति के प्रशांत भाटिया ने बताया कि शहीदी दिवस के पावन अवसर पर गत तीन वर्ष की भांति यह भव्य आयोजन इस बार भी बड़े भाव आदर सत्कार के साथ मनाया गया। भारती भवन के प्रांगण में बड़े सत्कारयोग श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में पाठ, धन धन गुरु तेग बहादुर साहब कीर्तन ने सबको मंत्रमुग्ध किया। दशमेश पब्लिक स्कूल, चढ़दी कला क्लासेस लखनऊ के बच्चों ने भी करतब दिखाए व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त गुरु तेग बहादुर साहिब पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई गयी थी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन के पश्चात लंगर का भी आयोजन किया गया। सभी अतिथियों को श्रीगुरु तेग बहादुर जी की जीवनी पर आधारित सचित्र पुस्तिका भी निःशुल्क वितरित की गयी। संयोजक निर्मल सिंह ने बताया गया कि हिंद की चादर के नाम से पूजित गुरुजी ने विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय आदर्शों, मूल्यों एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में कोई संकोच नहीं किया। अपने प्राण देकर समाज को राह दिखाने वाले गुरुजी का इस विश्व में अद्वितीय स्थान है। श्री राम जन्म-भूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष डा. अनिल व गोपाल जी, अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी समारोह समिति के संरक्षक पूज्य वैदेही वल्लभ शरण महाराज, कौशिक चैतन्य ब्रह्मचारी, सामाजिक सदस्यता विभाग के प्रांत प्रमुख राजकिशोर, राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत, अनिल अग्रवाल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, एमएलसी पवन सिंह चौहान, सरदार निर्मल सिंह, सरदार सतपाल सिंह मीत, सरदार सुरिंदर सिंह बख्शी, सरदार राजेन्द्र सिंह राजू, सरदार भूपिंदर सिंह पिंदा, सरदार कुलदीप सिंह, सरदार हरपाल सिंह जग्गी, सरदार रणबीर सिंह भसीन, सुनील कालरा, उप्र मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह, सह विभाग संघ चालक भुवनेश्वर, पूर्व विधायक सौरभ मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## फर्जीवाड़ा कर जमीन बिक्री के आरोप में तहसील कर्मियों समेत चौदह पर केस

● सोलह साल पहले बिक चुकी जमीन का फर्जीवाड़ा कर दोबारा बिक्री का है आरोप

**मोहनलालगंज।** सोलह साल पहले बिक चुकी भूमि को कुछ लोगों ने तहसील कर्मियों की मदद से फर्जीवाड़ा कर अपने नाम करा ली। आरोपियों ने फिर से जमीन बिक्री कर दी। मामले में तहसील कर्मियों समेत चौदह लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। राजधानी के गोमतीनगर निवासी रामबाबू ने बताया उनकी बेटी निहारिका सिंह ने 2007 में मोहनलालगंज तहसील के नूरपुर बेहटा में कुछ भूमि खरीदी थी। खतौनी में जमीन की दाखिल खारिज भी करा ली गई थी। रामबाबू ने आजमगढ़ निवासी राजेन्द्र निषाद पर तहसील कर्मियों की मदद से फर्जीवाड़ा कर उसी जमीन के कुछ हिस्से को अपने नाम करा लेने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है। अधिकारियों के आदेश पर मामले की जांच के बाद तहसील कर्मियों समेत 14 लोगों के विरुद्ध जालसाजी की एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मिट्टी ढुलाई कर रहे डंपरों ने चौपट कर दी लाखों की लागत से बनी सड़क

**मोहनलालगंज।** मिट्टी की ढुलाई कर रहे डंपरों ने निगोहां में लाखों की लागत से बनी सड़क चौपट कर दी है। सड़क धंसने और डंपरों से गिरी मिट्टी फैलने से क्षेत्रीय लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। जागरूक लोगों ने तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर नींद में सोए विभाग को जगाने की कोशिश की है। भावा खेड़ा से मदारी खेड़ा की ओर गई सड़क डंपरों के दिन रात आवागमन से कई जगह धंस गई है। जबकि मिट्टी फैलने से जर्जर सड़क से लोगों का आवागमन बेहद जोखिम भरा हो गया है। रविवार को कुछ जागरूक लोगों ने सड़क की तस्वीरें वायरल कर जिम्मेदार विभागों की सुस्ती पर सवाल उठाए।

## ड्राइवर को नशीला पदार्थ पिलाकर ई रिक्शा मोबाइल व रुपए लूट ले गए बदमाश

**मोहनलालगंज।** साथी को लाने के लिए ई रिक्शा बुक कराकर बेखौफ बदमाशों ने ड्राइवर को नशीला पदार्थ पिलाकर उसका ई रिक्शा समेत मोबाइल और नकदी लूटकर फरार हो गए। कई घण्टे तक ई रिक्शा ड्राइवर शराब ठेके के पास बेहोश पड़ा रहा। होश आने पर पीड़ित ड्राइवर ने वहां से गुजर रहे परिचित की मदद से परिवार को घटना की जानकारी। निजी अस्पताल में इलाज कराने के बाद पीड़ित ड्राइवर ने नगराम से लेकर मोहनलालगंज थाने तक दौड़ लगाई। लेकिन पुलिस ने खेल कर चोरी की धाराओं में उसकी एफआईआर दर्ज की।

निगोहां थानाक्षेत्र के गौतम खेड़ा निवासी हंसराज ई रिक्शा चलाकर परिवार का गुजारा करते हैं। 5 अगस्त की सुबह 10 बजे दो लोगों ने खुझौली जाने के लिए उसका रिक्शा बुक किया। खुझौली पहुंचते ही दोनों लोगों ने ज्यादा किराया चुकाने का प्रलोभन देकर ड्राइवर को चाय पिलाई और तहसील में रजिस्ट्री के लिए कुछ लोगों को लाने के लिए करोरा चलने के लिए कहा। हंसराज के मुताबिक खुझौली गौशाला के निकट उसके मोबाइल पर कॉल आई फिर वह बेहोश हो गया। शाम करीब 5 बजे हंसराज को होश आया तो वह करोरा में शराब ठेके के निकट पड़ा था। तभी वहां से एक परिचित को गुजरता देख हंसराज ने इशारा देकर उससे मदद मांगी। परिचित ने उसके परिवार को सूचना देकर घटनास्थल पर बुलाया। निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। अंधेरे तक नगराम थाने में बिठाने के बाद पुलिसकर्मी उसे मोहनलालगंज कोतवाली ले आए। यहां भी हंसराज की सारी आपबीती सुनने के बाद भी पुलिस ने किराए के रुपए व मोबाइल और ई रिक्शे की लूट का केस दर्ज करने के बजाए चोरी की एफआईआर दर्ज कर मामले को हल्का करने की कोशिश की। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पीड़ित ड्राइवर ने रास्ते में कुछ अन्य सवारियां भी बैठाई थी लेकिन वह सब खुझौली में उतर गईं। सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी बदमाश ई रिक्शा चलाते हुए दिखाई दिया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस खुलासे की कोशिश में जुटी हुई है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

### चार दिन तक लूट की घटना छिपाए रही पुलिस

ई रिक्शा ड्राइवर को नशीला पदार्थ पिलाकर लूटपाट की वारदात 5 दिसम्बर की सुबह ही अंजाम दी गई थी। लेकिन मोहनलालगंज पुलिस चार दिन तक वारदात पर पर्दा डाले रही। प्रेस नोट जारी करने वाले पुलिसकर्मियों को भी जुबान नही खोलने की हिदायत दी गई। रविवार को मीडिया को मामले की भनक लगी तो मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## भगवान से बड़ा उनका भक्त होता है:डॉ विवेक तांगड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**त्रिदिवसीय** वानरेश्वर कथा के तीसरे व अंतिम दिन पक्का पुल स्थित लेटे हनुमान जी मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ विवेक तांगड़ी ने कलयुग में हनुमान जी को जीवन में शांति व प्रगति प्राप्त करने का सबसे बड़ा साधन बताया। उन्होंने कहा कि भगवान से बड़ा उनका भक्त होता है। वीरवर हनुमान जी ने प्रभु राम की भक्ति में सर्वस्व न्योछावर किया। गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में आयोजित वानरेश्वर कथा के अंतिम दिन अपनी डॉ तांगड़ी ने प्रभु राम के प्रति हनुमान जी आस्थाए कर्तव्यनिष्ठा और सहयोग व सामंजस्य की भावना को संगीत में पिरो कर सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। कथा मध्य मधुर संगीत के बीच भजनों ने श्रोताओं को भक्ति में सराबोर किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ पंकज सिंह भदौरियाए पूर्व आईपीएस डॉ आरकेएस राठौरए पंकज श्रीवास्तवए पूर्व उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा ललिता प्रदीप, निर्मल सिंह, ऋद्धि गौड़, मनीष शर्मा, अमित शर्मा सिद्धू, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत व छात्रवृत्ति का तोहफा

● प्ले वे एकेडमी इंटर कॉलेज ने मनाया वार्षिकोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्ले वे** एकेडमी इंटर कॉलेज, गोमती नगर में 8 दिसंबर 2024 को धूमधाम से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मचों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम का उद्घाटन अमित कुमार शुक्ला, अध्यक्ष, डॉ. अजय कुमार शुक्ला, प्रोफेसर एवं डिप्टी मैनेजर और अनिल कुमार शुक्ला, प्राचार्य, ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला ने कहा कि प्ले वे एकेडमी इंटर कॉलेज में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्रवृत्ति पुरस्कारों का वितरण छात्रों के कल्याण और मदद के उद्देश्य से किया गया। इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है जो अपनी शिक्षा में उत्कृष्टता दिखा रहे हैं, लेकिन उनके पास शिक्षा जारी रखने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। यह छात्रवृति उन्हें उनके सपनों को साकार करने और बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए मददगार साबित होगी।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें कक्षा 9, 10 और 12 के बच्चों ने आकर्षक ढंग से माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके बाद स्वागत गीत के साथ कक्षा 2 और 3 के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप ने आयी गिरी नंदनी डांस और मल्हारी सॉन्ग डांस ने दर्शकों का दिल छू लिया। कक्षा 8 के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रभावशाली नाटिका प्रस्तुत की। इस वर्ष का एक खास आकर्षण था बच्चों द्वारा प्रस्तुत आदियोगी गाने पर आधारित योगा डांस, जिसे प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने गाया है।

इस प्रदर्शन में बच्चों ने योगा और नृत्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, आदियोगी की गहरी और आध्यात्मिक धुन के साथ उन्होंने विभिन्न योगासन और भावनाओं को नृत्य के रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति ने सभी को योग की शांति और मानसिक सशक्तिकरण का अहसास कराया। बच्चों ने बेहद सटीकता और समर्पण के साथ इसे प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने बेहद सराहा। इसके अलावा, कक्षा 9 की एक छात्रा ने शानदार सोनो सॉन्ग परफॉर्मेंस दिया। इस अद्भुत गायन ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया और उनकी आवाज में अभिव्यक्त की गई भावनाओं ने पूरे मंच को जीवंत बना दिया। कालेज निदेशक अनिल कुमार शुक्ला जी ने छात्रों को इस सम्मान के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परम संत डॉ. श्रीकृष्ण नाल भटनागर मेमोरियल अवॉर्ड कक्षा 6 की पलक यादव और कक्षा 6 की निहारिका सिंह को प्रदान किया गया। परम संत डॉ. श्याम लाल सक्सेना मेमोरियल अवॉर्ड कक्षा केजी के अरुण यादव और कक्षा 5 की पलक शर्मा को प्रदान किया गया। परम संत डॉ. आर. के. सक्सेना मेमोरियल अवॉर्ड कक्षा 2 के हार्दिक जोशी और कक्षा 6 के अशुतोष राव को प्रदान किया गया। सुधा सक्सेना मेमोरियल अवॉर्ड कक्षा 4 के आयुष्मान यादव और कक्षा 9 की नैन्सी यादव को प्रदान किया। डॉ. वी. के. सक्सेना मेमोरियल स्कॉलरशिप कक्षा 4 की लक्ष्मी व कक्षा 9 के अशुतोष त्रिपाठी को प्रदान की गई। और डॉ. वी. के. सक्सेना मेमोरियल अवॉर्ड कक्षा 2 के प्रतीक द्विवेदी को प्रदान किया गया। फाउंडर मैनेजर अशोक कुमार शुक्ला मेमोरियल स्कॉलरशिप कक्षा 7 की सौम्या त्रिपाठी, कक्षा 3 के अनुज और कक्षा 10 के रुद्र प्रताप को प्रदान की गई। फाउंडर मैनेजर अशोक कुमार शुक्ला मेमोरियल अवॉर्ड कक्षा 8 के प्रेम को प्रदान किया गया। डॉ. योगेंद्र प्रताप मेमोरियल अवॉर्ड कक्षा 7 की प्रजा पांडे और कक्षा 3 के अमन यादव को प्रदान किया गया। उमा यादव मेमोरियल अवॉर्ड कक्षा 6 के देव पाठक और नर्सरी के दिव्यांश को प्रदान किया गया।

# रोहिंग्या पर राजनीति गरम, आप ने भाजपा से पूछे सवाल



● भाजपा ने घुसपैठियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सुरक्षा व अन्य सुविधाएं देकर बसाया : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव से पहले रोहिंग्या का मुद्दा गरमाने लगा है। इस मुद्दे पर भाजपा और आम आदमी पार्टी में आरोप -प्रत्यारोप तेज हो गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आतिशी, आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह, मंत्री गोपाल राय और मनीष सिसोदिया ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के एक ट्वीट को लेकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रोहिंग्या को ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सुरक्षा व सारी सुविधाएं देकर बसाया, सामने से नफरत फैलाओ और पीछे से रोहिंग्या को बसाओ, यही है भाजपा की गंदी और धोखेबाज राजनीति है।

आतिशी, संजय सिंह, गोपाल राय और मनीष सिसोदिया समेत कई नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का 17 अगस्त 2022 के एक ट्वीट को रीट्वीट कर भाजपा पर पलटवार किया है।

पार्टी के नेताओं ने भाजपा को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत दी है और कहा है कि भाजपा नेता अपने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का ट्वीट पढ़ ले, ताकि उसे पता चल जाए कि दिल्ली अंदर रोहिंग्या को किसने लाया और किसने बसाया है। सिसोदिया ने एक्स पर पुरी का ट्वीट इस बात का सबूत है कि दिल्ली में रोहिंग्या को लाने और बसाने की साजिश भाजपा ने खुद रची। इन्हीं लोगों ने उन्हें ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सुरक्षा और सभी सुविधाएं देकर यहां बसाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों को गुमराह करना बंद करो, आपकी दोहरी चालें अब नहीं चलेंगी।

उल्लेखनीय है कि 17 अगस्त 2022 को केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने ट्वीट कर कहा है कि भारत ने हमेशा उन लोगों का स्वागत किया है जिन्होंने देश में शरण मांगी है। एक महत्वपूर्ण फैसले में सभी रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स में शिफ्ट किया जाएगा।

उन्हें बुनियादी सुविधाएं, यूएनएचसीआर आईडी और 24 घंटे पुलिस की सुरक्षा दी जाएगी। आतिशी ने एक्स कर कहा कि भाजपा वालों को केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाने की इतनी जल्दी थी कि उन्हें यह याद नहीं रहा कि रोहिंग्या को कौन लाया, किसने बसाया, कहां बसाया, लेकिन सच्चाई सामने आ ही जाती है और आज दिल्ली वालों के सामने सच्चाई पूरी के इस ट्वीट से आ गई है। संजय सिंह, आप सांसद राघव चड्ढा, संदीप पाठक गोपाल राय ने कहा कि पुरी ट्वीट पढ़ने से पता चल जाएगा कि रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया।



## ऑटो चालकों से सिसोदिया ने किया संवाद

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को बुराड़ी विधानसभा में ऑटो चालकों से संवाद किया। इस दौरान ऑटो चालकों ने कहा कि आप सरकार ने हमारी कई तरह की फीस माफ कर दी और कोराना के दौरान भी सभी ऑटो चालकों को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। इस अवसर पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि ऑटो चालक सिर्फ सवारी नहीं ढोते, बल्कि लोगों के सपने, जरूरतें और जिम्मेदारियां अपनी गाड़ी में बिठाकर मंजिल तक पहुंचाते हैं। सभी ऑटो वाले केजरीवाल को फिर मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं, क्योंकि उन्होंने न सिर्फ वादे किए, बल्कि काम करके दिखाया है। मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आज बुराड़ी मैदान में ऑटो रिक्शा चालकों के साथ संवाद किया। सिसोदिया ने इस अवसर पर ऑटो चालकों के संस्मरणों का साझा किया। ऑटो चालकों से संवाद करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल के दिल में ऑटो वालों के लिए बहुत स्थान है और ऑटो वालों के दिल में भी केजरीवाल जी के लिए बहुत बड़ा स्थान है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुझे याद है दिल्ली का वित्त मंत्री होने के नाते मेरे पास फाइलें आती थीं। सरकार में अगर किसी का एक रुपया भी माफ करना हो तो उस कागज पर साइन करने के लिए अधिकारियों के पसीने छूटते हैं। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लाख रुपए भी माफ करना पड़े तो किया जाएगा। बात फीस की नहीं है, बल्कि इसे जमा कराने के लिए ऑटो वालों को खूब धक्के खाने पड़ते थे। वो सारी चीजें खत्म कर दी गई हैं। सिसोदिया ने कहा कि आपके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं तो केजरीवाल जी उसके लिए काम कर रहे हैं। आपके माता-पिता तीर्थ यात्रा पर जाना चाहते हैं तो केजरीवाल जी उसके लिए काम कर रहे हैं।

## अवैध घुसपैठियों के वोट कटवाने से घबराए केजरीवाल : सचदेवा

● भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, दिल्ली की बदहाली की मुद्दे से भटकाकर कर रहे अनर्गल बयानबाजी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की जब से भाजपा ने अवैध रूप से भारत में घुसे रोहिंग्या एवं बंगलादेशियों के वोट कटवाने और उन्हें भारत से खदेड़ने का अभियान चलाया है तब से अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी के अन्य नेता घबराकर अनर्गल बयानबाज़ी करके दिल्ली की बदहाली के मूल मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने में लगे हैं। सचदेवा ने कहा है की खुद को शिक्षित बताने वाले अरविंद केजरीवाल एवं उनके साथी 2022 में केन्द्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी द्वारा किए एक एक्स पोस्ट (ट्वीट) का हवाला देकर कह रहे हैं की 2022 में उन्होने रोहिंगिया को बसाने की बात की थी जबकि केंद्रीय मंत्री ने कानूनी रिफयूजियों को बसाने की बात कही थी ना की अवैध घुसपैठियों की।

आम आदमी पार्टी ने यह रोहिंग्या घुसपेठियों के ट्वीट का मुद्दा 2022 में भी उठाया था हमने तब भी कहा था आज भी कहेंगे रिफयूजी अलग बात है पर घुसपैठियों को फ्लैट में नही डिटेंशन कैम्प में रखा जाता है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की किसी भी देश में कानूनी रूप से शरण लेने वाले व्यक्ति को सम्बंधित देश की सरकार संरक्षण देकर उनके पुनर्वास का काम करती है। दिल्ली की समस्या कानूनी रिफयूजियों को संरक्षण या उनका पुनर्वास नही है बल्कि अकले दिल्ली या उत्तर प्रदेश ही नही उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं झारखंड तक में आ बसे लाखों रोहिंग्या एवं बंग्लादेशी हैं।

यह अवैध रूप से आ बसे लाखों घुसपैठिए दिल्ली ही नही देश के अनेक राज्यों का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ रहे हैं और दिल्ली एवं अन्य शहरों में क्राइम की स्थिती बिगाड़ रहे हैं।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की मै अरविंद केजरीवाल को रोहिंग्या एवं बंगलादेशी घुसपैठियों से हो रहे नुकसान पर सार्वजनिक बहस की चुनौती देता हूं, आईये कनाट प्लेस के सेंट्रल पार्क में खुली बहस करते हैं।

## आप और भाजपा जनता को दिल्ली के मुद्दों से गुमराह करने में जुटीः देवेंद्र यादव

● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने रोहिंग्या शरणार्थियों के मामले को लेकर दोनों दलों पर साधा निशाना



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी हमेशा चुनावों से पहले मुख्य मुद्दों से दिल्लीवालों को गुमराह करने का काम करती है। इसी क्रम में 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जमीन से जुड़ी समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए दोनों पार्टी रोहिंग्या शरणार्थियों के मुद्दे को उठा कर अपनी नाकामियों और विफलता को छिपाने की कोशिश कर रही हैं।

कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव ने कहा, पिछले 11 वर्षों में भाजपा और आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार कुशासन और जनता की अनदेखी से दिल्ली बर्बाद हो गई है और दोनो दलों ने कभी दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थियों की घुसपैंठ अथवा उनको बसाने संबधी किसी तरह की बयान खुलकर सामने नही आई थी।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने टीवी इंटरव्यू में खुलेआम यह कहा कि दिल्ली में हमने रोहिंग्या शरणार्थियों को नही बसाया, लेकिन वो इसकी जवाबदेही भी नही देते कि कैसे रोहिंग्याओं के सरकारी दस्तावेज तैयार हुए। भाजपा और आप दोनो सरकारों के द्वारा ही इनके दस्तावेज बने और इन्हें ईडब्लूएस फ्लैट, सुरक्षा और सुविधाएं देने का मामला भी है। उन्होंने कहा, जहांगीरपुरी, खजूरी, औखला, सीलमपुर, सहित कई क्षेत्रों में अधिकतर बसे रोहिंग्या है, जिनको आम आदमी पार्टी ने सुविधाएं मुहैया करावायी है। अब आम आदमी पार्टी अपनी जवाबदेही से भाग नही सकती है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी जनता की रोजी रोटी की समस्या, महंगाई, बेरोजगारी, गंदा पानी, दुगनी चौगुनी दरों पर महंगी बिजली, प्रदूषण से कम होती लोगों की सांसे, जल प्रदूषण के यमुना में जल प्रदूषण, भ्रष्टाचार, टूटी सड़कों, बहते सीवर, गंदगी, बदहाल शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था और ध्वस्त कानून व्यवस्था को नजरअंदाज करके दोनो दल चुनावों से ठीक पहले भ्रमित करने के लिए रोहिंग्या शरणार्थियों का मुद्दा उठा रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान 30 दिनों तक जनता के बीच रहकर जनता की परेशानियों, दुख दर्द को सुनकर भाजपा और आम आदमी पार्टी सरकारों की असलियत का पता चला कि दोनो ने सिर्फ खोखले वादे और घोषणाएं करने के अलावा कुछ नही किया।

# मुफ्त की रेवड़ी पर रायशुमारी कर रही आप

● किया दावा- 99 फीसदी लोग चाहते हैं कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, तीर्थयात्रा समेत अन्य सुविधाओं से खुश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव को कुछ ही महीने शेष रह गए हैं। इसके मद्देनजर आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस पूरी ताकत से तैयारियों में जुटी हैं। सत्ताधारी दल के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यात्राएं कर रहे हैं।

वहीं उनकी आम आदमी पार्टी ने मुफ्त की रेवड़ी अभियान शुरू सभी विधानसभा सीटों पर रेवड़ी पर चर्चा सभा कर रही है। आप ने दावा किया कि है कि हर दिन छोटी-बड़ी 2 हजार रेवड़ी पर चर्चा सभा हो रही। जिसमें जनता केजरीवाल की मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा और बसों के सफर से बेहद खुश हैं। इसके अलावा 18 साल से अधिक उम्र की हर महिला को हजार रुपए महीना देने का ऐलान किया है। यह सरकार की सातवीं रेवड़ी होगी। यह रेवड़ी महिलाओं को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से दी जाएगी। जनता मुफ्त की छह रेवड़ियां जारी रखने के पक्ष में है, साथ ही वह खुले मन से कह रही है कि फिर लाएंगे केजरीवाल। रेवड़ी पर चर्चा के दौरान जनता से मिल रहे फीडबैक को भी अरविंद केजरीवाल तक पहुंचाया जा रहा। जिससे भविष्य की योजनाओं को बनाने में मदद मिल सके। आम आदमी पार्टी के अनुसार, पार्टी ने पिछले दस सालों में गरीब आम आदमी की जरूरतों पर सबसे ज्यादा फोकस किया है। एक आम आदमी का जीवन स्तर कैसे बेहतर हो ताकि वह भी सम्मान के साथ जीवन जी सके और उसके ऊपर कम से कम आर्थिक बोझ पड़े। इसके मद्देनजर आप की सरकार ने सबसे पहले हर महीने 200 यूनिट बिजली और 20 हजार लीटर पानी मुफ्त देने का ऐलान किया। इससे एक गरीब आदमी को काफी सहूलियत मिली। उसकी हर महीने अच्छी खासी बचत होने लगी और जनता ने सरकार के इस फैसले को जमकर सराहा। 99 फीसद लोग चाहते हैं यह सारी सुविधाएं जारी रहें।

जनता से मिले शानदार फीडबैक से उत्साहित आप सरकार ने केजरीवाल के नेतृत्व में पूरी ईमानदारी से काम करते हुए एक-एक पैसा बचाया और फिर सरकारी स्कूलों और अस्पतालों पर काम शुरू किया।

## लोगों के वोट कटवा रही भाजपा : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक षडयंत्र के तहत आप के समर्थकों के वोट कटवाने पर भाजपा पर जमकर हमला किया। केजरीवाल ने मीडिया द्वारा शाहदरा विधानसभा के आंबेडकर कैंप समेत अन्य इलाकों में रह रहे लोगों से बातचीत की वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा चोरी-छुपे चुन-चुनकर लोगों के वोट कटवा रही है। भाजपा बेईमानी से दिल्ली का चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। भाजपा के बीएलए की शिकायत पर शाहदरा के एक ही इलाक़े के 300 से ज़्यादा लोगो के वोट काट दिए गए ।

## जनता को भ्रमित करने की कोशिश : विजेंद्र

● नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 2018 में भी 30 लाख वोटों को काटने का लगाया था झूठा आरोप



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल हर चुनाव से पहले जनता को भ्रमित करने का पुराना शुरू कर दिया है। वर्ष 2018 में उन्होंने 30 लाख वोट काटने का झूठा आरोप लगाया था और अब 2024 में भी वही राग अलाप रहे हैं।

सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर जारी केजरीवाल की पोस्ट पर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि फर्जी वोटों के नाम पर हल्ला मचाना और जनता को गुमराह करना केजरीवाल की पुरानी फितरत बन चुकी है। दिल्ली की जनता उनके झूठे आरोपों और नाटकबाजी से भली-भांति परिचित हो चुकी है। हर चुनाव से पहले केजरीवाल का यह दोहरा-चरित्र और चेहरा उजागर हो जाता है, जिसका उद्देश्य केवल अपनी विफलताओं से ध्यान हटाना और सहानुभूति बटोरना है। दिल्ली जनता केजरीवाल सरकार की विफलताओं, भ्रष्टाचार, और जनविरोधी नीतियों का सामना कर रही है। इस सरकार ने न तो शिक्षा के क्षेत्र में वादों को पूरा किया और न ही जनता को स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कोई ठोस योजना बनाई। गुप्ता ने खुलासा किया कि भाजपा पर वोट काटने का आरोप लगाने वाली आम आदमी पार्टी ने उनके विधानसभा क्षेत्र रोहिणी के रजापुर गांव, नाहरपुर गांव और सूरज पार्क में 5 हजार फर्जी वोट बनवाने की कोशिश की।

## प्रशिक्षु आईपीएस ने शिक्षक सिर पर कांच से किया हमला, मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कापसहेड़ा इलाके में एक शादी समारोह में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक शिक्षक के बीच झगड़ा हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना छह दिसंबर को हुई और इसके बाद दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई।

राजेंद्र नगर निवासी और सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले शिक्षक विकास धयाल ने बताया कि प्रशिक्षु अधिकारी ने उनके सिर पर कांच से वार किया। अधिकारी की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, हम पूरी घटना की सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। शुरुआत में हमें पता चला कि दो लोगों के बीच कुछ विवाद हुआ था और उनमें से एक ने दूसरे पर कांच से हमला कर दिया। हमें दो अलग-अलग शिकायतें मिली हैं।

दोनों शिकायतों की जांच की जा रही है। धयाल ने एक्स पर कथित मारपीट की घटना का एक वीडियो साझा किया, जिसमें खून से सने उनके चेहरे और कपड़ों की तस्वीरें भी शामिल थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने पहले प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया और जब उनका पोस्ट वायरल हो गया, तब हरकत में आई।

**गोविंदपुरी में शौचालय विवाद में हुई थी हत्या**

## मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजन को दी सांत्वना



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गोविंदपुरी में एक साझा शौचालय में पानी न डालने पर हुई हिंसक झड़प में मारे गए व्यक्ति के परिजन से मुलाकात की। आतिशी ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनके प्रति संवेदना व्यक्त की और शहर में सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की।

आतिशी ने एक्स पर लिखा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार के पास दिल्ली में सिर्फ कानून-व्यवस्था को संभालते हुए दिल्लीवालों को सुरक्षा देने का एकमात्र काम है लेकिन वे इसमें पूरी तरह नाकाम रही है, कानून-व्यवस्था को पूरी तरह खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, दिल्ली में गोलीबारी, हत्याएं, फिरौती रोजमर्रा की बात हो गई है। अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं है। लोग न तो घर के बाहर, न ही घर के अंदर सुरक्षित है। मेरी भाजपा शासित केंद्र सरकार से अपील है कि वह कानून- व्यवस्था को संभाले, वरना सभी दिल्लीवाले उसे सबक सिखाएंगे।

## आग से परिवार के छह लोग झुलसे

● नरेला के शनि बाजार में दो मंजिला मकान में हुआ हादसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के नरेला में दो मंजिला मकान की छत गिरने के बाद लगी आग में एक परिवार के छह लोग झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनि बाजार इलाके में सुबह करीब सात बजे उस समय हुई, जब परिवार के लोग कथित तौर पर खाना बना रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आग लगने के कारण परिवार के सदस्य झुलस गए।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया, हमें सुबह सात बजकर 53 मिनट पर नरेला के शनि बाजार इलाके में आग लगने और इमारत गिरने की सूचना मिली। दमकल की दो गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि डीडीए जनता फ्लैट की छत गिरने से पीएनजी गैस की पाइप लाइन टूट गई और आग लग गई, जो पूरे घर में फैल गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राजू (40), उनकी पत्नी राजेश्वरी (35), बेटा राहुल (18) और तीन बेटियां मोहिनी (12), वर्षा (पांच) और माही (तीन) रसोई में थे कि तभी छत गिर गई और वे मलबे के नीचे दब गए।

उन्होंने बताया कि आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले पड़ोसी घायलों की मदद के लिए मौके पर पहुंच गए थे। अधिकारी ने बताया, शुरुआत में हमें एनआईए थाना क्षेत्र में सिलेंडर विस्फोट के बारे में सूचना मिली थी। मामले की सूचना दिल्ली अग्निशमन सेवा को दी गई और टीमें मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने शुरू में आशंका जताई थी कि सिलेंडर विस्फोट के कारण यह इमारत ढह गई हालांकि, गहन निरीक्षण के बाद पुष्टि हुई कि कोई विस्फोट नहीं हुआ था।

# दिल्ली सरकार ने बेघरों के लिए तैयार किए 235 टेंट

● शीतकालीन योजना के तहत किया जा रहा है कार्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) ने बेघर लोगों को सर्द रातों में आश्रय मुहैया कराने के लिए 235 पैगोडा टेंट तैयार किए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली सरकार की 15 नवंबर को जारी की गई शीतकालीन कार्य योजना 2024-25 के अनुसार कुल 250 टेंट लगाए जाने हैं। शेष 15 टेंट आपात स्थिति में लगाए जाएंगे। एक अधिकारी ने कहा, प्रत्एक टेंट में गद्दे, कंबल, शौचालय और स्वास्थ्य जांच सेवाओं जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, साथ ही दिन में तीन बार भोजन भी मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा, सुरक्षा उपाय के तहत प्रत्येक टेंट के लिए तीन गार्ड नियुक्त किए गए हैं जो आठ घंटे की पाली में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इन टेंट में रहने वाले बेघरों के लिए गीजर जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। दिल्ली में शनिवार को तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया और इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार को शहर में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और दिन में बारिश होने का अनुमान है। डीयूएसआईबी पहले से ही राष्ट्रीय राजधानी में 197 आश्रय स्थल संचालित कर रहा है, जिनकी कुल क्षमता 7,092 लोगों की है। अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त टेंट के साथ, क्षमता और भी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा, सरकार ने 15 नवंबर 2023 से 15 मार्च 2025 तक इस पहल के कार्यान्वयन के लिए तीन करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। योजना के तहत सोशल मोबिलाइजेशन एजेंसी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से 16 बचाव दल बनाए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया, ये दल रोजाना रात 10 बजे से सुबह चार बजे तक काम करेंगे और खुले स्थानों या सड़क किनारे सो रहे लोगों को रैन बसेरों तक लाएंगे। उन्होंने बताया कि जरूरत के हिसाब से अस्पतालों तक भी पहुंचाएंगे। लोग रैन बसेरा मोबाइल ऐप पर तस्वीरें डालकर बेघर लोगों के बारे में अधिकारियों को सूचित कर सकते हैं। यह ऐप तत्काल सहायता के लिए ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) के माध्यम से उस स्थान का पता लगाने में मदद करेगा जहां बेघर व्यक्ति है। अधिकारी ने कहा, डीयूएसआईबी के सीईओ के नेतृत्व में एक संयुक्त समिति योजना के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य, नगर निगमों और पुलिस सहित विभिन्न विभागों के बीच समन्वय कर रही है।

## घर से पांच लाख की चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के एक घर से 5.5 लाख रुपए की चोरी करने के आरोप में 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि वजीरपुर के भरत नगर इलाके में स्थित एक घर में इस अपराध को अंजाम दिया गया। आरोपी ने शादी के लिए रखी नकदी और कीमती सामान की चोरी की थी जिसकी वजह से शादी रद्द करनी पड़ी। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि अरुण आदतन अपराधी है और उसे वजीरपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह मामला 26 नवंबर को सामने आया था जब शिकायतकर्ता ने चोरी की सूचना दी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपनी बहन की शादी के लिए 5.5 लाख रुपए बचाकर कर रखे थे।

## 2,500 किलोमीटर तक पीछा करके तस्कर को दबोचा

● साइबर धोखाधड़ी के लिए युवाओं की विदेश में करते थे तस्करी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने युवाओं की तस्करी करके उन्हें साइबर धोखाधड़ी से जुड़े फर्जी कॉल सेंटरों में काम करने के लिए मजबूर करने में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने दावा किया कि लगातार 2,500 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) मनोज सी ने कहा, 2,500 किलोमीटर की लंबी दूरी तक पीछा करने के बाद हैदराबाद से कामरान हैदर उर्फ जैदी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, 27 मई को नरेश लखावत नामक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में एक मामला दर्ज किया गया था, जिन्होंने कहा था कि वह नौकरी की तलाश कर रहे थे, इस दौरान उन्हें अली इंटरनेशनल सर्विस के बारे में पता चला, जो कंसल्टेंसी फर्म है।

कंपनी ने उन्हें थाईलैंड और लाओस में नौकरी की पेशकश की और अंततः थाईलैंड भेज दिया। लेकिन जब वह वहां पहुंचे, तो उनका पासपोर्ट छीन लिया गया और उन्हें एक चीनी कंपनी के लिए काम करने को मजबूर किया गया।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 9 दिसंबर, 2024



# महाकुम्भ में नेत्र रोगियों को मिलेगी विशेष सुविधा

- मेला क्षेत्र के सेक्टर छह में स्थापित हो रहा नेत्र कुम्भ
- नेत्र कुम्भ में आने वाले मरीजों को ऑपरेशन के लिए रेफर कर सकेंगे डॉक्टर्स
- महाकुम्भ से लौटकर किसी भी अस्पताल में करा सकेंगे निशुल्क ऑपरेशन
- 5 लाख मरीजों की नेत्र जांच और 3 लाख चश्मा वितरण कर नेत्र कुम्भ बनाएगा रिकॉर्ड
- प्रतिदिन 40 डॉक्टर्स की टीम रहेगी मौजूद

**मनीष द्विवेदी।** प्रयागराज

**महाकुम्भ नगर।** तीर्थराज प्रयागराज में संगम के पावन तट पर 13 जनवरी से शुरू हो रहे दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुम्भ में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगाने के लिए जुटने वाले हैं। योगी सरकार की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के साथ ही उनके स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

महाकुम्भ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के आंखों के स्वास्थ्य को लेकर भी यहां नेत्र कुम्भ की स्थापना की जा रही है। नौ एकड़ में बन रहे इस नेत्र कुम्भ में पहली बार एक साथ पांच लाख से ज्यादा लोगों की आंखों की जांच और तीन लाख चश्मों के वितरण का दावा किया गया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां जांच कराने वाले ऐसे नेत्र रोगियों को जिन्हें ऑपरेशन की आवश्यकता है उन्हें उनके घर के पास स्थित नेत्र चिकित्सालय में निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इसके लिए नेत्र कुम्भ की ओर से देश भर के 150 से ज्यादा अस्पतालों के साथ करार किया गया है। यानी रोगी अपनी आंखों की जांच महाकुम्भ में आकर कराएंगे और ऑपरेशन अपने घर जाकर करा सकेंगे। नेत्र कुम्भ आयोजन समिति के अध्यक्ष और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक कवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस महाकुम्भ में पहली बार यह व्यवस्था की जा रही है कि डॉक्टर्स जिस मरीज को भी ऑपरेशन के लिए रेफर करेंगे वह अपने जिले या घर के करीब स्थित अस्पताल में जब चाहे ऑपरेशन करा सकता है।

ऐसे मरीजों को डॉक्टर निरीक्षण के बाद एक एक रेफरल कार्ड देंगे। जिसकी एक कॉपी संबंधित अस्पताल को जाएगी और दूसरी कॉपी नेत्र कुम्भ के आयोजक संस्था सक्षम के कार्यकर्ता को जाएगी। इसके बाद सक्षम कार्यकर्ता या मरीज कोऑर्डिनेट करके अपने रहने के स्थान पर सुविधानुसार निशुल्क ऑपरेशन सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मरीजों के ऑपरेशन के लिए देश भर के 150 छोटे बड़े अस्पतालों को इम्पैनल किया गया है। संबंधित मरीज मेले के दौरान या मेले के बाद भी इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। अनुमान है कि नेत्र कुम्भ से 50 हजार लोगों को ऑपरेशन कार्ड प्रदान किए जा सकते हैं।

### योगी सरकार की पहल, मरीजों की इंटेंसिव केयर में भी मददगार बनेगी एआई

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए इस बार बेहद हाईटेक इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप स्वस्थ महाकुम्भ और डिजिटल महाकुम्भ के सपने को साकार करने के लिए इस बार कई क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीसेंज एआई का उपयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में मेला क्षेत्र में बन रहे अस्पतालों के आईसीयू में भी पहली बार हाईटेक एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है।

यह एआई मैसेजंग फ्लो सिस्टम देश या विदेश के किसी भी कोने से आने वाले रोगी की बात समझकर डॉक्टर को समझा सकता है। यही नहीं इसके अलावा आईसीयू में भर्ती किसी मरीज की हालत खराब होने की स्थिति में यह तत्काल डॉक्टर्स को अलर्ट भेजकर चिकित्सा इंतजाम सुनिश्चित करने की सुविधा प्रदान करेगा। महाकुम्भ में इस तरह की टेक्नोलॉजी का पहली बार इस्तेमाल किया जा रहा है। जो सीएम योगी के डिजिटल और स्वस्थ महाकुम्भ के विजन के अनुरूप है। महाकुम्भ में करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं की आमद को लेकर मेला क्षेत्र में युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। श्रद्धालुओं से लेकर साधु संतों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सौ बेड के केंद्रीय अस्पताल के साथ ही झूंसी और अरैल समेत पूरे मेला क्षेत्र में दस और अस्पताल तैयार किए जा रहे हैं। अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की जा रही है। सीएम योगी की मंशानुरूप महाकुम्भ के माध्यम से उत्तर प्रदेश की छवि को विश्व पटल पर आदर्श तरीके से प्रस्तुत करने के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी तमाम नए प्रयोग किए जा रहे हैं। पहली बार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए एआई का उपयोग किया जा रहा है। अस्पताल के आईसीयू में इसका उपयोग महत्वपूर्ण होगा। जो मरीजों और डॉक्टरों के बीच मीडिएटर की तरह काम करेगा। नोडल चिकित्सा स्थापना महाकुंभ मेला डॉ गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भ नगर में सेंट्रल हॉस्पिटल के दस बेड वाले आईसीयू में श्रद्धालुओं को यह सुविधा मिलेगी।

## भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है योगः राज्यमंत्री



**सोनभद्र।** धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान ने अपने द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की भव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। क्लब नंबर 4, ओबरा में आयोजित इस महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों योग प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के मुख्य संरक्षक रमेश सिंह ने बताया कि धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक के नेतृत्व में यह संस्थान पिछले 5 वर्षों से योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति के साथ साथ अन्य सामाजिक कार्य भी कर रहा है। साथ ही संस्थान समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से संस्थान ने सोनभद्र के आदिवासी और अति पिछड़े क्षेत्रों में योग के प्रति जागरूकता फैलाई है। योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक का मानना है कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। धनवंतरी पतंजलि योग संस्थान द्वारा आयोजित योगासन खेल प्रतियोगिता योग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## जलालपुर में डीएम ने सुनी जनता की फरियादें, दिये निवारण के निर्देश



**अंबेडकरनगर।** शासन के मंशानुसार जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्ता परक निस्तारण सुगमता से सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को सभी तहसीलों में जिलाधिकारी एवं अन्य उच्चाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में आज तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जहां पर जिलाधिकारी ने एक-एक करके प्रत्येक फरियादी की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान कुछ मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्ता परक निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील जलालपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कृषि, सिंचाई, राजस्व, पेंशन, शिक्षा, विकास, नलकूप, पुलिस, विद्युत आदि विभागों से सम्बन्धित कुल 100 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## अस्मिता की रक्षा हेतु संगठित रहना आवश्यकः अभिषेक आत्रेय

- समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता विषय पर बोले न्यायमूर्ति डॉ शेखर कुमार यादव

**संवाददाता।** प्रयागराज




**विश्व** हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ काशी प्रांत एवं उच्च न्यायालय इकाई का प्रांतीय अधिवेशन रविवार को हाईकोर्ट स्थित पुस्तकालय हाल में आयोजित हुआ। विहिप कार्यशाला चार सत्रों में आयोजित हुई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विधि प्रकोष्ठ विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय सह संयोजक अभिषेक आत्रेय ने वक्फ संशोधन अधिनियम विषय पर विस्तृत जानकारी विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं को दी।

उन्होंने कहा कि बंगला देश में दूसरा कश्मीर दिखता है। अश्मिता को बचाए रखने के लिए हम सभी को संगठित रहना होगा। अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश सरकार के शासकीय अधिवक्ता ए के संड ने अध्यक्षीय भाषण में अपना उद्बोधन दिया। कहा कि बोर्ड ने अधिक तादाद में विभिन्न संगठनों की भूमि को बोर्ड के नाम कर लिया है। क्षेत्रीय संयोजक विधि प्रकोष्ठ बृजेंद्र सिंह ने विधि प्रकोष्ठ के गठन से संबंधित विषय पर अपना अनुभव देते हुए सभी का मार्गदर्शन किया और कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की।

हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और बार के पूर्व अध्यक्ष वी पी श्रीवास्तव ने धर्मांतरण कारण और निवारण विषय पर अपना अनुभव साझा किया। वहीं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ शेखर कुमार यादव ने समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समान नागरिक संहिता विषय पर व्याख्यान देते हुए अधिवक्ताओं को संबोधित किया। न्यायामूर्ति डा शेखर कुमार यादव ने कहा कि समानता न्याय और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों पर आधारित समान नागरिक संहिता भारत में लंबे समय से एक बहस का मुद्दा रहा है। एक समान नागरिक संहिता एक ऐसे सामान्य कानून को संदर्भित करता है जो व्यक्तिगत मामलों जैसे विवाह विरासत तलाक गोद लेने आदि में सभी धार्मिक समुदायों पर लागू होता है।

इसका उद्देश्य विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों को प्रतिस्थापित करना है जो वर्तमान में विभिन्न धार्मिक समुदायों के भीतर व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करते हैं। यूसीसी का मुख्य उद्देश्य विभिन्न धर्मों और समुदायों पर आधारित असमान कानूनी प्रणालियों को समाप्त करके सामाजिक सद्भाव लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। इस संहिता का लक्ष्य न केवल समुदायों के बीच बल्कि एक समुदाय के भीतर भी कानूनों की एकरूपता को सुनिश्चित करना है।

काशी प्रांत विधि प्रकोष्ठ के संयोजक अधिवक्ता अरविंद कुमार मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। विधि प्रकोष्ठ विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के अधिवेशन में जौनपुर सुल्तानपुर प्रतापगढ़ अमेठी प्रयागराज कौशांबी भदोही मिर्जापुर चंदौली सोनभद्र गाजीपुर एवं वाराणसी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यशाला में विधि प्रकोष्ठ विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के सह संयोजक ब्रजेश सिंह ओम प्रकाश सिंह सह संयोजक अखिलेश शुक्ला कविता तोमर हरबंश सिंह शिव गोपाल सिंह अजय सिंह गौरव द्विवेदी मनीष द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रयागराज में शुरू होगी विशेष कार्डियोलॉजी ओपीडी

**प्रयागराज।** मेदांता ने प्रयागराज के सिविल लाइंस थॉर्नहिल रोड स्थित वेरासिटी क्लिनिक में विशेष कार्डियोलॉजी ओपीडी का शुभारंभ किया है। यह पहल प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को हृदय रोग की बेहतर उपचार सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा क़दम है। ओपीडी सुबह ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक संचालित होगी। अब प्रयागराज और आस पास के क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूर जाने की ज़रूरत नहीं होगी। ओपीडी का नेतृत्व मेदांता के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ पी के गोयल करेंगे। बता दें कि डा गोयल को 35 से अधिक वर्षों का अनुभव है। डॉ गोयल ने 1991 में उत्तर प्रदेश की पहली एंजियोप्लास्टी की थी। वह मरीजों के लिए अत्याधुनिक गैर सर्जिकल हृदय उपचार सेवाएं प्रयागराज क्षेत्र में लेकर आए हैं।

### एनटीपीसी सिंगरौली ने किया सतर्कता कार्यशाला का आयोजन

**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा कोटा ग्राम पंचायत भवन में सतर्कता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों में सतर्कता और पारदर्शिता के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यशाला में एनटीपीसी सिंगरौली के अधिकारियों के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक योजनाओं का सही वितरण और पारदर्शिता के उद्देश्य से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला में ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं के लाभ उठाने और प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के उपायों के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर लोगों ने जागरूकता बढ़ाने के लिए कई सवाल उठाए और अधिकारियों ने उनके उत्तर भी प्रदान किए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर सतर्कता के महत्व को समझते हुए भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के लिए कदम बढ़ाने की शपथ ली। कार्यशाला से स्थानीय समुदाय में पारदर्शिता और सतर्कता को बढ़ावा देने की उम्मीद जताई गई। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के अपर महाप्रबंधक सूसोभन दास, वरिष्ठ प्रबन्धक डॉ ओम प्रकाश ग्राम प्रधान, प्रमोद तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अटल की जयंती पर होगा कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह

**सोनभद्र।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के पुर्व संध्या पर 24 दिसंबर को ग्राम पंचायत सेमर के कैथी गांव स्थित अटल उपवन में कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। रविवार को अटल उपवन में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक के दौरान जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक अजीत चौबे ने बताया कि 24 दिसंबर को कैथी गांव स्थित अटल उपवन में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के पुर्व संध्या पर कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल होंगे। बैठक के दौरान मुन्नू सिंह दिलीप चौबे सुखराज राजाराम प्रधान श्याम नारायण चौहान राजेश पटेल सुभाष पाठक मदन मोहन पाठक रामकुमार पटेल सुरेन्द्र चौहान विनय पाठक कन्हैया चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

### अंतर-क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता हुई सम्पन्न



**सोनभद्र।** गुरुवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की वार्षिक अंतरक्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता अमलोरी में सम्पन्न हुई।इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एनसीएल के 12 क्षेत्र व इकाइयों से 136 प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के दौरान महाप्रबन्धक कार्मिक प्रमोद कुमार सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि एवं जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे सीएमओएआई अध्यक्ष से एस. के. सिंह महाप्रबंधक आलोक कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियगिता के दौरान अंकों के आधार पर निगाही क्षेत्र की टीम ओवरऑल विजेता तथा एनसीएल मुख्यालय की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने गायन वादन एवं नृत्य की विभिन्न गतिविधियों शास्त्रीय संगीत व नृत्य की विभिन्न विधाओं लोक संगीत कव्वाली भजन गजल फिल्मी गानों भारतीय एवं पश्चिमी वाद्ययंत्रों जैसे तबला बांसुरी सिंथेसाइजर गिटार वायलन सितार इत्यादि पर वादन हास्य प्रसंग ऑर्केस्ट्रा जैसी अनेक विधाओं की सुंदर झलकियाँ दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत की। इस दौरान कम्पनी स्तर की कुल 12 टीमों के द्वारा कुल 27 रंगारंग प्रस्तुतियां दी गयी जिसमें भरत नाट्यम, कूचीपूड़ी, ओडिसी, मणिपुरी एवं कथ्थक जैसे नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## बच्चों को पोलियो दवा पिलाने में न बरतें लापरवाहीः जिलाधिकारी

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**रविवार** को जिलाधकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला महिला अस्पताल में पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ पोलियो की ड्राप पिलाकर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगता से बच्चों को बचाने के लिए पोलियो की दवा पिलाना जरूरी है। पोलियो की बीमारी जन्म के समय और जन्म के बाद भी हो सकती है, इसलिए दवा पिलाने में लापरवाही न बरते। जो भी टीमें दवा पिलाने आए, उनका सहयोग करते हुए दवा पिलाने का काम करें।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के जिले में 1188 बूथ बनाए गए है। जिन पर आज 0 से पांच साल तक के 212747 बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। आज दवा पीने जो बच्चे छूट जाएंगे, उन्हें दवा पिलाने के लिए नौ दिसंबर से 13 दिसंबर 2024 तक 590 टीमें 331802 घरों में घर घर जाकर दवा पिलाने का काम करेगी। घर घर जाने वाली टीमों के पर्यवेक्षण के लिए 190 पर्यवेक्षकों को लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को घर घर भ्रमण के बाद गांव के बाहर या बीमार बच्चे जो दवा पीने से छूट गए है, उन्हें दवा पिलाई जाएगी। इसके अलावा यात्रा करने वाले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए 41 ट्रांजिंट टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अभियान की रोजाना शाम को समीक्षा बैठक होगी। अभियान के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, डॉ. अरविंद भूषण, डॉ. आनंद प्रकाश वर्मा, जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. सुनीता बनौधा, डॉ. अविनेश कुमार, डॉ. एसके पाल, अपर शोध अधिकारी आरपी विश्वकर्मा, अंकिता त्रिपाठी, डब्लूएचओ की एमएसओ डॉ. शालिनी सिंह, यूएनडीपी के अजय महतेले, यूनीसेफके अमर सिंह, सुशील मौर्या, संदीप गहोई, मुकेश शुक्ला आदि लोग प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

### डैफोडिल्स में हुआ स्केटिंग टूर्नामेंट का आयोजन

**मीरजापुर।** नगर के लोहिया तालाब स्थित डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में ओपेन इंटरडिस्ट्रिक्ट स्कूल स्केटिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट मीरजापुर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। उक्त संस्था उत्तर प्रदेश रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन से संबद्ध है और रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है। इस अंतर जनपदीय टूर्नामेंट में लगभग 25 विद्यालयों के 250 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मीरजापुर जनपद के अलावा भदोही, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र जिले की टीमों ने हिस्सा लेकर टूर्नामेंट को शानदार और दिलचस्प बना दिया। कई टीमों ने बहुत बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के प्रारंभ में मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। सांगीतिक प्रस्तुति भी शानदार थी।

## दरवन झील को पर्यटन स्थल एवं पक्षी विहार के रूप में किया जाएगा विकसित



**अंबेडकर नगर।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जनपद अंबेडकर नगर के दरवन झील को पर्यटन स्थल एवं पक्षी विहार के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अभिनव प्रयास से मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में तहसील अकबरपुर के अंतर्गत दरवन झील के सौंदर्यीकरण हेतु दरवन झील में ही विस्तृत कार्ययोजना बनाने के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा एनटीपीसी से बाढ़ निर्माण के बारे में चर्चा, कृषि विभाग से फसल की उपज के बारे चर्चा, झीलों की साफ सफाई के बारे में चर्चा, गेस्ट हाउस, बंधे का निर्माण तथा साथ ही साथ अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि छोटे-छोटे तालाबों को बंध बना करके मछली पालन किया जा रहा है।उसे बड़े झील के रूप में विकसित कर मछली पालन किए जाने के कार्य योजना बना कर मछली पालन करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा दरवन झील का निरीक्षण भी किया गया। यह दरवन झील उत्तर प्रदेश में अम्बेडकर नगर जिले की अकबरपुर तहसील में स्थित एक झील है। अकबरपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत 300 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैली दरवन झील मुख्य रूप से ग्राम पंचायत दरवान, हठपाकर और चांदपुर जलालपुर क्षेत्र में फैली हुई है।

## परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को नहीं ग्रामीणांचलों के बच्चों की परवाह, कर रहे उनके भविष्य से खिलवाड़

- बीएसए व बीईओ का गठजोड़ स्वेच्छाचारी शिक्षकों पर मेहरबान
- अपनी मनमर्जी से खोलते व बंद करते परिषदीय विद्यालय
- शासन की शिक्षा नीति में पलीता लगाने वालों पर कब होगी कार्रवाई

**संवाददाता।** जगम्मनपुर, जालौन

**हर** बालक व किशोरवय को शिक्षित कर देश के विकास में योगदान करने के योग्य बनाने के लिए जिम्मेदार शिक्षक राष्ट्र के भविष्य छात्र-छात्राओं को अशिक्षा की ओर ले जा रहे हैं। कुछ शिक्षकों का यह आचरण राष्ट्र के प्रति विश्वास घात करने का जघन्य अपराध जैसा है। हैरानी की बात तो यह है कि बीएसए व बीईओ के मजबूत गठजोड़ के चलते ऐसे स्वेच्छाचारी शिक्षकों पर लगाम कसा जाना संभव नहीं हो पा रहा है यह विभागीय सूत्र बतलाते हैं।

विकासखंड रामपुरा अंतर्गत ऐसे अनेक या बहुतायत विद्यालय ऐसे हैं जिनमें पचास हजार से एक लाख रुपए प्रतिमाह वेतन पाने वाले राष्ट्र निर्माता एवं गुरु पद से अलंकृत शिक्षक अपने महान व पवित्र कर्तव्य का पालन ना करते हुए अपनी मनमर्जी के मालिक बन जब मन होता है तब विद्यालय आते है, जब मन नहीं होता तो नहीं आते हैं, जब मन करता है विद्यालय बंद कर चले जाते हैं। यदि किसी विद्यालय में चार अध्यापक हैं तो बारी-बारी से अनुपस्थित रहकर महीने के 24-25 शिक्षण दिवस के सापेक्ष 12-13 दिन विद्यालय आकर अपने कर्तव्य का आधा अधूरा पालन करते हैं। यदि विलंब से आने वाले अथवा यदाकदा आने वाले अध्यापक से प्रतिदिन या समय पर आने के लिए कहा जाए तो वह स्वयं किसी बड़े नेता,




जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार या करीबी अथवा किसी अधिकारी का कृपा पात्र बताकर ठुर्रस दिखाते हुए "मैं अपनी मर्जी से आऊंगा- जो दिखाई दे वह करो" का जुमला समाने वाले के मुंह पर दे मारता हैं। नेताओं, राजनीतिक व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों का करीबी होना किसी व्यक्ति को यह अधिकार नहीं देता कि वह लोक सेवक के कर्तव्य का सही पालन न करें, खास तौर से शिक्षक वर्ग को यह इजाजत तो कतई नही दी जा सकती जिनके हाथों में राष्ट्र के भविष्य निर्माण का गुरुतर दायित्व है।

गत शनिवार को पांच सदस्यीय पत्रकारों का एक दल किसी विषय विशेष का अन्वेषण करने हेतु रामपुरा क्षेत्र के नदियापार सिद्धपुरा की ओर गया उसी समय देखा कि अपराह्न 1.30 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिद्धपुरा एवं सिद्धपुरा के प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूल हुआ प्राथमिक विद्यालय मुल्हे का पूरा पूरी तरह से बंद हो चुके थे। शिक्षक आए थे अथवा नहीं आए थे यह तो नहीं पता लेकिन रास्ते में छात्र-छात्राएं मटरगश्ती करते अपने-अपने घर की ओर अवश्य जा रहे थे। लेकिन पत्रकारों का यह दल जब वापसी में 2.50 बजे वापस आ रहा था तब प्राथमिक विद्यालय चांदनपुरा के बंद गेट के अंदर बच्चों के द्वारा व्यायाम पीटी किए जाने की आवाज आ रही थी। उत्सुकतावश जब विद्यालय में प्रवेश किया तो उपस्थित शिक्षक एवं छात्र प्रश्नवाचक दृष्टि से पत्रकारों को देखने लगे। शिक्षकों द्वारा पूंछे जाने पर पत्रकारों ने अपना परिचय देते हुए उधर से गुजरते हुए एकमात्र विद्यालय खुले होने की बात बता उनके कर्तव्य पालन की प्रशंसा की।

## 86 पोलियो बूथों पर 6500 बच्चों को पिलायी गयी दवा



**जालौन, उरई।** रविवार को आयोजित पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत आज नगर में 31 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 86 बूथों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी गयी। पोलियो बूथ पर आज 11 हजार बच्चों में से 6500 बच्चों को दवा पिलायी गयी।

रविवार आज पोलियों प्रतिरक्षण अभियान चलाया गया। एसीएमओ अरविंद भूषण ने दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत नगर के 0 से 5 वर्ष तक के 11 हजार बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के 31 बूथ बनाये गये थे तथा यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाने के लिए 4 ट्रांजेट बूथ बनाये गये थे जिन्होंने देवनगर चौराहा कोंच चौराहा, सहाव मोड़ बच्चों को दवा पिलायी गयी। पोलियो रविवार के दिन नगर में 60 प्रतिशत बच्चों को दवा पिलायी जा सकी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के 0 से 5 वर्ष तक के 14930 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था जिसके लिए 88 बूथ बनाये गये थे। ग्रामीण क्षेत्र में दवा पीने बाले बच्चों का प्रतिशत 45 रहा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता व डॉ. सहन बिहारी गुप्ता के दिशा निर्देशन में बच्चों को दवा पिलायी गई।

### अधिवक्ता चन्द्रकान्त शर्मा को दी श्रद्धांजलि

**सोनभद्र।** वरिष्ठ अधिवक्ता व साहित्यकार चंद्रकांत शर्मा को रविवार को साहित्यकारों ने शोक सभा कर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया। शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी, मधुरिमा साहित्य गोष्ठी,हिंदी साहित्यिक पत्रिका असुविधा व राष्ट्रीय संचेतना समिति के तत्वावधान में आयोजित शोक सभा में गुरुवार शाम पं चंद्रकांत शर्मा के लंबी बीमारी के बाद हुए निधन को अपूर्णीय क्षति बताया और दो मिनट मौन रहकर आत्मा के शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर, रामनाथ शिवेंद्र, जगदीश पंथी, प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट, दिवाकर द्विवेदी मेघ, कौशल्या कुमारी चौहान, धर्मेश चौहान, एडवोकेट दिलीप सिंह दीपक अशोक तिवारी एडवोकेट जयराम सोनी दयानंद दयालू प्रभात सिंह चंदेल ईश्वर विरागी अब्दुल हई नजर मोहम्मद नजर सुशील राही राकेश शरण मिश्र एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

### कानून व्यवस्था के साथ-साथ खाकी कर रही रिश्तों को मजबूत

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष सविता सरोज मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 05 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए। इसके अतिरिक्त 02 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई। काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 9 दिसंबर, 2024



## बर्नियर की विदाई

### फ्रांस में अस्थिरता

**अविश्वास** मत पर प्रधानमंत्री माइकेल बर्नियर की विदाई से फ्रांस में राजनीतिक अस्थिरता तथा आर्थिक संकट और गहरा गया है। एक नाटकीय घटनाक्रम में फ्रांस के प्रधानमंत्री माइकेल बर्नियर को 5 दिसंबर, 2024 को पेश अविश्वास प्रस्ताव पर सत्ता से बाहर होना पड़ा। यह फ्रांस में युद्ध-पश्चात इतिहास की विरल घटना है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 331 वोट पड़े और उसने धुर-दक्षिणपंथी व वामपंथी विधि-निर्माताओं को एकजुट कर दिया जो बर्नियर सरकार के खिलाफ थे। इससे फ्रांस एक महत्वपूर्ण मोड़ पर राजनीतिक अस्थिरता का शिकार हो गया है। संकट के केन्द्र में 2025 का विवादास्पद बजट है जिसमें भारी बजट घाटा दिखाया गया है। बर्नियर की सरकार ने ऐसा बजट पेश किया था जिसमें 60 बिलियन यूरो की बचत दिखाई गई थी। इस प्रस्ताव में व्यापक बचत उपायों का प्राविधान था जिससे सभी प्रकार के राजनीतिक दलों में भारी गुस्सा फैल गया था। बर्नियर ने विशेष संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए बजट के कुछ हिस्सों को संसदीय स्वीकृति के लिए नहीं रखा जो उनको सत्ता से हटाने का प्रमुख कारण बना। अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से विपक्षी विधि-निर्माताओं को एक ऐसा अवसर मिल गया जिससे वे सरकार को चुनौती दे सकते थे। बर्नियर सरकार विभाजित संसद में स्वयं को एकजुट रखने के प्रयास कर रही थी। उसकी सत्ता से विदाई राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान को बड़ा झटका है क्योंकि अब उनको अपना ऐसा वारिस नियुक्त करने में कठोर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है जो विभाजित संसद में विश्वास प्राप्त कर सके।



राष्ट्रपति मैक्रान का नेतृत्व कमजोर हो गया है क्योंकि उनका गठबंधन बहुमत बनाए रखने में विफल रहा है। इससे प्रशासन पर विपक्षी दांवपेंचों का दबाव बढ़ गया है। वर्तमान समय में फ्रांस का राजनीतिक परिदृश्य गहरी अनिश्चितता का शिकार है। उसके समक्ष तत्काल राजकोषीय निरंतरता सुनिश्चित करना है क्योंकि 2025 का बजट न पास होने से निवेशकों का विश्वास और प्रभावित हो सकता है। वर्तमान समय में मैक्रान के समक्ष सीमित विकल्प हैं। मैक्रान एक नया नेता नियुक्त करने का प्रयास कर सकते हैं जिससे कुछ महत्वपूर्ण आयोजनों के पहले स्थायित्व सुनिश्चित हो सके जिनमें नोटरडैम कैथेड्रल का पुनः खोलना शामिल है। लेकिन ऐसा नेता तलाशना बहुत आसान नहीं है जो सभी दलों का समर्थन प्राप्त कर सके। यदि स्थिति और बिगड़ती है तो मैफ्रान आपातकालीन उपायों का प्रयोग कर 2024 के बजट प्राविधानों का विस्तार एक आदेश से 2025 के बजट तक कर सकते हैं। लेकिन ऐसी कार्रवाई की भारी राजनीतिक कीमत होगी तथा इससे संकट और गहरा सकता है। फ्रांस में यह उथलपुथल ऐसे समय हो रही है जब यूरोपीय संघ में भी अस्थिरता व्याप्त है। जर्मनी गठबंधन सरकारें गिरने की स्थितियों से निपट रहा है तथा अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के बाद यूरोप में राजनीतिक स्थिरता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। फ्रांस यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थ है जो समूह की एकजुटता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। घरेलू स्तर पर यह संकट मैरीन ले पेन की दृढ़ता की परीक्षा है जिनकी नेशनल रैली पार्टी ने अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया है। हालांकि, सुश्री ले पेन अपनी पार्टी को मैक्रान सरकार के स्थिर विकल्प के रूप में पेश करती हैं, पर लंबी अस्थिरता से उनके नेतृत्व पर संकट का जोखिम भी पैदा होगा। फ्रांस लगातार बढ़ते बजट घाटे, उच्च मुद्रास्फीति तथा बचत उपायों पर जनता में बढ़ते गुस्से का सामना कर रहा है। विभाजित संसद मतदाताओं में विभाजन प्रकट करती है जिससे प्रशासनिक कार्य जटिल होता है तथा विधायी गतिरोध की संभावना उजागर होती है। ऐसे में आगे बढ़ने के लिए सतर्क राजनीतिक दृष्टिकोण जरूरी है ताकि स्थायित्व बहाल कर उन व्यवस्थागत चुनौतियों को संबोधित किया जा सके जो फ्रांस के आर्थिक और राजनीतिक ढांचे के लिए खतरा पैदा कर रही हैं।

# दक्षिण कोरिया में राजनीतिक संकट

**यून की कार्रवाई से उस लोकतांत्रिक आधार को खतरा पैदा हुआ जिसे दशकों में बहुत मेहनत से तैयार किया गया था। इससे तानाशाही की बू आती है जिसका मुकाबला दक्षिण कोरिया को करना होगा।**

**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



राष्ट्रपति यून सुक-युओल ने दक्षिण कोरिया को ऐसे राजनीतिक संकट में धकेल दिया है जहां देश के अपने इतिहास के अंधकारमय समय में जाने का खतरा पैदा हो गया है। प्रशासन के लगभग विफल होने के कगार पर पहुंचने के बाद यून ने मार्शल ला लगा कर आपातकालीन शक्तियां प्राप्त कीं जो राजनीतिक विरोध को कुचलने और नियंत्रण स्थापित करने का निराशा भरा प्रयास था। उनकी कार्रवाई के गंभीर नतीजे होंगे और वे केवल उनके राष्ट्रपति कार्यकाल तक सीमित नहीं हैं। इनका असर दक्षिण कोरिया के वर्तमान संघर्षों पर भी पड़ेगा जिसका सर्वसत्तावादी अतीत रहा है।

इससे विदेशी शक्तियों से उसके संबंध प्रभावित हो सकते हैं तथा आधुनिक लोकतंत्र के रूप में पहचान धूमिल हो सकती है। दक्षिण कोरिया की जनता ने लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाने के लिए कठोर संघर्ष किया है। दक्षिण कोरिया के संविधान के अंतर्गत राष्ट्रपति को सैनिक खतरों या राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में मार्शल ला लागू करने का अधिकार है। लेकिन यून द्वारा इस घोषणा के बजाए कारण उस आयाम का राष्ट्रीय संकट नहीं पैदा करते हैं, जब ऐसे आत्यन्तिक कदम की जरूरत हो। उन्होंने मार्शल ला लागू करने के पीछे विपक्ष द्वारा महाभियोग प्रयासों, बजट पर टकराव तथा लगातार बढ़ते विभाजित राजनीतिक परिदृश्य को कारण बताया था। यून द्वारा आपातकालीन शक्तियां प्राप्त करने का यह प्रयास अपने आप में अकेला नहीं है, बल्कि वे एक गहरे संकट का शिकार राजनीतिक पैटर्न की निरंतरता प्रदर्शित करते हैं।

इसमें मार्शल ला केवल प्रशासन का एक औजार न होकर देश को यह याद दिलाने का अवसर भी है कि उसे लोकतंत्र और दमन के बीच संघर्ष जारी रखना होगा। यून के नेतृत्व को लेकर बहस दक्षिण कोरिया में पहले आए महाभियोग प्रस्तावों से तुलना की स्थिति पैदा करती है जिनमें खासकर रोह मू-हून और पार्क गून-हाई के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव शामिल हैं। उनको चुनाव कानूनों के उल्लंघन पर 2004 में महाभियोग प्रस्तावों का सामना करना पड़ा था, हालांकि संवैधानिक अदालत ने उनको पदों पर बहाल कर दिया था। इसके लगभग एक दशक बाद पार्क को भ्रष्टाचार घोटाले के आरोप में महाभियोग प्रस्ताव द्वारा हटाया गया था।




हालांकि, अभी यून को ऐसे भविष्य का सामना नहीं करना पड़ रहा है, पर मार्शल ला की विवादास्पद घोषणा के बाद उनके खिलाफ मतदान प्रस्ताव पर मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि मार्शल ला की यह घोषणा केवल 6 घंटे रही तथा विधि-निर्माताओं और जनता ने उसे अस्वीकार कर दिया। ऐसे में देखना होगा कि राष्ट्रपति यून का भविष्य क्या होगा। लेकिन दक्षिण कोरिया राजनीतिक संकटों के एक दुष्चक्र में फंस गया है जहां लोकतांत्रिक आदर्शों तथा तानाशाही इच्छाओं के बीच संघर्ष जारी है। इससे एक ऐतिहासिक विरासत भी सामने आती है जो इस राष्ट्र में एक शताब्दी से भी अधिक लंबे समय से संघर्ष का कारण रही है। दक्षिण कोरिया में राजनीतिक उथलपुथल की यह घटना समझने के लिए हमें देश के इतिहास पर गौर करना होगा जहां मार्शल ला लागू रहा है। मार्शल ला एक ऐसा औजार है जिसका प्रयोग विशिष्ट राजनेताओं द्वारा अपने खिलाफ पैदा राजनीतिक विरोध को कुचलने तथा नियंत्रण स्थापित करने के लिए किया गया। बीसवीं शताब्दी में दक्षिण कोरिया विदेशी हस्तक्षेपों, विभाजन तथा सैनिक शासन का शिकार रहा। 1910 में जापान द्वारा कोरिया के बर्बर अधिग्रहण के बाद मार्शल ला औपनिवेशिक दमन का मुख्य उपकरण बन गया जिसका उद्देश्य जापानी राजशाही शासन के खिलाफ उठाने वाले किसी स्वर को कुचलना था। जापानी शासन के उस कार्यकाल में भीषण अत्याचार हुए जिनमें जबरन श्रम से लेकर महिलाओं को यौन-गुलाम बनाना तक शामिल हैं।

इन्होंने कोरियाई जनता की सोच पर व्यापक प्रभाव डाला। उस समय कोरियाई स्वायत्तता की अवधारणा ही लगभग असंभव लगती थी क्योंकि विदेशी शक्तियां पूरे देश को अपने हितों के अनुकूल बदलने का प्रयास कर रही थीं। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद 1945 में जापानी शासन का अंत हुआ, पर इससे कोरियाई प्रायद्वीप में शांति नहीं आई। इसके बजाय कोरिया दो कब्जे वाले क्षेत्रों में बंट गया जिनमें से उत्तरी कोरिया पर सोवियत संघ का प्रभुत्व था, जबकि दक्षिण कोरिया अमेरिकन नियंत्रण में था।

इसके बाद 1950 से 1953 तक चले कोरियाई युद्धों ने देश को बरबाद कर दिया तथा इसका राजनीतिक और सामाजिक ढांचा टकराव का शिकार बन गया। इसके बाद दक्षिण कोरिया लगभग पूरी तरह अमेरिकन सैनिक संरक्षण पर निर्भर हो गया और इस निर्भरता ने शीतयुद्ध के काल में देश की भू-राजनीतिक स्थिति निर्धारित की। लेकिन विदेशी शक्तियों पर निर्भरता का दक्षिण कोरिया को खामियाजा भी भुगतना पड़ा।

एक प्रमुख सहयोगी के रूप में अमेरिका अक्सर दक्षिण कोरिया में राजनीति की दिशा निर्धारित करता है। वह अपनी सैनिक उपस्थिति से स्थायित्व सुनिश्चित करने के साथ ही देश की सच्ची राजनीतिक स्वायत्तता सीमित भी करता है। 1953 में हस्ताक्षरित रक्षा समझौते के अनुसार अमेरिका ने दक्षिण कोरिया में एक बड़ा सैनिक अड्डा बना लिया है जो बाद के दशकों में और बड़ा हुआ है। इस सैनिक प्रभुत्व से दक्षिण कोरिया की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता भी जुड़ी है जो नियंत्रण बनाए रखने के लिए मार्शल ला के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। जनरल पार्क चुंग ही द्वारा सैनिक विद्रोह से सत्ता पर कब्जा करने के बाद 1961 में मार्शल ला लागू किया गया था। यह तानाशाही सरकार लगभग एक दशक तक चली जब तेज औद्योगीकरण के कारण दक्षिण कारिया एशिया की एक आर्थिक महाशक्ति बन गया।

उनकी सरकार ने मार्शल ला का प्रयोग राजनीतिक विरोधियों तथा प्रतिरोध की आवाजें कुचलने के लिए किया और इस प्रकार दक्षिण कोरिया के राजनीतिक जीवन में सैनिक हस्तक्षेप का रास्ता खोल दिया। 1979 में पार्क की हत्या के बाद भी उनके वारिस जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए तानाशाही तरीके अपनाते रहे। 1980 में ग्वांगजू विद्रोह सैनिक शासक की निर्दयता का एक उदाहरण है। लेकिन 1987 में विद्रोह के बाद दक्षिण कोरिया ज्यादा लोकतांत्रिक व्यवस्था की ओर मुड़ा।

लेकिन वर्तमान राजनीतिक संकट का संबंध केवल यून के नेतृत्व या दक्षिण कोरिया के विभाजित राजनीतिक ढांचे से नहीं है। यह देश में व्यापक संघर्ष तथा उसकी भू-राजनीतिक स्थिति का भी परिणाम है। अमेरिका चीन का मुकाबला करने के लिए दक्षिण कोरिया को अपने प्रमुख सहयोगी के रूप में देखता है, ऐसे में देश में आंतरिक विभाजन उसे क्षेत्र में स्थाई साझीदार बनने से रोकते हैं। पिछले दशकों में अमेरिका की बढ़ती सैनिक उपस्थिति के कारण दक्षिण कोरिया विदेश में अमेरिका का सबसे बड़ा सैनिक अड्डा बन गया है।

26,500 अमेरिकी सैनिकों, थाड मिसाइल रक्षा प्रणाली तथा उत्तर कोरिया व चीन से खतरे का मुकाबला करने के लिए लगातार होने वाले सैनिक अभ्यासों से दक्षिण कोरिया पूर्वी एशिया में अमेरिकी हितों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अड्डा बन गया है। इस संदर्भ में राष्ट्रपति यून के संबंध में राजनीतिक अस्थिरता केवल प्रशासनिक या आंतरिक मामला नहीं है, बल्कि इसका वैश्विक महत्व है। अमेरिका दक्षिण कोरिया को आंतरिक विभाजनों का शिकार बनते दे कर अपने नियंत्रण से बाहर नहीं जाने देना चाहता है। इसका कारण यह भी है कि उत्तर कोरिया तथा चीन से तनाव लगातार बढ़ रहा है।

यदि दक्षिण कोरिया अपने आंतरिक राजनीतिक विभाजनों से नहीं निपटता है तो उसके अपने सर्वाधिक महत्वपूर्ण साझीदार की नजरों से गिरने का खतरा पैदा हो जाएगा। इसके महत्वपूर्ण परिणाम न केवल दक्षिण कोरिया, बल्कि व्यापक रूप से नाटो के पूरब में विस्तार तथा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा निर्धारित 'एशिया का केन्द्र' रणनीति के प्रति होंगे।

# तकनीक के युग में संगठनों की उत्तरजीविता

> तेजी से बढ़ती तकनीकी अप्रचलन के बीच, पुनर्आविष्कार की आवश्यकता पहले कभी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही।

**रवि वलूरी**
(लेखक, भारतीय रेलवे से संबंधित हैं)



यह जांचना सार्थक होगा कि संगठन किस तरह से संरचित और अभिव्यक्त होते हैं। लंबे समय में ऐसे संगठन जो प्रयोग करने, नवाचार करने और तकनीक को अपनाने के इच्छुक व्यक्तियों से संपन्न हैं, वे ही बचेंगे। जिस गति से तकनीक अपने विभिन्न रूपों के साथ खुद को ढाल रही है, कई अनुप्रयोग लगभग हर मिनट में सामने आ रहे हैं, और उपकरणों के अप्रचलन और क्षरण का स्तर असाधारण रूप से उच्च होता जा रहा है।

ऐसे परिदृश्य में, मनुष्य और संगठन विभिन्न उत्पादों और उनके रूपों में समाहित हो जाएंगे। मानव मस्तिष्क अब टाइपराइटर मोड में नहीं रह सकता। संगठनात्मक सिद्धांत और व्यवहार का बगीचा प्रख्यात विद्वानों से भरा पड़ा है। तीन अग्रदूतों, एडम स्मिथ, चार्ल्स बैबेज और रॉबर्ट ओवेन ने इसे गति और बुनियादी आधार प्रदान किया।

एडम स्मिथ ने तर्क दिया कि श्रम विभाजन के सिद्धांतों को अपनाने से देशों और संगठनों को लाभ होगा, जिसे अब विशेषज्ञता कहा जाता है। चार्ल्स बैबेज ने अपने मौलिक कार्य में कहा: श्रम विभाजन के माध्यम से, किसी कार्य या कौशल को सीखने के लिए आवश्यक समय में भारी कमी आती है। बचपन की अवस्था में ही सामग्री की बर्बादी कम हो जाती है और कम हो जाती है। बेहतर कौशल प्राप्त करने पर मन गंभीर कार्य करने के लिए प्रेरित होता है। 1789 में, रॉबर्ट ओवेन ने 18 वर्ष की आयु में एक कारखाना खरीदा।

वह एक स्वप्नदर्शी व्यक्ति थे, जो अपने समय से बहुत आगे थे। 1825 में, उन्होंने विनियमित कार्य घंटे, बाल श्रम कानून, सार्वजनिक शिक्षा और विभिन्न सामुदायिक परियोजनाओं में व्यवसाय की भागीदारी को बढ़ावा दिया - जो ष्टस्क्र का अग्रदूत था। आज की वायर्ड दुनिया में, व्यक्ति अपने घरों से काम करते हैं। ऐसी जगहें जहाँ उनके पास नवीनतम तकनीक और उपकरण उपलब्ध हैं। पिछले दशक में, संगठनात्मक व्यवहार के पूरे प्रतिमान में बदलाव आया है। प्रौद्योगिकी संगठनों को घूरती आंखों से देखती है, संरचनाओं की जटिलता और गतिशीलता में पूर्ण परिवर्तन आया है। आइए भारतीय रेलवे पर नज़र डालें। एक समय था जब निर्णय लेने की प्रक्रिया में संचालन और विनिर्माण विभाग का दबदबा था। आज तकनीकी विभाग ही खेल के बदलाव का कारण बन रहे हैं। निश्चित कार्य घंटों की अवधारणा इतिहास बन चुकी है। कार्यबल को 24×7 सतर्क रहना चाहिए। इसलिए, कर्मचारियों को आभासी दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए अपने कौशल को निखारने की आवश्यकता है। आइए ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष शिक्षण के मॉडल की जांच करें - शिक्षक और शिष्य के बीच आमने-सामने।



यह प्रतिमान स्कूलों और विश्वविद्यालयों में शिक्षण तकनीकों को प्रभावित कर सकता है। इसी तरह, योग्य डॉक्टर जटिल सर्जरी के दौरान स्काइप या अन्य माध्यमों से अपने सहयोगियों को निर्देश देते हैं। ऐसे परिदृश्य में, संगठनात्मक संरचनाओं, सरकार या निजी क्षेत्र के लोगों को जीवित रहने के लिए मौलिक रूप से अनुकूलन करना होगा। कार्यबल को अपने कौशल सेट को लगातार उन्नत करना चाहिए या विलुप्त होने का सामना करना चाहिए।

शायद गर्मजोशी की भावनाएं तकनीकी विकास की भूलभुलैया में खो जाएँ। एक संगठन का दर्शन, उसके लक्ष्य और उद्देश्य और संरचना और कार्यबल के बीच व्यवहार पैटर्न गुरुग्राम जैसे भारत के प्रमुख शहरों में होने वाले ट्रैफ़िक जाम में फंस गए हैं। स्टीफन हॉकिंग ने एक निराशाजनक पूर्वानुमान में भविष्यवाणी की है कि इस ग्रह पर जीवन चार कारणों से विलुप्त हो जाएगा - परमाणु हथियार, ग्लोबल वार्मिंग, मानव निर्मित वायरस या रोबोट। इसलिए, मानव मस्तिष्क को खुद को और मौजूदा संगठनात्मक व्यवहार और सिद्धांतों को फिर से आविष्कार करना चाहिए या रहने के लिए एक बहन ग्रह की खोज करने के लिए एक खाका तैयार करना चाहिए। युगों पहले, अरस्तू ने लिखा था, हम वही हैं जो हम बार-बार करते हैं। संगठनों को जीवित रहने के लिए इस प्रतिमान को बदलना होगा।

## आप की बात

### न्यायिक सुधार जरूरी

**सदन** में कानून राज्य मंत्री मेघवाल ने बताया कि देश की लगभग सभी उच्च अदालत में 30 प्रतिशत से अधिक न्यायाधीशों के पद रिक्त हैं। कोमोबेश यही स्थिति निचली अदालतों व ट्रिब्यूनलो की भी है। देश कीनिरंतर बढ़ती हई आबादी के अनुरूप न्याय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया। देश में पूरा कानून मंत्रालय कार्य कर रहा है मगर लोगों को न्याय मिलने में दशकों लग जाते हैं। चोरी गए वाहन जप्त होकर थाना परिसर में पड़े पड़े सड़ जाते हैं। मगर फैसला नहीं आता। दादा द्वारा दर्ज किया गया मुकदमे का फ़ैसला पोतों को मिलता है। तो चुनाव में गड़बड़ी के मुकदमे का फ़ैसला आते आते सरपंच साहब का कार्यकाल ही पुरा हो जाता है। मात्र चिंता जताने से यह समस्या हल होने वाली नहीं है। शीघ्र न्याय मिलना ही वास्तविक प्रजातंत्र की निशानी है। और गत 30 वर्षों से तो शीघ्र न्याय के लिए मैं ही साल भर में 8-10 बार पत्र लिखता हूं। और हर साल कम से कम एक पत्र शीघ्रन्याय की मांग पर छप जाता है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व नई तकनीके आ जाने पर सरकार को शिघ्र ही इसे सभी न्यायलयों में उपलब्ध कराना चाहिए। न्यायालयों के सभी रिक्त पद भरने के साथ-साथ नए-न्यायालयो की स्थापना जरूरी है। न्यायालय के अंग्रेजों के ज़माने की छुट्टियां खत्म करके न्यायालयीन अनवकाश सीमित किए जाए।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### भाईचारे का असली रूप

**विश्व** के 58 इस्लामिक देशों, जम्मू-कश्मीर और भारत सहित अन्य किसी भी देश के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भाई -चारे का ढोल पिटते नहीं देखा होगा।इनका यह भाई -चारा केवल हिन्दू बहुल क्षेत्रों में ही निभाया जाता है। और यह भाई -चारा बांग्लादेश में प्रत्यक्ष दिख रहा है, जहां हिन्दू केवल चारा % बनकर रह गया है। जहां एक सन्त को भी वकील नहीं मिल रहा और अपने देश में मुल्ला मौलवी तो दूर की बात है, आतंकियों के लिये भी सैंकड़ों कपिल सिब्बल निःशुल्क अभियोग लड़ने को तैयार बैठे रहते हैं। कल भी तीन मन्दिरों को जलाया और लूटा गया।यह सब 1971 में बांग्लादेश पर किये गये उपकार का भारत और हिन्दुओं को बांग्लादेशी कट्टरपंथियों द्वारा द्वारा दिया जाने वाला पुरुस्कार है।जिस पश्चिमी पाकिस्तान (अब पाकिस्तान) ने 30 लाख बांग्लादेशियों को मौत के घाट उतार दिया था,जिस पाकिस्तानी सेना ने 2 लाख बांग्लादेशी महिलाओं का बलात्कार किया था आज उन पाकिस्तानियों को बांग्लादेश में जाने के लिए वीजा की जरूरत नहीं है। लेकिन जिसको स्वतन्त्र कराने के लिए भारत ने अपने 3500 सैनिकों का सर्वोच्च बलिदान दिया आज वो भारत बांग्लादेश का शत्रु न. 1 बन गया। इससे भारत को एक शिक्षा तो लेनी ही चाहिए। अब अधिक विलम्ब न करते हुए भारत सरकार को बांग्लादेश के विरुद्ध सैनिक कार्रवाई करनी चाहिए।

– **नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### बच्चों की छुट्टियां बढ़ाएं

**पहले** स्कूलों की कितनी छुट्टियां होती थीं, जिनमें बच्चे परिवार, रिश्तेदारों और समाज से भावनात्मक रूप से जुड़ते थे और बच्चे का समग्र विकास सहज रूप से होता था। तब इस गलत फहमी में कि बच्चे अधिक पढ़ेंगे तो अधिक योग्य बनेंगे, छुटियां कम करने के साथ नन्हें मुन्ने बच्चे को स्कूल, ट्यूशन, कोचिंग, अवकाशकालीन व्यक्तित्व विकास कक्षाओं और शिविरों में भेज कर उन्हें भारी भरकम बस्तों के नीचे रौंद दिया । बच्चा जिनके बीच सुखदुख में रहेगा उनसे भावनात्मक रूप से जुड़ेगा।अभिभावक बच्चे को प्रत्येक दिन अपने से दूर रखेंगे तो बच्चे उनसे कैसे जुड़ेंगे? वे इन प्रक्रियाओं में जिन दोस्तों के साथ रहते हैं, उनसे जुड़ेंगे। बच्चे के प्रति जब सभी जिम्मेदारियां दूसरे (स्कूल शिक्षक, व्यक्तित्व विकास शिक्षक, मित्र) निभायेंगे तो भावनात्मक रूप से बच्चा अभिभावकों से कैसे जुड़ेगा? क्या केवल इसलिए कि पैरेंट्स ने उसके लिए पैसा लगाया है या इसलिए कि उन्होंने उसे पैदा कर दिया है। पहले माता पिता 5 साल के बच्चे को स्कूल में भर्ती करते थे, आजकल ढाई तीन साल में ही स्कूल में और थोड़ा बड़ा होने पर हॉस्टल में डाल देते हैं। अतः बच्चों की छुट्टियां बढ़ाई जाएं ताकि वे परिवार से भावनात्मक रूप से जुड़ सकें।

– **ललित दुबे,** रतलाम

### सदन की मर्यादा

**देश** की संसद में शीतकालीन सत्र पर सहमति बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि अब बहुमूल्य वक्त जाया नहीं होगा क्योंकि पहले ही एक सप्ताह हंगामें की भेंट चढ़ चुका है लेकिन राज्यसभा में 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिलने के मामले ने फिर पक्ष विपक्ष को आमने-सामने ला खड़ा किया है। यह रकम सीट नंबर 222 से मिली है जिसे कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित किया गया है। यह पक्ष विपक्ष किसी का भी शगुफा हो सकता है जिससे केवल विवाद होना है क्योंकि निष्कर्ष की गुंजाइश तो 2008 की उस घटना में भी थी जब मनमोहन सिंह सरकार के लोकसभा में विश्वास प्रस्ताव बहस के दौरान भारतीय जनता पार्टी के तीन सदस्यों ने प्रस्ताव के समर्थन में वोट देने के लिए नगदी पैसे देने का सनसनीखेज आरोप नोटों की गाड़ी लहरा कर लगाया था। जिस तरह यह मामला सत्र के बाद भूल भुलैया हो गया ताजे मामले का भी यही हश्र होना है। सदन मे नकदी नोटों का क्या काम यह जरूर बड़ा सवाल है इस पर राजनीतिक दलों को चिंतन करना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# पांच साल तक के सभी बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक



**गोंडा।** रविवार को जनपद में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला महिला अस्पताल से जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने फीता काटकर एवं 0 से 05 साल तक के बच्चों को दवा पिलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक के साथ टाफी एवं बिस्किट वितरण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें और सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा इस खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने बताया है कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जनपद के 5 साल तक के लगभग 5,68,000 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना है।उन्होंने बताया है कि इस अभियान को 08 दिसंबर,2024 से 13 दिसंबर, 2024 तक चलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि हर घर तक पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाय। ताकि 100: बच्चों को इस अभियान का लाभ मिल सके।कार्यक्रम के दौरान अपर निदेशक स्वास्थ्य, सीएमओ डॉ0 रश्मि वर्मा, अपर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, डॉक्टर जय गोविंद, डॉक्टर पंकज तिवारी, डाक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर शेष नाथ सिंह यूनीसेफसहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएचसी खलीलाबाद सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर दी गई पोलियो खुराक



संतकबीरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद में रविवार को पल्स पोलियो बूथ पर ज़िला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 विनय सोनी द्वारा फीता काटकर एवं बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाकर उदघाटन किया गया। उदघाटन में डी टी ओ डॉ0 एस डी ओझा, डी एस ओ डॉ0 आर पी मौर्या, अधीक्षक खलीलाबाद डॉ0 वरुणेश दुबे, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ0 मुबारक अली, डी वी एस प्रभारी वीरेन्द्र बहादुर, समस्त सी एच सी खलीलाबाद के स्टाफ़ डब्लू एच ओ, यूनिसेफरितेश, यूएनडीपी प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया गया।

## सीएमओ ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ



अमेठी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस में पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान सीएमओ ने बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई। उन्होंने बताया कि जनपद में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसका आज शुभारंभ किया है। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में 1157 बूथों पर कुल 305089 लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी हैं, इसके उपरांत 09 से 13 दिसंबर तक घर–घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि छूटे हुए बच्चों को 16 दिसंबर को दवाई पिलाई जाएगी। इस दौरान जिला सर्विलांस अधिकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन डॉ जकारिया, अधीक्षक डॉ अभिषेक शुक्ला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सीबी सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सीएचसी अधीक्षक ने की पोलियो अभियान की शुरुआत



शिवगढ,रायबरेली। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरन ने बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। गौरतलब हो कि रविवार को शिवगढ सीएचसी के साथ ही क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में बनाए गए 75 बूथों पर पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। जिसका शुभारम्भ सीएचसी शिवगढ़ अधीक्षक डॉक्टर प्रेमशरन द्वारा शिवगढ़ सीएचसी में बच्चों को पल्स पोलियों की दवा पिलाकर किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ.प्रेमशरन ने बताया रविवार को शिवगढ़ सीएचसी को मिलाकर कुल 76 बूथों पर पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। वहीं सोमवार को 46 सचल टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। पल्स पोलियो दवा पिलाने वाली सचल टीम में आशा, आंगनबाडी कार्यकत्रियों व आंगनबाडी सहायिकाओ के साथ ही वॉलिंटियर लगाए गए हैं। जिनका सुपरविजन करने के लिए 4 सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, 14 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी जयराम यादव ने सभी से अपील करते हुए कहा कि 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। उन्होंने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं सभ्रान्त नागरिकों से विनम्र अपील की है कि आस-पास के लोगों को जागरूक करके पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा पल्स पोलियो की दवा से वंचित न रहे। इस मौके पर एएनएम रश्मी आदि लोग मौजूद रहे।

# फांसी के फंदे से लटकती मिली पंचायत सहायक!

### हुई मौत, शिवगढ थाना क्षेत्र के खजुरों गांव की घटना

**शिवगढ,**रायबरेली। थाना क्षेत्र के खजुरों में पंचायत सहायक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। जानकारी होते ही परिजनों ने उसे आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ पहुंचाया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया है। चिकित्सक की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना से मृतका के परिजनो में कोहराम मच गया है,जिनका रो–रोकर बुराहाल है। जानकारी के मुताबिक खजुरों गांव के रहने वाले राजकुमार वर्मा की पुत्र रिचा उम्र 24 वर्ष जो ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के पद पर तैनात थी। रिचा ने करीब डेढ़ माह पूर्व अक्टूबर में ही पंचायत सहायक की नौकरी ज्वाइन की थी। रविवार को पूर्वाहन करीब 11 बजे जिसने घर में फांसी लगा ली, जानकारी होने पर परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से उतारा और सांसें चलती देख आनन–फानन में निजी साधन से उसे सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया जहां इमरजेंसी में तैनात डा. संजीव शुक्ला ने स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया और थाने मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया पुलिस मामले में जांच पडताल में जुट गई है। परिजनों की माने तो मृतका गैर शादी शुदा थी जो चार बहनों में तीसरे नम्बर की थी। मृतका पुलिस भर्ती परीक्षा में 2 फेल हो गई थी, जिसके चलते वह डिप्रेशन में रहती थी। मृतका की मां ने बताया कि सुबह खाना बनाया तब तक ठीक थी फिर मैं कुछ देर के लिए पडोस में चली गई इसी बीच कैसे क्या हुआ उसने इतना बडा कदम उठा लिया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र, बढ़ाया हौसला



**संतकबीरनगर।** महेंद्र प्रताप चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित महेंद्र मेमोरियल अवार्ड 2024 के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रविवार हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज, खलीलाबाद के लेक्चर थिएटर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पुरस्कार वितरण 17 अक्टूबर 2024 को गन्ना विकास इंटर कॉलेज, खलीलाबाद में आयोजित परीक्षा के आधार पर किया गया, जिसमें 31 विद्यालयों के 508 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में 50 छात्र–छात्राओं को मेरिट के आधार पर तथा 10 स्कूल टॉपर्स को चयनित किया गया। मुख्य अतिथि समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं भारत–तिब्बत संबंध संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष, नेहरू कृषक इंटर कॉलेज के प्रवक्ता एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपद उपाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह तथा बुद्धा क्लासेस के डायरेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। विशेष आमंत्रित अतिथियों में गन्ना विकास इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा, बिहार में बायोलॉजी प्रवक्ता डॉ. दिवाकर शुक्ल, केआईपीएम के मैनेजिंग डायरेक्टर विनोद सिंह तथा एडमिशन सेल के इंचार्ज वी.पी. सिंह, तथा केकौत्स एजुकेट के डायरेक्टर कौत्स कुमार उपस्थित रहे। मंच संचालन कार्यक्रम का मंच संचालन हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के भौतिकी प्रवक्ता संत मोहन त्रिपाठी ने किया। अतिथियों का सम्मान अतिथियों का स्वागत व समापन पर आभार महेंद्र प्रताप चौरिटेबल ट्रस्ट के डायरेक्टर डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने व्यक्त किया। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार विवरण प्रथम पुरस्कार 5100 रू0 नगद, हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज की छात्रा रिमशा खान को, द्वितीय पुरस्कार 2100 रू0 नगद, खलीलाबाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद के छात्र अभिषेक चौहान को, तृतीय पुरस्कार 1100 रू0 नगद, जीजीआईसी खलीलाबाद की छात्रा अनुष्का कनौजिया को इसके अतिरिक्त 18 छात्र–छात्राओं को 500 रू0 प्रति छात्र की दर से सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए तथा 29 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के लिए विशेष घोषणाएं पुरस्कृत सभी छात्रों को केआईपीएम टेक्निकल कैंपस और केकौत्स एजुकेट द्वारा यह ऑफर दिया गया कि उनके प्रमाण पत्र दिखाने पर फीस में विशेष छूट प्रदान की जाएगी यदि वे इन संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक होंगे। प्रेरणादायक उद्बोधन इस अवसर पर मुख्य अतिथि राम कुमार सिंह, बृजेश कुमार सिंह, डॉ. दिवाकर शुक्ल, विनोद सिंह, योगेंद्र सिंह और राजेश कुमार त्रिपाठी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधनों से विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों में रामकोमल रंजीत इंटर कॉलेज के प्रबंधक अंकुर त्रिपाठी, जीजीआईसी खलीलाबाद के भौतिकी प्रवक्ता सत्येंद्र यादव, हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज के हिंदी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह, क्अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक एवं अधिवक्ता रविशंकर सिंह उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### ललित प्रकाश को पीएच.डी. अवार्ड

**बाराबंकी।** श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इन्स्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज विभाग में विधि शोध के आज के समय प्रासंगिक महत्वपूर्ण विषय बिन्दु, ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ एनवारनमेंटेल प्रोटेक्शन लॉ एंड द रोल ऑफ नेशनल ग्रीन ट्रीबुनल इन करबिंग एनवारनमेंटेल पोल्यूशन, शीर्षक पर पीएच. डी. की उपाधि प्रदान की गई। ललित प्रकाश ने एनवारनमेंटेल पोल्यूशन समस्याओं के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण शोध कार्य डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्पन्न किया। इसके लिए ललित प्रकाश ने अपने सुपरवाइजर डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव को कोटि-कोटि धन्यवाद अर्पित किया। इस मौके पर डायरेक्टर इन्स्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज प्रोफेसर डॉ. रोहित पी साबरन ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में होने वाले शोधकार्यों के लिए यह शोध बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की रिसर्च डायरेक्टर डॉ. शिखा सिंह, डॉ. प्रकाश चंद्र मिश्रा व पीएचडी कोर्डिनेटर इन्स्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज डॉ. शशांक शेखर ने भी ललित प्रकाश एवं सुपरवाइजर डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, को उन्नत शोधकार्य हेतु बधाई दी। बाहर से परीक्षण हेतु पधारे ब्राह्य परीक्षक डीन विधि विभाग, राजस्थान यूनिवर्सिटी डॉ. संजुला थान्वी ने परीक्षण के उपरांत शोधकार्य को उपयोगी बताया।

### ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर में दो की मौत

**अमेठी।** लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर रविवार तड़के ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार सुबह करीब पांच बजे मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में नागेश्वर गंज नहर के पास की है जब ट्रक और पिकअप वाहन में टक्कर हो गयी। पुलिस ने बताया कि पिकअप वाहन में सवार सीतापुर जिले के निवासी असगर अली (40) और शाजिद (उम्र पता नहीं) की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पिकअप वाहन में सवार सीतापुर जिले के निवासी असगर अली (40) और शाजिद (उम्र पता नहीं) की मौके पर मौत हो गई।उसने बताया कि इस घटना में सीतापुर जिले के ही निवासी राजी अहमद और आफताब घायल हो गये जिन्हें मुसाफिरखाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पिकअप वाहन सुल्तानपुर के सूरापुर से लखनऊ की ओर जा रहा था और सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### ई-रिक्शा से भिड़कर बाइक सवार सब्जी विक्रेता की मौत

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के कानपुर रोड पर निहस्था गांव के निकट रविवार की सुबह तेज रफ्तार सब्जी विक्रेता बाइक सवार सामने जा रहे एक ई- रिक्शा में भिड़ गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उन्नाव जनपद के बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेउती गांव निवासी रामू (28) सब्जी का व्यापार करता था। वह सुबह करीब 9ः30 बजे कस्बे की कृषि मंडी से बाइक पर टमाटर लाद कर घर लौट रहा था। तभी हाईवे पर निहस्था गांव स्थित ओवर ब्रिज के नीचे सामने जा रहे एक ई रिक्शा में पीछे से भिड़ गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। राहगीरों ने फौरन उसे इलाज के लिए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि बाइक चला रहा युवक हेलमेट पहने था। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर लगने के बाद ई-रिक्शा दो बार सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि ई- रिक्शा पर चालक के अलावा कोई और सवारी नहीं बैठी थी। डॉक्टरों की सूचना पर पहुंची पुलिस जरूरी कार्रवाई कर रही है।

### रायबरेली के संतोष कुमार सिंह को को डॉक्टरेट की उपाधि



**रायबरेली।** जिले के लालगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले लखनगांव के निवासी संतोष कुमार सिंह ने अपने गांव और जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। भारतीय सेना में पिछले 10 वर्षों से प्रशासनिक क्लर्क के रूप में कार्यरत संतोष कुमार सिंह को अमेरिकन काउंसिल द्वारा ष्प्रोडक्ट डिजाइन एंड मैनेजमेंटष् के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपने व्यस्त सैन्य जीवन और शैक्षणिक रुचियों के बीच संतुलन बनाते हुए यह बडी उपलब्धि हासिल की है। गांव और जिले के पहले ऐसे व्यक्ति होने के नाते, जिन्हें यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है,उनकी उपलब्धि पर पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। परिवार,दोस्तों रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने संतोष कुमार सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि कडी मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। यह सम्मान न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है।

### युवती को नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण का आरोप

**महराजगंज रायबरेली।** घर से पूजा करने के लिए निकली युवती को नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है, हालांकि पुलिस मामले को आपसी विवाद को लेकर घटना संदिग्ध बता रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊशर्की के रहने वाले संतोष कुमार पांडे ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह घर से कुछ ही दूरी पर घड़ी की दुकान करते हैं, उनकी पत्नी शिक्षामित्र हैं, उनकी दो बेटियां घर पर ही थी शनिवार दोपहर लगभग के आसपास बड़ी पुत्री घर से बाहर पूजा करने को निकली थी इसी बीच कुछ लोगों द्वारा उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया गया कुछ देर बाद जब उसे होश आया तो उसने खुद को एक चार पहिया वाहन में दो अज्ञात नकाबपोशों से घिरा पाया तभी अचानक गाड़ी में कुछ खराबी के चलते गाड़ी रुक गईं इसी बीच मौका पाकर पुत्री आरोपियों के चंगुल से भागकर किसी तरह घर पहुंची और आपबीती बताई।कोतवाल जगदीश यादव ने बताया मामला संदिग्ध है, शनिवार को पहले अज्ञात में तहरीर दी गई इसके बाद आज रविवार को पड़ोसियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी गई है, पड़ोसी से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी हुई थी मामले की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

### आरटीओ से ट्रक को जबरन छुड़ाने के मामले में एक गिरफ्तार

**उरई, जालौन।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा अजीतमल थाना क्षेत्र स्थित इमिलिया फ्लाई ओवर के सर्विस लैंड पर चैकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक नंबर यूपी 75 बीटी 7898 को ओवरलोड होने पर रोका। उसी समय एक कार पर सवार आदेश कुमार निवासी शेरपुर बकेवर रसूलपुर जिला इटावा ने अपने को ट्रक मालिक बताते हुए चालान ट्रक को थाने जाने से रुकवा दिया। इसी बीच सोनू ठाकुर निवासी पिपरौंधा कालपी के कहने पर आदेश कुमार एवं अन्य लोगों ने ट्रक चालक, क्लीनर को ट्रक भगा कर ले जाने को कहा। जब हमारे हमराह व चालक आदित्य कुमार ने रोकने का प्रयास किया तो सोनू ठाकुर, आदेश कुमार एवं अन्य लोगों ने हमारे साथ एवं हमारे हमराह जितेंद्र सिंह, आदित्य कुमार के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रक को भगा ले गए। उसकी सूचना थाना अजीतमल में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोनू ठाकुर निवासी पिपरौंधा को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लायी जा रही है।

# पीड़ितों के साथ खड़ी है समाजवादी पार्टी: आरएस कुशवाहा

**संवाददाता।** रायबरेली



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल शैलेंद्र मौर्य एवं उनके छोटे भाई संदीप मौर्य निवासी ग्राम गोठिया, मजरे तिवारीपुर, थाना सलोन रायबरेली पहुँचा। जहाँ पर विगत 2 दिसम्बर, 2024 को अपनी रिस्तेदारी निमंत्रण में ग्राम अपराहतन का पुरवा, मजरे डिडौली, थाना ऊँचाहार, जनपद रायबरेली गये शैलेन्द्र मौर्य व संदीप मौर्य पर दबंग प्रवत्ति के लोगों द्वारा उपरोक्त दोनों भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई इलाज के दौरान ही श्री शैलेंद्र मौर्य की मृत्यु हो गई एवं संदीप मौर्य गम्भीर स्थिति में एम्स रायबरेली में भर्ती है।

पीड़ित परिवार से मिलने एवं शोक संवेदना व्यक्त करने व वस्तुस्थिति से अवगत होने हेतु नीरज मौर्य सांसद लोकसभा, नें कहा कि योगी सरकार में उ0प्र0 में अपराध चरम पर है जंगल राज कायम है पिछड़ों दलितों, अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार किये जा रहे है। आर.एस.कुशवाहा पूर्व मंत्री, इं0 विनीत कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा, इं0 वीरेंद्र यादव जिलाध्यक्ष सपा रायबरेली, श्याम सुंदर विधायक, राहुल लोधी विधायक, राजेश मौर्य जिला उपाध्यक्ष, पुत्तन सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष के साथ पहुंचा जहां पर पीड़ित परिवार के पिता श्री बद्री प्रसाद मौर्य, माता श्रीमती भगवन्ता एवं मृतक शैलेन्द्र की पत्नी श्रीमती सुनीता एवं बहन कु0 पूजा व परिवारीजनों एवं ग्रामवासियों से घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। सांसद नीरज मौर्यों कहा कि योगी सरकार में उ0प्र0 पूर्व मंत्री आर0एस0 कुशवाहा नें कहा समाजवादी पार्टी इस निर्धन परिवार के दु:ख की इस घडी में न्याय दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है, उ0प्र0 सरकार से मांग है कि परिवार को एक करोड़ रूपये की धनराशि एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

### समाजसेवी प्रदीप मिश्रा के निधन पर शोक की लहर

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई व बराती लाल गंगाराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक, समाजसेवी प्रदीप मिश्रा का शनिवार की देर रात को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को गेगासों गंगा घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेटे कार्तिकेय उर्फ गोलू मिश्रा ने मुखाग्नि दी। वे 62 वर्ष के थे। विगत कई वर्षों से वह गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। शनिवार की देर रात करीब 11 बजे अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे जीवन पर्यंत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे। उनके असामयिक निधन पर पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय, भाजपा नेता अनूप पांडेय, कैलाश बाजपेई, मनोज अवस्थी, चंद्रप्रकाश पांडेय, सतीश त्रिवेदी, पूर्व शिक्षक शिवभूषण द्विवेदी, एडवोकेट शैलेश त्रिवेदी, डॉ. अभिषेक त्रिवेदी, ने संवेदना जताई।

# सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत, 7 अन्य घायल

**ऊंचाहार।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गये, जिसमें दो घायलों को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया है।पहली घटना नगर के पुराना पेट्रोल पंप के पास की है,जहां रविवार की दोपहर लखनऊ से प्रयागराज की ओर जा रही कार ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, घटना में बाइक सवार शोभित 19 वर्ष, शिवानी 18 वर्ष तथा करुणा देवी 55 वर्ष निवासी पट्टी रहस कैथवल घायल हो गई, राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां से शिवानी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।बाइक सवार तीनों लोग ऊंचाहार कस्बे में दवा कराने जा रहे थे। दूसरी घटना लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर सवैया हसन गाँव के पास की है, जहां रविवार की दोपहर दो बाइकों में आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई।घटना में एक बाइक सवार युवक पास से गुजर रहे टैंकर के नीचे आ गया।घटना में एक बाइक पर सवार इमाम अली 22 वर्ष निवासी वैभित श्रीदत्त गंज जिला बलरामपुर व अरुण यादव निवासी परानपुर थाना बयासी जिला बलिया तथा दूसरी बाइक पर सवार राजेन्द्र निवासी सुलखियापुर ,रंजना 18 वर्ष व वंदना 22 वर्ष निवासी भखरवारा थाना भदोखर घायल हो गये, सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी भिजवाया, जहां इमाम अली को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि राजेन्द्र को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।बताया जा रहा है कि मृतक गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण करा रही कम्पनी में सुपरवाइजर था जो अपने साथी के साथ ऊंचाहार आ रहा था।

# बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलता: पं. ब्रजमोहन

**संवाददाता।** जालौन, उरई

**श्रीवीर** बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित 35 दिवसीय धार्मिक आयोजन के तृतीय चरण के अंतिम दिन श्रीरामकथा का समापन हो गया। कथा व्यास पंडित ब्रजमोहन दीक्षित ने अंतिम दिन की कथा में सीता हरण, लंका दहन, राम–रावण युद्ध, विभीषण का राज्याभिषेक सहित राजा राम के राज तिलक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

रामकथा में कथा व्यास पंडित ब्रजमोहन दीक्षित ने कहा कि रामायण व तुलसी हमें जीने के तरीके सिखाती है। दूसरों की सम्पत्ति चाहे कितनी भी मूल्यवान हो उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। चौदह वर्ष वनवास पूर्ण करने के बाद भगवान श्रीराम जब वापस अयोध्या पहुंचे तो अयोध्यावासी खुशियों से झूम उठे। रामायण हमें आदर, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है, ऐसा सिखाती है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने दीन–दुखियों, वनवासियों आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए, उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। हर राम भक्त का दायित्व है कि पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। यह राम कार्य है। श्रीराम के राज्याभिषेक का वर्णन किया और बताया कि बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलता। अन्ततः अच्छाई और सत्य की जय होती है। अधर्म पर धर्म की जीत हमेशा होती आई है। श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग के दौरान पूरे पंडाल में पुष्पों की वर्षा भक्तों द्वारा की गई। वहीं यज्ञ स्थल पर यज्ञाचार्य ने पंडित अनुज बाजपेई ने आहूतियां दिलाईं। इस दौरान विश्व में शांति व कल्याण की कामना की गई। तृतीय चरण के समापन के बाद मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज ने बताया कि सोमवार से पंडाल में देवी पुराण आयोजन होगा जो रविवार तक चलेगा। देवी पुराण की कथा पंडित शिवम नगायच करेगें। इसके समापन के बाद शिव पुराण का आयोजन होगा। इस मौके पर राजू विश्नोई, अनुरुद्ध, अंजनी, मयंक, शिवम, सत्यम, जय, विनोद आदि भक्त मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण

**कालपी, जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर रविवार को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने घूम–घूम कर वावई गांव की गौशाला का औचक निरीक्षण करके व्यवस्थाओ का जायजा लिया। परिसर में साफ पानी उपलब्ध कराने तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिये निर्देश दिए। जिला प्रशासन के निर्देशन पर उप जिलाधिकारी महेवा बिकास खंड के ग्राम मगरौल में दोपहर को औचक बाबई में पहुच कर गौशाला का निरीक्षण किया।

# डीएम की अध्यक्षता में विद्युत हड़ताल के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न




**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा की जा रही हड़ताल के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था एवं विद्युत व्यवस्था को बहाल रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति किसी भी दशा में बाधित न होने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। प्रत्येक उपकेन्द्र पर सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित रखी जाए, जिससे लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति होती रहे। उन्होंने तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वो अपने तैनाती विद्युत उपकेन्द्र पर शान्ति व्यवस्था एवं विद्युत व्यवस्था को बहाल रखना सुनिश्चित करायेंगे तथा समय–समय पर आवश्यक सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी व सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को अविलम्ब उपलब्ध करायेंगे। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया है कि विद्युत हड़ताल अवधि में सभी लोग धैर्य एवं संयम से शान्ति व्यवस्था बनाये रखें तथा कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे अमन–चैन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका हो।

### सांसद के एल शर्मा ने भेजी अग्नि पीड़ितों को राहत सामग्री

नसीराबाद, रायबरेली। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अग्नि पीडितों को राहत सामग्री भेज कर उनके घाव पर मरहम लगाने का सराहनीय कार्य किया है। एक दिन पहले शुक्रवार की रात और शनिवार की सुबह ब्लॉक छतोह की बाजार हनुमान गढी कुटिया मजरे संडहा में संदिग्ध परिस्थितियों से लगी आग में चार दूकाने जलकर भस्म हो गई थीं। छोटे दुकानदारों की आय का स्रोत समाप्त हो जाने से उनके सामने रोजी–रोटी की समस्या खडी हो गई थी। रविवार की सुबह स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता राम तीरथ पासी की सूचना पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पूर्व पीसीसी सदस्य और कांग्रेस के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रजवाडी प्रसाद पासी को राहत सामग्री के साथ मौके पर भेजकर निसार अहमद, राज कुमार कोरी, दिलीप वर्मा तथा राम मिलन आदि अग्नि पीडितों को दैनिक उपयोग के बर्तन,बिस्तर और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई।उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णुकांत मिश्र, आदि मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 9 दिसम्बर 2024



# डीएम ने पिलाई दो बूंद जिंदगी की, किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

● दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरारः डीएम

●7.39 लाख बच्चों को पूरे जिले में पिलाई जाएगी खुराक, स्वास्थ्य विभाग के घर-घर जाएंगे कर्मचारी'



**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए रविवार से पल्स पोलियो अभियान शुरू किया गया। एक हफ्ते तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला महिला चिकित्सालय से किया। उन्होंने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की और नवजात शिशु अंशए अर्श समेत पांच शिशुओं को पोलियो ड्राप भी पिलाया और दो बूंद हर बारए पोलियो पर जीत रहे बरकरार का मंत्र भी दिया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत लखीमपुर खीरी जिले के लगभग 739082 बच्चों को 0 से 5 साल की आयु के बीच पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी दी गई हैए ताकि वे घर.घर जाकर बच्चों को खुराक पिला सकें और अभियान को सफल बना सकें। इस अभियान को 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक चलाया जाएगा और इसका लक्ष्य जिले के सभी बच्चों तक पहुँच कर उन्हें पल्स पोलियो से जोड़ा जाएगा। डीएम ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि हर घर तक पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाए।

# मानसिक मंदता दिवस पर भावना दिव्यांग स्कूल में हुए रंगारंग कार्यक्रम

**फतेहपुर।** मानसिक मंदता दिवस के अवसर पर भावना दिव्यांग स्कूल हुए में मानसिक मंदित् बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा, डॉ. अंबेडकर स्नाकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य गुलशन सक्सेना एवं डॉ. सरिता ने दीप प्रज्वलित करके एवं सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिला अस्पताल से मनोवैज्ञानिक डॉ. रिंकी लाकरा ने मानसिक मंदिता एवं मानसिक बीमारी के विषय में विस्तार से बताया जिससे अभिभावक लाभान्वित हुए।

समाज सेविका श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने बच्चों से केक कटवा कर बच्चों को आनंदित कर दिया। मानसिक मंदित् 8 वर्षीय बच्चे ने कृष्ण की बाल लीलाओं को दिखाकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। स्नाकोत्तर महाविद्यालय के डॉ. सरिता ने दिव्यांग बच्चो को पढाने वाली अध्यापिकाओं की योग्यता को सराहा एवं नवनिर्मित भवन हेतु 11000 रुपए का सहयोग दिया। जनपद की वरिष्ठ अधिवक्ता मनीषा गुप्ता ने दिव्यांग बच्चों को चॉकलेट एवं मिठाई वितरित किया। संस्थान की निदेशिका भावना श्रीवास्तव ने मानसिक मंदता के विषय में विस्तार से बताया और दिव्यांग संस्थान की सचिव श्रीमती ललिता रस्तोगी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कार्यक्रम को समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन पूजा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ अभिभावकों के अतिरिक्त ज्योति, पूर्वी, माधुरी, अंजना, नेहा, नूरजहां, मंजूर अहमद, अखिलेश, मतीन आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के आदेश को मोरंग करोबारी दिखा रहे ठेंगा, नहीं रुक रही ओवरलोडिंग



**असोथर ( फतेहपुर )।** नगर पंचायत क्षेत्र की जनता इन दिनों भारी-भरकम वाहनों की धमाचौकड़ी से काफी परेशान है, जहाँ एक ओर वाहनों की लगने वाली बड़ी कतार जाम की समस्या पैदा कर देती है। वहीं दूसरी ओर भारी वाहनों के आवागमन से क्षेत्र की रोडो की हालत खस्ता होती जा रही है। इतना ही नहीं वाहनों के आने-जाने के दौरान उड़ने वाला धूल का गुबार जहां एक ओर श्वास रोग से पीड़ित मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर नगर वासियों समेत आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न रोगों से प्रभावित भी कर रहा है।

बीते दिनों असोथर कस्बा के भीतर से आने जाने वाले भारी वाहनों एवं लगने वाले भीषण जाम की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों के साथ गुजर रहे वाहनों को रोक कर जाम लगाकर एक पूर्व प्रधान पति ने मोरंग कारोबारी की मनमानी पर अंकुश लगाने का प्रयास किया था, जिसका परिणाम यह रहा की मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने गंभीरता को भापते हुए समस्या का समाधान करने की बात कहीं और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम तो खुलवा दिया, किन्तु इसके अगले दिन पूर्व प्रधान पति के मोबाइल पर एक घाट संचालक जनप्रतिनिधि का धमकी भरा फोन आया जिसे पूर्व प्रधान पति द्वारा अपना वीडियो बनाकर वायरल भी किया गया था। इसी मामले को लेकर पूर्व प्रधान पति एवं स्थानीय लोगों के साथ मोरंग कारोबारी की पंचायत भी हुई यह निर्णय लिया गया था कि सुबह करीब 05 बजे से रात 11 बजे तक कस्बे के भीतर भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा और उड़ती धूल से निजात दिलाने के लिए कम से कम दो बार पानी का छिड़काव भी कराया जाएगा। मामला शांत होने के साथ ही मोरंग कारोबारी अपने वायदे से भूल गया जिसकी वजह से एक बार फिर स्थानीय लोगों को भीषण जाम एवं धूल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# कार में बैठी महिला के लाखो के जेवर हुये गायब

● पुलिस ने शुरु की जांच पड़ताल, शक की सुई कार चालक पर

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**नगर** से महोबा जाने के लिए अज्ञात कर में बैठी दो बहनों के बैग में रखें सोने चांदी के जेवरात व हजारों की नगदी अचानक से गायब हो गई। पीड़ित महिला ने पुलिस को लिखित जानकारी दी है, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। महोबा की रहने वाली शबनम खातून पत्नी मोहम्मद तौफीक ने पुलिस को बताया कि छः दिसंबर की दोपहर वह अपनी छोटी बहन चांदनी के साथ महोबा जाने के लिए बड़े चौराहे पर खड़ी थी तभी एक अज्ञात कार चालक द्वारा महोबा जाने की आवाज लगाने पर वह उसकी कार में बैठ गई और अपना बैग सीट के नीचे रख लिया। कार चालक अपनी गाड़ी नरायच तक ले गया और आगे चेकिंग लगी होने की बात कहकर वापस मौदहा बड़े चौराहा लाकर सभी सवारियों को उतार दिया।

इस बीच शबनम ने अपना बैग देखा तो उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात जिनकी कीमत लगभग तीन लाख रुपए व दो हज़ार रूपये नगद गायब थे उसने इधर.उधर कार चालक की तलाश की लेकिन वह जा चुका था और अन्य सवारियां भी इधर उधर हो चुकीं थीं ।शनिवार को शबनम ने इस घटना को लेकर कोतवाली पुलिस से जांच पड़ताल कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है इस मामले में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है घटना की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# पुलिस ने छापेमारी कर छह वारण्टियों को दबोचा



पुलिस हिरासत में मौजूद वारंटी।

● सभी वारण्टियों को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा छह वारण्टियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहनलाल, बनियानी चौकी प्रभारी रावेन्द्र सिंह, कस्वा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राधामोहन शर्मा नें कांस्टेवल पंकज कुमार, सतेन्द्र कुमार, प्रशान्त बालियान के साथ ग्राम बरगावां निवासी रवी पुत्र खुमान, मोहल्ला गांधीनगर निवासी हसरूद्दीन पुत्र मजीद, ग्राम रसूलपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र मिडईलाल, ग्राम बदलेपुर्वा निवासी गण सिपाहीलाल पुत्र शिवदीन व मेघनाथ पुत्र मुंशीलाल, ग्राम सौसरापुर निवासी विश्राम उर्फपतन्ना पुत्र पातीराम जाटव को छापेमारी कर हिरासत में लेकर जनपद न्यायालय भेजा गया।

# किशनपुर में बनेगी 500 गोवंश के क्षमता की कान्हा गौशाला

**फतेहपुर।** विजयीपुर कस्बा में अन्ना मवेशियों की भरमार के बीच नगर पंचायत किशनपुर में 500 मवेशियों की क्षमता वाली कान्हा गौशाला बनेगी जिसके लिए शासन ने धन अवमुक्त करते हुए नगर पंचायत से एक सप्ताह में डीपीआर मांगा है। नगर पंचायत किशनपुर में सैकड़ो की संख्या में अन्ना मवेशी घूम रहे हैं जिससे पूरे बाजार, किराना मार्केट, सब्जी मंडी, गल्ला मंडी, थाना परिसर, अस्पताल आदि प्रमुख सड़कों में अन्ना मवेशी घूमते रहते हैं। जिससे कस्बा बाजार आने वाले राहगीरों को चोटहिल भी करते रहते हैं। इसी बीच 24 नवंबर को उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त सचिव कल्याण बनर्जी ने जिलाधिकारी को पत्र जारी करते हुए नगर पंचायत किशनपुर में 1 करोड़ 65 लाख 89 हजार रुपए की लागत से कान्हा गौशाला बनवाने के निर्देश दिए हैं। जिसके लिए अधिशासी अधिकारी से एक सप्ताह में जमीन के अभिलेख सहित डीपीआर तैयार कर मांगा गया है।

## क्विक न्यूज

### शराब की पार्टी करने के बाद धारदार हथियार से युवक की हत्या, दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** मुस्करा क्षेत्र में शराब की दावत करने के बाद दोस्तों ने शनिवार को देर रात धारदार हथियार से युवक की हत्या कर दी,पुलिस ने रविवार को निर्वस्त्र हालत में लाश को बरामद किया है। मृतक की पत्नी ने दो लोगो को खिलाफहत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के बंडवा गाव में शनिवार को देर रात गांव के अर्जुन पाल (40) को गांव के ही जयहिंद व धीरेंद्र साहू बुलाकर ले गये थे देर रात तक तीनों लोगो ने जमकर शराब पी इसके बाद अर्जुन पाल को दोनो ने मिलकर धारदार हथियार से हत्या कर दी लाश को निर्वस्त्र कर भैयाय रोड के किनारे फेक दिया। रविवार को ग्रामीणों को जानकारी हुई तो पुलिस कोसूचना दी,जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता सीओ राठ मौके पर जाकर छान बीन की, मृतक की पत्नी मन्नू देवी ने गांव के ही जयहिंद व धीरेंद्र साहू के खिलाफहत्या की मुकदमा मुस्करा थाने में दर्ज कराया है,पुलिस ने टीमे गठित कर गिरफ्तारी का प्रयास शुरु कर दिया है। पुलिस ने दो डाक्टरों के पैनल में लाश को पोस्टमार्टम कराया है।

### शादी की साली में जा रही बाइक सवार पत्नी के गिरने से मौत

**राठ (हमीरपुर)।** ससुराल में साली की शादी में पत्नी व बच्चों को लेकर बाइक से जा रहे युवक की बाइक गड्ढे में गिर जाने पर पीछे बैठी पत्नी असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। महिला की मौत पर स्वजनों में मातम छा गया है। कोतवाली के लींगा गांव निवासी ऋषिकेश पुत्र बालकिशन राजपूत ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे उसका भाई राहुल अपनी ससुराल घुरौली गांव पत्नी 35 वर्षीय देवकीए पुत्र गोविन्दए पुत्री दिव्यांशी को लेकर बाइक से जा रहे थे। तभी उरई रोड स्थित रिहुंटा व चुरहा के पास बाइक गड्ढे में चली गई। इस दौरान बाइक के पीछे बैठी उसकी भाभी अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां डॉ चंद्रशेखर सिंह मृत घोषित कर दिया है। मां की मौत पर पुत्र गोविन्दए पुत्री दिव्यांशी का रो रोकर बुरा हाल है।

### चेयरमैन ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**फतेहपुर।** शहर के टीचर्स कॉलोनी में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य व सभासद सुनील गुप्ता ने विधिवत पूजन कर नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। नगर पालिका परिषद के जेई अमर सिंह ने बताया कि यह सीसी रोड की लंबाई 75 मीटर है और लागत लगभग आठ लाख रुपए है। रोड के दोनों तरफनाली बनाई जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा कि नगर पालिका और हमारे प्रयास से शहर की ज्यादा सीसी रोडो को बनाया जा रहा है। जहां पानी की समस्या है वहां नल का निर्माण भी बहुत तेजी से किया जा रहा है। शहर का विकास ही हमारी प्राथमिकता है।

### नीलगाय से टकराकर बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

**बिंदकी (फतेहपुर)।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिंदकी-ललौली मार्ग में रावतपुर के समीप का रावतपुर के समीप शनिवार की रात को नीलगाय से टकराकर बाइक सवार आयुष गुप्ता 31 वर्ष पुत्र कैलाश चंद्र गुप्ता निवासी श्यामनगर कानपुर तथा उसी बाइक में सवार प्रहलाद कश्यप 37 वर्ष पुत्र श्यामलाल निवासी कल्याणपुर कानपुर गंभीर घायल हो गए। दोनों घायलों को शनिवार की रात करीब 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। आयुष गुप्ता, प्रहलाद कश्यप दोनों एक ही बाइक में सवार होकर किसी काम से बांदा जनपद गए थे। वे लोग रात में बांदा से वापस कानपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में रावतपुर के समीप अचानक सामने आ गई नीलगाय से टकरा गए जिसके चलते दोनों लोग गंभीर घायल हो गए। इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने आयुष गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। घायल प्रहलाद कश्यप को चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद कानपुर रेफर कर दिया।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के सेवरामऊ गांव निवासी भवानीदीन मिश्रा का पुत्र हरीकृष्ण मिश्रा शनिवार रात लगभग 11 बजे पैदल आ रहा था। तभी लोहिया पुल परसेठा के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसे रौंदता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# नई किरण में 34 मामले आये

**कानपुर देहात।** स्थानीय पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई । नई किरण में 34 मामले आयेए जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 04 परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ रहने को तैयार हो गयेए शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी । प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस कार्यक्रम में म0नि0 सीमा सिंह (प्रभारी महिला प्रकोष्ठ), महिला थानाध्यक्ष सुषमा, म0का0 190 प्रियंका गुप्ता, म0का0 785 स्फूर्ति, म0का0 1282 आरती व0 म0का0 111 ज्योती शिखा (महिला सहायता प्रकोष्ठ) तथा नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण डॉ0 पूनम गुप्ता, कंचन मिश्रा, रामप्रकाश आदि मौजूद रहे तथा सबका विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

● चैयरमैन रामजी गुप्ता एसओ जेपी शर्मा, चौकी ईंचार्ज राकेश सिंह सहित पूर्व शिक्षक रहे मौजूद

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे के कोचिंग संस्थान द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुँचे चैयरमैन रामजी गुप्ता, एसओ जेपी शर्मा, चौकी ईंर्चाज राकेश सिंह ने सफल अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी।

कस्बे के डेरापुर रोड स्थित एक कोचिंग संस्थान द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित करने के लिये समारोह का आयोजन स्थानीय गेस्ट हाउस में किया गया। सफल अभ्यर्थियों को माला पहना कर उनकी उपलब्धि के लिये बधाई दी गयी। चैयरमैन रामजी गुप्ता ने सफल अभयर्थियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि आप सभी ने कस्बे व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जब कोई व्यक्ति अपने कैरियर में सफल होता है तो उसके माता पिता तो गौरवान्वित होते ही है साथ ही सभी कस्बाईयों व क्षेत्रीय लोगों का भी सम्मान बढता है। एसओ जेपी शर्मा ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुये कहा कि आप सभी अपने नवीन दायित्व को निष्ठा के साथ निर्वाह करें। सेवा व सॅवेदनशीलता के साथ किये गये काम से पुलिस की छवि आमजनमानस में बेहतर होती है। कार्यक्रम में कस्बा चौकी ईंर्चाज राकेश कुमार सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक बच्चनलाल पाण्डेय, रामऔतार दीक्षित, सत्येन्द्र सिंह, सॅजय सिंह यादव, इदरीश अहमद, रसूल बख्श, शिक्षक बृजेश शुक्ला, अमित तिवारी, राजू राईन, जितेन्द्र सिंह यादव अफज़ाल अहमद, गुडडू अहमद सहित दो दर्जन से भी अधिक पुलिस भर्ती परीक्षा के सफल अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# सिद्धान्त व मर्यादा का प्रतीक माना जाता है कोरी समाजः घनश्याम अनुरागी

● कोरी समाज का महासम्मेलन सम्पन्न,सभी ने समाज को आगे बढने के लिये लोगो को किया प्रेरित



बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित करते समाज के लोग

**हमीरपुर।** स्थानीय तहसील ग्राउन्ड में कोरी समाज महासंस्थान के बैनर तले कोरी समाज का महा सम्मेलन सम्पन्न हुआ इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा. घनश्याम अनुरागी ने कहा कोरी समाज सिद्धांत व मर्यादा का प्रतीक है। जिसके मन में कोई क्रोध लोभ,मोह न हो वही तो कोरी है,जो विल्कुल साफ सुथरा व बेदाग है वही तो कोरी है। इसलिये हमे कोरी कहने में गर्व महसूस होता है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक हर व्यक्ति को कपड़े की आवश्यकता होती है। यदि शरीर में कपड़ा नही होगा तो वह निर्वस्त्र हो जायेगा इसलिये पूरे मनाव समाज को कपड़ा देने का काम को सबसे पहले कोरी विरादरी के लोगो ने ही किया था,कबीर साहब ने जो उपदेश दिये है समाज को एक नयी दिशा मिल रही है। पूर्व विधायक राठ गयादीन अनुरागी ने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे ताकि वह आगे वढ़ सके उन्होने कहा शिक्षा वह सिंहनी है जिसका दूध पीने से लोग दहाड़ते है, धनाभाव के कारण बच्चों की शिक्षा न रुकने दे इसके लिये सारा समाज गरीब बच्चों के साथ है। सुल्तानपुर से आये प्रोफेसर एसपी कुटार ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे पूर्वजो ने समाज को एक नयी दिशा प्रदान की है। जिसे समाज आज भी हमारे पूर्वजों की कही बातों का अनुकरण करता है। उन्होने कहा कि हम गौतम बुद्ध,झलकारी बाइ,कबीर साहब के बताये मार्ग पर चलेगे तो कभी भी धोखा नही खायेगे। कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुरेश कुमार कोरी ने कहा कि समाज को पढ लिखकर आगे बढना है कोरी महासंस्थान एक मिशन का कामकर रहा है गरीबों को समय समय पर मदद की जाती है उन्होने कोरी समाज के संगठन को धन्यवाद दिया कि संगठन के लोग हमेशा समाज के लिये तैयार रहते है।

# सोनिया गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर की गई प्रेस वार्ता



**लखीमपुर खीरी।** पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व सांसद सोनिया गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर होने वाले कार्यक्रम को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने के कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में मौजूद पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा ष् गांधी परिवार द्वारा देश के लिए किए गए बलिदान और त्याग किसी से छुपा हुआ नहीं है कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष व सांसद सोनिया गांधी जी का जन्मदिन कल पूरे प्रदेश में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाएगा स देश में मौजूदा सत्ता व सरकार नफरत फैलाने का काम कर रही है इसलिए हम सभी कांग्रेस जन कल सोनिया गांधी जी के जन्मदिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुए रक्तदान शिविर का आयोजित करेंगे और मोहब्बत का संदेश देते हुए यह संदेश देंगे कि हम सभी का खून एक है हम सब एक हैं।

काँग्रेस के जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ने कहा ष् देश में जो लोग बांटने और काटने की बात कर रहे हैं कांग्रेस पार्टी उनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी स कांग्रेस पार्टी ने हमेशा प्रेम और सद्भावना की बात की है और अपनी इसी बात को आगे बढ़ते हुए अपने हर कार्यक्रम द्वारा लोगों में प्रेम एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए लगातार देश और जनता के हितों के लिए काम कर रही है। वार्ता में डॉक्टर रवि शंकर त्रिवेदी ए सिद्धार्थ त्रिवेदीए प्रेम वर्माएकोमल सिंहए रवि तिवारीए राकेश विश्वकर्मा एअब्दुल रहीमए अब्दुल कयूम आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# नगर विकास समिति की मुहिम रंग लाई, हुआ छिड़काव

● सीएमओ ने दिये पॉच चिकित्सकों की टीम को निरीक्षण के निर्देश



कीटनाशक दबाओं को छिडकाव करता स्वास्थ्य कर्मी।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत दिनों पूर्व समाजसेवी संस्था नगर विकास समिति ने नगर क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप के कारण नगर मे पैर पसार रही संक्रामक बीमारियों की रोकथाम एवं सीएचसी में सुविधायें बढाये जाने के लिये ज्ञापन सौंपा था। जिसके फलस्वरूप सीएमओ के आदेश पर नगर में कीटनाशक दबाओं का छिडकाव कराया गया। साथ ही सीएमओ नें पॉच चिकित्सकों की टीम को स्थानीय सीएचसी के निरीक्षण के निर्देश भी दिये हैं। सोमवार को सीएमओ स्वदेश कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर के मोहल्ला रामगंज, किदवईनगर, अशोकनगर सहित अन्य मोहल्लों में मच्छर मारने की कीटनाशक दबाओं का छिड़काव कराया गया। जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली। वहीं नगर विकास समिति के पदाधिकारियों हरिओम गुप्ता एवं संजय गुप्ता द्वारा बॉयरल बुखार से बचाव के लिए पम्पलेट वितरित कर जनता को जागरूक किया गया। इस दौरान नगर विकास समिति अध्यक्ष हरिओम गुप्ता नें बताया कि सीएमओ नें पांच डॉक्टरों की टीम का पैनल बनाकर सीएचसी में निरीक्षण करने का आदेश भी दिया है।

# डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय अकबरपुर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का फीता काटकर किया शुभारंभ



**कानपुर देहात।** आज जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा जिला महिला चिकित्सालय अकबरपुर से राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारम्भ फीटा काटकर किया गया। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन मेंए लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि वह बढ़.चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लेकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक लेने में प्रशासन की मदद करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियो महाअभियान के सफलता हेतु जनपद के समस्त ब्लॉकों में 08.12.2024 को 891 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी। 09.12.2024 से 13.12.2024 तक घर.घर अभियान चलाकर 353500 घरों में 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को प्रतिरक्षित किया जायेगा। जनपद में कुल 284996 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य है। पोलियो खुराक से छूटे हुये बच्चों को बी0 टीम के माध्यम से दिनांक 16ण12ण2024 दिन.सोमवार को प्रतिरक्षित किया जायेगा। सभी सम्मानित जनता से अपील है कि दिनांक 09ण12ण2024 से दिनांक 13ण12ण2024 के बीच घर.घर पहुंचने वाली टीम के माध्यम से पोलियो की खुराक से अपने बच्चे का प्रतिरक्षित अवश्य करायें। शुभारम्भ के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0के0 सिंहए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 बंदना सिंहए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 आशीष वाजपेयीए सामु0स्वा0 केन्द्र अकबरपुर के चिकित्सा अधीक्षक डा0 आई0एच0 खानए एस0एम0ओ0 डा0 अश्विनी यू0 पाटेकरए प्रतिरक्षण अधिकारी नरेन्द्र तिवारीए यूनीसेफ सना परवीनए यू0एन0डी0पी0 से राकेश यादवए डी0वी0एस0एम0 अवधेश कुमार नियमित टीकाकरण कार्यकम के सुशील कुशवाहा आदि कार्यकम में उपस्थित रहे। गजनेर पुलिस द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार कानपुर देहात। महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मेंए थाना गजनेर पर दिनांक 07.12.2024 को वादिनी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 314/2024 धारा 64/351 (2)/351(3)/127(2)/131 बीएनएस बनाम 02 अभियुक्त पंजीकृत किया गया था।

# महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के लिए नार्वेकर का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय


महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ विधानसभा सचिव जितेंद्र भोले के समक्ष नामांकन दाखिल करते राहुल नार्वेकर

**मुंबई।** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राहुल नार्वेकर का महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाना लगभग तय है। विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) ने अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। महाराष्ट्र की 14वीं विधानसभा में ढाई साल तक अध्यक्ष रहे नार्वेकर मुंबई की कोलाबा विधानसभा सीट से फिर से निर्वाचित हुए हैं। नार्वेकर ने बतौर अध्यक्ष शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के साथ नार्वेकर ने रविवार को विधानसभा सचिव जितेंद्र भोले के समक्ष नामांकन दाखिल किया। एमवीए नेताओं ने फडणवीस से मुलाकात की और उनसे उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने के प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया। विपक्षी गठबंधन ने नेता प्रतिपक्ष का पद भी मांगा। सदन में सोमवार को अध्यक्ष के चुनाव की औपचारिक घोषणा की जाएगी। इसके बाद नई सरकार शक्ति प्रदर्शन कर विश्वास मत हासिल करेगी। इसके बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे।

**एमवीए नेताओं ने मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात कर विधानसभा में उपाध्यक्ष का पद मांगा:**मुंबई। (भाषा) महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी के नेताओं ने रविवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर विपक्षी गठबंधन में शामिल किसी एक दल को विधानसभा उपाध्यक्ष का पद देने की मांग की। नेताओं ने फडणवीस से कहा कि विपक्ष विधानसभा अध्यक्ष को निर्विरोध चुने जाने देगा लेकिन वह चाहता है कि सत्ता पक्ष प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उसे विधानसभा उपाध्यक्ष का पद दे।महाविकास आघाडी में शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार शामिल है।

# धामी ने ओंकारेश्वर मंदिर से चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की

**देहरादून। (भाषा)** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रुद्रप्रयाग जिले में स्थित बाबा केदार के शीतकालीन प्रवास स्थल उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन द्वारा यात्रा के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने बाबा केदार का आशीर्वाद लेते हुए आधिकारिक रूप से चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरूआत की है और उनकी सरकार का प्रयास है कि वर्ष में 12 महीने श्रद्धालु और पर्यटक राज्य में आएं जिससे प्रदेशवासियों का रोजगार भी चलता रहे। उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा शुरू होने से प्रदेश में तीर्थाटन व पर्यटन और सशक्त होगा। धामी ने कहा, इससे न केवल वर्षभर पर्यटकों का आगमन होगा, बल्कि यहां के अनेक पर्यटन स्थलों को भी नई पहचान मिलेगी। साथ ही स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे जो उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे।

मुख्यमंत्री ने देशविदेश के पर्यटकों से भी अपील की कि वे शीतकालीन यात्रा पर प्रदेश में आएं और चारधाम के शीतकालीन गद्दीस्थल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होंने कहा, इसके साथ ही गोपीनाथ, औली, पांडुकेश्वर, चोपता, जोशीमठ, कल्पेश्वर, त्रियुगीनारायण, कालीमठ, देवरियाताल, हरसिल, नेलांग घाटी, हर की दून, हनोल, विश्वनाथ मंदिर, टिहरी झील, कार्तिकेय स्वामी समेत कई पर्यटक स्थलों का भ्रमण करें ताकि पर्यटन उद्योग को भी प्रोत्साहन मिले और क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण हो सके। इस अवसर पर केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल, रुद्रप्रयाग के विधायक भरत चौधरी और श्री बदरी- केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय भी उपस्थित थे। धामी ने हाल में कहा था कि उच्च गढ़वाल हिमालई क्षेत्र में स्थित चारों धामों के शीतकालीन प्रवास स्थलों की यात्रा शुरू की जाएगी तथा श्रद्धालुओं को गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) के होटलों में रूकने पर किराए में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में चार धामों-बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट बंद कर दिए जाते हैं और उसके बाद मंदिरों में स्थापित देवी-देवताओं को उनके शीतकालीन प्रवास स्थल ले जाया जाता है जहां सर्दियों में उनकी पूजा की जाती है। गंगोत्री मंदिर से मां गंगा की डोली को उनके शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा ले जाया जाता है जबकि यमुनोत्री मंदिर से मां यमुना को खरसाली पहुंचा दिया जाता है। भगवान केदारनाथ को जहां उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में स्थापित किया जाता है, वहीं भगवान बदरीनाथ को उनके शीतकालीन प्रवास स्थल जोशीमठ के नरसिंह मंदिर लाया जाता है। अगले साल अप्रैल-मई में दोबारा मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाते हैं। छह माह के यात्रा सीजन में देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु चारधामों के दर्शन के लिए आते हैं और इसे गढ़वाल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। इस वर्ष भी करीब 48 लाख श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।


रुद्रप्रयाग के ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर वापस आते उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

# राज ठाकरे के सपने टूट गए, महायुति को उनकी जरूरत नहीं: आठवले

**मुंबई।**(भाषा) केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे प्रासंगिकता खो चुके हैं और सत्तारूढ़ महायुति को उनकी जरूरत नही है। महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 20 नवंबर को हुए चुनावों में मनसे एक भी सीट जीतने में असफल रही थी। पार्टी प्रमुख के बेटे अमित ठाकरे को भी मुंबई के माहिम निर्वाचन क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा था। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख आठवले ने कहा, राज ठाकरे को लगता था कि उनके बिना सत्ता नही मिल सकती। उनके सपने चकनाचूर हो गए हैं। मेरे गठबंधन में होने के कारण राज ठाकरे के लिए कोई जगह नही है। वह अपनी रणनीति और पार्टी के झंडे का रंग बदलते रहते हैं। यह उनकी घटती प्रासंगिकता को दर्शाता है। आठवले की पार्टी एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा है। नासिक में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने यह भी विश्वास जताया कि उनकी पार्टी को देवेंद्र फडणवीस सरकार में प्रतिनिधित्व मिलेगा। हालिया विधानसभा चुनावों में करारी हार के लिए ईवीएम के दुरुपयोग को जिम्मेदार ठहराने के लिए महा विकास आघाडी की आलोचना करते हुए आठवले ने कहा कि विपक्ष ऐसे बहाने बनाकर लोकतंत्र का अपमान कर रहा है।

## हर कोने में घर योजना का समर्थन

वाराणसी। एसीसी उत्पाद और सेवाएं वाराणसी स्थित श्री राजबली महतो को एक प्रसिद्ध ठेकेदार बनने में सहायता करते हैंए जो 38 वर्षों से अधिक समय से इस प्रमुख शहर में लंबे समय तक चलने वाले घरों का निर्माण कर रहे हैं। 1984 में अपने करियर की शुरुआत करते हुएए वह 2000 में एक ठेकेदार बन गएए और जल्दी ही एसीसी उत्पादों के मूल्य और मजबूती को सीख लिया। श्री राजबली गर्व से अपनी सभी विशेषज्ञता के लिए एसीसी इंजीनियरों और तकनीकी सेवाओं को श्रेय देते हैंए क्योंकि उन्होंने 100 से अधिक एसीसी कार्यक्रमोंए प्रशिक्षणों और कौशल विकास कार्यशालाओं में भाग लिया हैए जिसमें हाल ही में श्स्टील डिटेलिंग एंड एस्टीमेशनश् कार्यशाला भी शामिल है।

## देश के हितों के लिए सैन्य ही नहीं, विशेषज्ञों की सिविलियन आर्मी की भी जरूरत: न्यायमूर्ति सूर्यकांत

गांधीनगर। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत ने रविवार को यहां कहा कि आर्थिक, राजनीतिक, कानून के शासन और सुशासन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे राष्ट्र को न केवल सेना की आवश्यकता है, बल्कि विशेषज्ञों की एक सिविलियन आर्मी की भी आवश्यकता है, जो देश के अंदर और बाहर दोनों जगह इसके हितों की लगन और बुद्धिमत्ता से देखभाल करे। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में विधि छात्रों की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के समापन सत्र को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि विधि का क्षेत्र पूर्णता नही बल्कि दृढ़ता, जिज्ञासा और निष्पक्षता एवं समानता के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, आर्थिक, राजनीतिक, लोकतांत्रिक, विधि-सम्मत शासन और सुशासन की दृष्टि से आगे बढ़ रहे राष्ट्र को न केवल सेना की आवश्यकता है, बल्कि सैन्य गुणों से युक्त सादे कपड़े में रहने वाले विशेषज्ञों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, चाहे आप विधि स्नातक हों, आपराधिक कानून या अंतरराष्ट्रीय कानून के विशेषज्ञ हों, चाहे आप प्रोफेसर हों या वैज्ञानिक या इंजीनियर हों, या किसी अन्य जिम्मेदार पद पर हों, आप उस नागरिक सेना का हिस्सा बन जाते हैं जो बहुत सावधानी से, बुद्धिमानी से और लगन से राष्ट्र के भीतर एवं बाहर हितों की देखभाल करती है।

## ट्रेनिंग बढ़ाने के लिए साझेदारी

कानपुर। एनएसडीसी इंटरनेशनल और सोम्पो केयर इंक ने भारत में क्वालिटी केयरगिवर्स के लिए एक स्थायी ट्रेनिंग देने और अंतरराष्ट्रीय अवसरों की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से एक साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत एनएसडीसी इंटरनेशनल ग्रेटर नोएडा ट्रेनिंग सेन्टर में एक अत्याधुनिक ट्रेनिंग लैब स्थापित की गई है। इस लैब को प्रैक्टिकल केयरगिवर्स स्किल और जापानी भाषा के एजुकेशल प्रोग्राम्स को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। लैब के उद्घाटन के अवसर पर एनएसडीसी के सीओओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी ने कहा हम सोम्पो केयर इंक के साथ अपनी साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं।

# पार्टी कार्यर्ताओं में जोश भरने को रालोद का इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू

**लखनऊ** ।(भाषा) पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पुत्र चौधरी अजित सिंह द्वारा स्थापित राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरने के लिए उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान के युवाओं के लिए एक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम को सारथी इंटर्नशिप कार्यक्रम नाम दिया गया है जिसके तहत 21 से 30 वर्ष की उम्र के युवाओं को रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, पार्टी के सांसदों और विधायकों के साथ काम करने का अवसर दिया जाएगा। सारथी इंटर्नशिप कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए रालोद प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने बताया, यह तीन माह का कार्यक्रम है जो जनवरी, 2025 से शुरू होकर मार्च 2025 में खत्म होगा। यह युवाओं को रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के साथ ही उत्तर प्रदेश और राजस्थान के विधायकों और सांसदों के साथ काम करने का अवसर उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया, इस कार्यक्रम के जरिए युवा इंटर्नशिप की अवधि के दौरान विधाई और कार्यकारी प्रक्रियाएं, सोशल मीडिया, लोक नीति और अनुसंधान सहित राजनीतिक प्रचार के बारे में सीखेंगे। इस कार्यक्रम के तहत उन्हें दिल्ली, लखनऊ और जयपुर में पार्टी के कार्यालय में और रालोद के विधानसभा क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलेगा। सक्सेना ने बताया कि इस इंटर्नशिप के लिए सामाजिक विज्ञान, कला, विकास अध्ययन और विधि में स्नातक कर चुके युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बेहतर अनुसंधान कार्य और कंप्यूटर प्रबंधन में कौशल सहित लेखन कौशल भी पात्रता में शामिल होगा। उन्होंने दावा किया कि शाहजहांपुर, बरेली, हरदोई और प्रदेश की राजधानी लखनऊमें पिछले 10 दिनों में कई युवाओं ने सारथी इंटर्नशिप कार्यक्रम में रुचि दिखाई है।रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने पीटीआई-भाषा को बताया, इस कार्यक्रम का लक्ष्य यह है कि युवाओं को अपने-अपने क्षेत्र के सांसदों और विधायकों का कामकाज देखने का अवसर मिले। इंटर्नशिप कार्यक्रम में शामिल युवाओं को सीखने का मौका मिलेगा और साथ ही वे समाज सेवा करेंगे। इस इंटर्नशिप के जरिए कुछ युवा नौकरी भी हासिल कर सकेंगे। त्यागी ने कहा, यहां से तजुर्बा हासिल कर कुछ युवा अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी बन सकते हैं और जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। यहां से उनके लिए भविष्य के रास्ते खुलेंगे।

# लोकसभा में राहुल गांधी से सवाल पूछूंगा: निशिकांत दुबे ने अमेरिका के खिलाफ भाजपा के आरोपों पर कहा

**नई दिल्ली।** भारत को अस्थिर करने के प्रयास संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरोपों को अमेरिका द्वारा खारिज किए जाने के बीच पार्टी सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से 10 सवाल पूछेंगे। दुबे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि मीडिया पोर्टल ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) और हंगरी-अमेरिकी व्यवसाई जॉर्ज सोरोस ने भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने तथा मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए विपक्ष के साथ मिलीभगत की है।अमेरिका ने शनिवार को भाजपा के उन आरोपों को खारिज किया कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित संगठन और वाशिंगटन की सरकारी संस्थाओं से जुड़े तत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उद्योगपति गौतम अदाणी पर लक्षित हमलों के माध्यम से भारत को अस्थिर करने के प्रयासों में शामिल हैं। अमेरिकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने आरोपों को निराशाजनक बताया और कहा कि अमेरिका सरकार दुनिया भर में मीडिया की स्वतंत्रता की पैरोकार रही है। दूतावास के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए दुबे ने कहा, कल मैंने अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों का बयान बार-बार पढ़ा।

# कांग्रेस ने भारत-चीन संबंधों के संपूर्ण आयाम पर संसद में चर्चा किए जाने की मांग की

**नई दिल्ली।** (भाषा) कांग्रेस ने भारत-चीन संबंधों पर संसद में दिए गए बयान को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को मांग की कि संसद को दोनों देशों के बीच संबंधों के संपूर्ण आयाम पर बहस करने का अवसर दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही कांग्रेस ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अप्रैल 2020 से पहले की पुरानी सामान्य स्थिति के स्थान पर नई सामान्य स्थिति पर सहमत हो गई है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि भारत-चीन संबंधों पर संसद में चर्चा रणनीतिक और आर्थिक नीति दोनों पर केंद्रित होनी चाहिए, खासकर इसलिए क्योंकि चीन पर देश की निर्भरता आर्थिक रूप से बढ़ गई है, जबकि उसने चार साल पहले हमारी सीमाओं पर यथास्थिति को एकतरफा रूप से बदल दिया था। रमेश ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों में चीन के साथ भारत के संबंधों में हालिया घटनाक्रम शीर्षक से विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा हाल में अपनी ओर से दिए गए बयान का अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन मोदी सरकार की चिर-परिचित राजनीति का हिस्सा है कि सांसदों को किसी तरह के स्पष्टीकरण की मांग करने की अनुमति नहीं दी गई। रमेश ने कहा कि भारत-चीन सीमा संबंधों के कई पहलुओं की संवेदनशील प्रकृति को पूरी तरह ध्यान में रखते हुए कांग्रेस के पास मोदी सरकार से पूछने के लिए चार सवाल हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि बयान में दावा किया गया है कि सदन उन परिस्थितियों से पूरी तरह अवगत है जिनके कारण जून 2020 में गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस संकट पर राष्ट्र का पहला आधिकारिक बयान 19 जून, 2020 को तब आया, जब प्रधानमंत्री ने चीन को सार्वजनिक रूप से क्लीन चिट दे दी थी और झूठा बयान दिया था कि न कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है। रमेश ने कहा, यह न केवल हमारे शहीद सैनिकों का अपमान था, बल्कि इससे बाद की वार्ताओं में भारत की स्थिति भी कमजोर हुई। प्रधानमंत्री को यह बयान देने के लिए किस बात ने मजबूर किया? उन्होंने कहा, 22 अक्टूबर 2024 को सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने भारत की दीर्घकालिक स्थिति को दोहराया: जहां तक हमारा सवाल है, हम अप्रैल 2020 की पूर्व की स्थिति पर वापस जाना चाहते हैं... उसके बाद हम सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने और एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) के सामान्य प्रबंधन की बात करेंगे। रमेश ने कहा, लेकिन पांच दिसंबर 2024 को भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 32वीं बैठक के बाद विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने सेनाओं के पीछे हटने संबंधी सबसे हालिया समझौते के कार्यान्वयन की सकारात्मक पुष्टि की है जिससे 2020 में उभरे मुद्दों का समाधान हो गया। उन्होंने कहा, क्या इससे हमारे आधिकारिक रुख में बदलाव का पता नहीं चलता? रमेश ने कहा कि संसद में विदेश मंत्री के बयान में कहा गया है कि कुछ अन्य स्थानों पर जहां 2020 में टकराव हुआ था, वहां आगे ऐसी स्थिति को टालने के लिए स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर अस्थाई और सीमित तरीके के कदम उठाए गए हैं।

# पेज 1 का शेष

## किसानों...

नेतृत्व वाली पंजाब सरकार केंद्र के साथ गठबंधन कर रही है और उनके खिलाफ काम कर रही है। पंधेर ने सवाल किया कि विरोध स्थल पर मीडिया को क्यों रोका जा रहा है। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने दिल्ली की ओर मार्च रोक दिया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी के अलावा किसान कृषि ऋण माफी, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं, पुलिस मामलों (किसानों के खिलाफ) को वापस लेना और 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को बहाल करना और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देना भी उनकी मांगों का हिस्सा है। अंबाला जिले के कुछ हिस्सों में मोबाइल इंटरनेट और बल्क मैसेज भेजना बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारियों ने पहले ही पांच या अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं और प्रशासन के आदेश पर सरकारी और निजी स्कूल दिन भर के लिए बंद कर दिए गए हैं। व्यवधानों को रोकने के लिए, हरियाणा पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर शंभू सीमा पर बहुस्तरीय बैरिकेड्स लगाकर पंजाब के साथ अंबाला की सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी थी और पानी की बौछारें भी तैनात की थीं। इससे पहले हरियाणा पुलिस ने अपने पंजाब समकक्ष को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि मीडिया कर्मियों को उनकी सुरक्षा के लिए विरोध स्थल से सुरक्षित दूरी पर रोका जाए। इसने पहले किसानों से मार्च को आगे नहीं बढ़ाने को कहा था और अंबाला प्रशासन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत लगाए गए निषेधाज्ञा का हवाला दिया था, जो जिले में पांच या अधिक लोगों के गैरकानूनी रूप से एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाता है। वहीं दिल्ली में, रविवार को दिल्ली के सिंघू बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है और सिंघू बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सिंघू बॉर्डर पर थोड़ी तैनाती की गई है, लेकिन शंभू बॉर्डर पर स्थिति के अनुसार इसे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीमा पर और दिल्ली के मध्य भाग में सुरक्षा व्यवस्था के कारण यातायात भी प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि नोएडा सीमा पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है क्योंकि उत्तर प्रदेश के किसानों का एक अन्य समूह वहां विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

## असद...

और उनके भाई को हिरासत में ले लिया गया था और यह नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ। उन्होंने कहा कि असद एक अपराधी, तानाशाह और जानवर है। मध्य दमिश्क में एक अन्य व्यक्ति गजल अल-शरीफ ने कहा, राष्ट्रपति पर और पूरे असद परिवार पर धिक्कार है। दमिश्क में एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने बताया कि उसने राजधानी के बाहरी इलाके में सड़क के किनारे हथियारबंद निवासियों के समूहों को देखा और गोलियों की आवाजें सुनीं। शहर का मुख्य पुलिस मुख्यालय खाली प्रतीत होता है, उसका दरवाजा खुला था और बाहर कोई अधिकारी नहीं था। एपी के एक अन्य पत्रकार ने खाली पड़ी सेना चौकी के फुटेज लिए जिसमें असद के पोस्टर के नीचे जमीन पर वर्दियां पड़ी दिख रही हैं। विपक्ष से जुड़े मीडिया पर प्रसारित फुटेज में राजधानी के केंद्र में स्थित एक चौराहे पर एक टैंक और लोगों का एक छोटा समूह जश्न मनाने के लिए एकत्र हुआ नजर आ रहा है। मस्जिदों से अल्लाह-हू-अकबर की आवाजें सुनाई दे रही हैं। यह 2018 के बाद पहली बार है जब विद्रोही दमिश्क के भीतर पहुंच गए। सीरियाई सैनिकों ने वर्षों की घेराबंदी के बाद 2018 में राजधानी के बाहरी इलाकों पर फिर से कब्जा कर लिया था। सरकार समर्थक शाम एफएम रेडियो ने बताया कि दमिश्क हवाई अड्डे को खाली करा लिया गया है और सभी उड़ानें रोक दी गई हैं। विद्रोहियों ने यह भी घोषणा की कि वे राजधानी के उत्तर में स्थित सैदनाया सैन्य जेल में घुस गए हैं और उन्होंने वहां से कैदियों को मुक्त करा लिया है। इस बीच, जो संगठन पहले असद सरकार के करीबी थे, उन्होंने उनसे दूरी बनाने का प्रयास किया। सरकार समर्थक रहे अल-वतन समाचार पत्र ने लिखा, हम सीरिया के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत देख रहे हैं। हम अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने और ज़्यादा खून नहीं बहाया। हमारा मानना है और हमें भरोसा है कि सीरिया सभी सीरियाई लोगों के लिए होगा। यह भी कहा कि अतीत में सरकारी बयानों को प्रकाशित करने के लिए मीडियाकर्मियों को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। उसने कहा, हमने केवल निर्देशों का पालन किया और जो समाचार उन्होंने हमें भेजे थे, हमने उन्हें प्रकाशित किया। यह जल्द ही स्पष्ट हो गया कि यह झूठ था। असद के समर्थक रहे अलावी संप्रदाय ने एक बयान में सीरिया के युवाओं से शांत, तर्कसंगत और विवेकपूर्ण व्यवहार करने तथा हमारे देश की एकता को तोड़ने वाली चीजें नहीं करने का आह्वान किया। इससे एक रात पहले सरकारी बल सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स से पीछे हट गए जिसके बाद विपक्षी बलों ने इस पर कब्जा कर लिया। यह शहर, राजधानी दमिश्क और सीरिया के तटीय प्रांतों लताकिया और टारटस के बीच स्थित है। प्रांत सीरियाई नेता का गढ़ हैं और यहां रूस का नौसैनिक अड्डा भी है। दमिश्क में विद्रोहियों के पहुंचने से पहले शनिवार को सीरियाई सेना दक्षिणी सीरिया के ज्यादातर हिस्सों से पीछे हट गई जिसके कारण दो प्रांतीय राजधानियों समेत देश के अधिकांश क्षेत्र विपक्षी लड़ाकों के नियंत्रण में आ गए। सीरिया के विद्रोही गुट जिहादी हयात तहरीर अल-शाम समूह (एचटीएस) प्रमुख अबू मोहम्मद अल-गोलानी ने बृहस्पतिवार को सीरिया से सीएनएन को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा था कि इस हमले का उद्देश्य असद की सरकार को सत्ता से बेदखल करना है। बशर-अल- असद पर गृहयुद्ध के दौरान युद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया गया है, जिसमें वर्ष 2013 में राजधानी के बाहरी इलाके में रासायनिक हथियारों से हमला भी शामिल है। असद के कट्टर समर्थक ईरान की ओर से कोई बयान नहीं आया था। दमिश्क में ईरानी दूतावास को खाली करने के बाद उसमें तोड़फोड़ की गई। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने सीरिया में व्यवस्थित ढंग से राजनीतिक बदलाव सुनिश्चित करने के लिए जिनेवा में तत्काल वार्ता का आह्वान किया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि उन्हें सीरियाई लोगों के लिए खेद है। रूस असद का मुख्य अंतरराष्ट्रीय समर्थक है।

## संजीव...

की शुचिता और गरिमा की रक्षा करने तथा उसमें जनता का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए यह कदम आवश्यक था। बीसीआई कानूनी पेशे की प्रतिष्ठा और सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और इसकी शुचिता को बनाए रखने के अपने संकल्प में दृढ़ है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल नैतिकता और योग्यता के उच्चतम मानकों को पूरा करने वाले लोगों को ही भारत में वकालत करने की अनुमति दी जाए। बीसीआई ने कहा कि उपसमिति को दिए गए शैक्षणिक रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई थी या एक समान लिखावट और स्याही की एकरूपता के साथ लंबे समय तक बनाए गए थे। इसके अलावा यह स्थापित किया गया था कि एलएलबी ऑनर्स कार्यक्रम को बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों के तहत 2008 में ही शुरू किया गया था, जिससे कथित तौर पर 1988 में जारी की गई डिग्री नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं थी। डिग्री की जांच के दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ असहयोग नहीं किया गया। इससे उनकी डिग्री की प्रामाणिकता पर और ज्यादा संदेह पैदा हो गया। इसके बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा गठित उप-समिति ने गहन जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि संजीव नासियार की एलएलबी (ऑनर्स) डिग्री की प्रामाणिकता अत्यधिक संदिग्ध है।

## महाकुंभ...

भी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से फीड यहां प्राप्त होगी। रेल मंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के (प्राण प्रतिष्ठा) कार्यक्रम और पुरी की जगन्नाथ यात्रा से मिले अनुभव का उपयोग करके यहां काम किया गया है। एक विशेष बात यह है कि करीब करीब हर स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज पर एकल दिशा में यात्रियों के जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान ट्रेनें इस तरह से लगाई जाएंगी कि यात्रियों को फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल कम से कम करना पड़े रेल मंत्री ने कहा कि प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों पर 23 से ज्यादा होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं और 48 नए प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं। इसी तरह 21 फुटओवर ब्रिज (एफओबी) बनाए गए हैं और 554 टिकटिंग व्यवस्थाएं की गई हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे ने 5,000 करोड़ रुपए से ज्यादा महाकुम्भ के लिए पिछले दो वर्ष में तैयारियों पर खर्च किए हैं। रेल मंत्री के साथ चेयरमैन, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार और रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## दिल्ली में...

विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे के अनुसार, मंगलवार तक वायु की गुणवत्ता खराब श्रेणी में रहेगी, जिसके बाद बुधवार को यह बहुत खराब श्रेणी पहुंच जाएगी। मौसम विज्ञान संस्थान अगले सात दिनों में हवा के खराब श्रेणी में रहने का अनुमान लगाया है।

## भारतीय क्रिकेट...

भूमिका बखूबी निभाई। 199 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 35.2 ओवर में 139 रनों पर ढेर हो गई, क्योंकि उनका कोई भी विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल सका, जिसमें आईपीएल के सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे, जो मात्र 9 रन (7 गेंद, 2 चौके) ही बना सके। भारत को सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे (1) के रूप में शुरुआती झटके लगे और पांच ओवर के अंदर स्कोर दो विकेट पर 24 रन हो गया। फाइनल में पहुंचने के बाद बांग्लादेश ने बाकी भारतीय बल्लेबाजों को शांत रखते हुए बाउंड्री और सिंगल रन भी बनाए। सी आंद्रे सिद्धार्थ (35 गेंदों पर 20 रन) की पारी को 12वें ओवर में रिजान हुसैन ने खत्म किया, जो खेल का एक और महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि पलड़ा पूरी तरह बांग्लादेश के पक्ष में झुक गया था। लेकिन इकबाल हुसैन इमोन ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया और तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए, जिससे भारत की उम्मीदों पर पानी फिर गया। उन्होंने केपी कार्तिकेय (21), निखिल कुमार (0) और हरवंश पंगालिया (6) को आउट किया। मोहम्मद अमन ने लंबे समय तक संघर्ष किया और 65 गेंदों पर 26 रन बनाए, लेकिन उनका प्रयास और हार्दिक राज की 21 गेंदों पर 24 रन की पारी भी भारत के लिए जीत के लिए काफी नहीं थी। भारत के लिए मैच का अंत तेजी से हुआ, क्योंकि अजीजुल हकीम ने अपने 2.2 ओवरों में 8 रन देकर 3 विकेट लिए। पहले हाफ में, रिजान हुसैन के 47, मोहम्मद शिहाब जेम्स के 40 और फरीद हसन के 39 रन ने मैच में अंतर पैदा किया।

# सीमा सुरक्षा के लिए बृहद ड्रोन रोधी इकाई गठित करेगा भारतः शाह



**जोधपुर।** (भाषा) केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए जल्द ही एक बृहद ड्रोन रोधी इकाई का गठन करेगा, क्योंकि आने वाले दिनों में मानव रहित यानों का खतरा गंभीर होने वाला है। भारत-पाकिस्तान सीमा से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित बीएसएफ के प्रशिक्षण शिविर में बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह में जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि लेजर युक्त ड्रोन रोधी गन-माउंटेड तंत्र के शुरुआती परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन को मार गिराने और उनका पता लगाने की क्षमता तीन प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गई है। शाह ने कहा, आने वाले दिनों में ड्रोन का खतरा और भी गंभीर होने वाला है... हम इससे निपटने के लिए समग्र सरकार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए रक्षा और अनुसंधान संगठनों और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम आने वाले समय में देश के लिए एक बृहद ड्रोन रोधी इकाई का गठन करने जा रहे हैं। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा से लगे इलाके में इस वर्ष 260 से अधिक ड्रोन मार गिराए गए या बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा करीब 110 ड्रोन का था।हथियार और नशीले पदार्थ ले जाने में ड्रोन के इस्तेमाल की सबसे अधिक घटनाएं पंजाब में हुई हैं, जबकि राजस्थान और जम्मू में कुछ घटनाएं हुई हैं। गृहमंत्री ने रस्मी परेड का अवलोकन किया और सलामी ली तथा वीरता पुरस्कार विजेताओं को पदक और कुछ अन्य अलंकरण प्रदान किए। बीएसएफ की स्थापना एक दिसंबर 1965 को की गई थी जिसमें फिलहाल 2.65 लाख जवान हैं। मुख्य रूप से इसका काम देश के आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगती 6,300 किलोमीटर से अधिक की भारतीय सीमा की सुरक्षा करना है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान (2,289 किलोमीटर) और बांग्लादेश (4,096 किलोमीटर) से सटी भारतीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (सीआईबीएमएस) पर काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा, हमें असम के धुबरी (भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा) में नदी सीमा पर स्थापित सीआईबीएमएस के प्रभावशाली परिणाम देखने को मिल रहे हैं लेकिन कुछ सुधार की जरूरत है। मंत्री ने यह भी कहा कि उत्तरी सीमाओं की आबादी को विकसित करने और मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) को भविष्य में देश के सभी सीमावर्ती गांवों के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसमें सीमा सुरक्षा को बढ़ाने और इन दूरदराज के इलाकों में रहने वाली आबादी के लिए 4,800 करोड़ रुपए के कोष आवंटन के साथ काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे वर्तमान में लगभग 3,000 गांवों में ‘प्रायोगिक आधार’ पर संचालित किया जा रहा है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने भारत की सीमाओं को मजबूत करने के लिए ‘बड़ी बजट’ मंजूर किया है जिसमें बाड़ लगाना, सीमावर्ती बुनियादी ढांचा, सड़कें और अन्य साजोसामान शामिल है। उन्होंने कहा, वर्ष 2047 तक भारत के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त करना और नंबर एक स्थान हासिल करना हमारे सुरक्षा कर्मियों के बिना संभव नहीं है... जो समर्पण के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। भारत की सीमाओं की सुरक्षा के बारे में शाह ने कहा कि कई वर्षों से भारत की सीमा सुरक्षा नीति में ‘स्पष्टता का अभाव’ था। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान सीमा प्रबंधन के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण और ‘एक सीमा, एक बल’ नीति शुरू की गई थी, जो नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद और भी अधिक परिभाषित हो गई है। शाह ने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा के 591 किलोमीटर पर बाड़ लगाने का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि 579 निगरानी चौकियों के निर्माण के अलावा सीमा के 1,159 किलोमीटर पर फ्लडलाइट लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, 685 स्थानों पर बिजली कनेक्शन, 575 स्थानों पर पानी के कनेक्शन और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 570 सौर संयंत्र लगाए गए हैं। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में 1,812 किलोमीटर सड़कों के अलावा लगभग 573 नई सीमा चौकियां बनाई हैं। बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी ने कहा कि विभिन्न बटालियन में 13,226 नए प्रशिक्षित कर्मियों को तैनात किया गया है और इससे बल की ‘संचालन शक्ति’ में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि 4,000 नए भर्ती किए गए कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि लगभग 12,000 अगले महीने सुरक्षा और युद्ध कौशल सीखने के लिए बल में शामिल होंगे और उसके बाद उन्हें सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। चौधरी ने पाकिस्तान सीमापार से दुश्मन द्वारा हथियार और मादक पदार्थ के साथ भेजे जा रहे ड्रोन की ‘बढ़ती संख्या’ के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि इस साल पश्चिमी सीमा पर 250 से अधिक ड्रोन का पता लगाया गया है।

# हिरासत में यातना देने के मामले में पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट किए गए बरी



**पोरबंदर।** (भाषा) गुजरात के पोरबंदर की एक अदालत ने हिरासत में यातना देने मामले में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट को बरी कर दिया है और कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप को साबित नहीं कर सका। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश पंड्या ने शनिवार को पोरबंदर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) भट्ट को उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज मामले में सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

इससे पहले भट्ट को जामनगर में 1990 में हिरासत में हुई मौत के मामले में आजीवन कारावास और 1996 में पालनपुर में राजस्थान के एक वकील को फंसाने के लिए मादक पदार्थ रखने से जुड़े मामले में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। वह वर्तमान में राजकोट के केंद्रीय कारागार में बंद हैं। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष इन आरोपों को साबित नहीं कर सका कि शिकायतकर्ता को अपराध कबूल करने के लिए मजबूर किया गया और खतरनाक हथियारों का इस्तेमाल कर और धमकियां देकर आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया गया था।अदालत ने इस बात पर भी गौर किया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी नहीं ली गई थी जो उस समय एक लोक सेवक था। भट्ट और कांस्टेबल वजुभाई चाउ पर भारतीय दंड संहिता की धारा 330 (अपराध स्वीकार करवाने के लिए चोट पहुंचाना) और 324 (खतरनाक हथियारों से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। कांस्टेबल वजुभाई की मृत्यु के बाद उसके खिलाफ मामले को खत्म कर दिया गया। दोनों के खिलाफ यह मामला नारन जादव नामक व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया कि आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) और शस्त्र अधिनियम के मामले में अपराध कबूल करवाने के लिए पुलिस हिरासत में उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी गईं शिकायतकर्ता जादव ने छह जुलाई 1997 को मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष शिकायत दी थी और अदालत के निर्देश के बाद 15 अप्रैल 2013 को पोरबंदर शहर बी-डिवीजन पुलिस थान में भट्ट और वजुभाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। जादव हथियार बरामदगी से जुड़े 1994 के मामले में 22 आरोपियों में से एक था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पोरबंदर पुलिस की एक टीम ट्रांसफर वारंट पर पांच जुलाई 1997 को जादव को अहमदाबाद के साबरमती केंद्रीय कारागार से पोरबंदर स्थित भट्ट के आवास पर ले गई थी।

जादव के निजी अंगों समेत शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर बिजली के झटके दिए गए। उनके बेटे को भी बिजली के झटके दिए गए। शिकायतकर्ता ने बाद में न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत को यातना के बारे में बताया, जिसके बाद जांच के आदेश दिए गए। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने 31 दिसंबर 1998 को मामला दर्ज किया और भट्ट तथा कांस्टेबल वजुभाई को समन जारी किया। 15 अप्रैल 2013 को अदालत ने भट्ट और वजुभाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया।

## पिछले 12 महीनों में 66 प्रतिशत व्यवसायों ने रिश्वत दीः सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** (भाषा) देशभर के 159 जिलों में लगभग 66 प्रतिशत व्यापारिक कंपनियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पिछले 12 महीनों में रिश्वत दी है। ऑनलाइन मंच लोकलसर्किल्स की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। सर्वेक्षण में 18,000 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिसमें पाया गया कि 54 प्रतिशत को रिश्वत देने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए स्वेच्छा से भुगतान किया।रिपोर्ट में कहा गया, कई कंपनियां नाम न छापने की शर्त पर बताती है कि सरकारी विभागों से परमिट या अनुपालन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए रिश्वत देना आम बात है। प्राधिकरण लाइसेंस की डुप्लिकेट प्रति या संपत्ति से जुड़े किसी भी मामले में रिश्वत देना आम बात है। सर्वेक्षण में शामिल 66 प्रतिशत व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में रिश्वत दी है। सर्वेक्षण में शामिल केवल 16 प्रतिशत व्यवसायों ने दावा किया कि वे हमेशा रिश्वत दिए बिना काम करवाने में कामयाब रहे है और 19 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता नही पड़ी। रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले 12 महीनों में जिन व्यवसायों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम होने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के समान है, जहां सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय परमिट, आपूर्तिकर्ता योग्यता, फाइलें, ऑर्डर, भुगतान नियमित रूप से रोके जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कई स्थानों पर कम्प्यूटरीकरण के बावजूद तथा सीसीटीवी से दूर बंद दरवाजों के पीछे व्यवसायों द्वारा रिश्वत देना जारी है। व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में आपूर्तिकर्ता के रूप में अर्हता प्राप्त करने, कोटेशन और ऑर्डर सुरक्षित करने तथा भुगतान एकत्र करने के लिए विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है। यह सर्वेक्षण 22 मई से 30 नवंबर 2024 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में भाग लेने वाली व्यावसायिक फर्मों ने कहा कि 75 प्रतिशत रिश्वत कानूनी, माप विज्ञान, खाद्य, औषधि, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को दी गई।

## कोलकाता में रैली में बांग्लादेशी साड़ियां जलाई गईं

**कोलकाता।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचारों के विरोध में रविवार को कोलकाता में एक प्रदर्शन किया गया, जिसमें ढाकाई जामदानी साड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। बंगाली हिंदू सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित यह प्रदर्शन साल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस पर हुआ। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी सामानों के बहिष्कार का आह्वान किया तथा चेतावनी दी कि यदि तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे तो भारतीय चुप नहीं बैठेंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने और भारत के खिलाफ नफरत से प्रेरित बयानों की निंदा करते हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे और जामदानी साड़ियों को जलाने के साथ ही हम लोगों से बांग्लादेशी उत्पादों का बहिष्कार करने का आग्रह करते हैं। प्रदर्शन में शामिल एक शख्स ने कहा, यह कैसा बांग्लादेश है? 1971 में आजादी के लिए लड़ने वाले लोग अब अपना ही इतिहास मिटा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश के साथ कूटनीतिक रूप से बातचीत करने का आग्रह किया।

## हिमंत ने ब्रह्मपुत्र नदी पर 12.20 किमी लंबे पुल के लिए भूमिपूजन किया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को ब्रह्मपुत्र नदी पर सुआलकुची और पलासबारी के बीच 12.20 किलोमीटर लंबे पुल का भूमिपूजन किया। शर्मा ने कहा कि यह नदी के दोनों किनारों पर रहने वाले लोगों के लिए एक परिवर्तनकारी पुल होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पुल का निर्माण जून 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सुआलकुची छोर पर आर्द्रभूमि को नुकसान न पहुंचाने के लिए पुल का एक हिस्सा एलिवेटेड कॉरिडोर भी होगा। शर्मा ने कहा, यह पुल ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी और दक्षिणी तटों तथा वहां के लोगों के बीच एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। मै उम्मीद करता हूं कि एक दिन हर उस जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक पुल होगा, जहां से यह नदी गुजरती है। उन्होंने राज्य के विभिन्न भागों में प्रमुख नदी पर सम्पर्क बढ़ाने के लिए चल रही विभिन्न परियोजनाओं और प्रस्तावित परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया।

## मुख्यमंत्री विजयन ने मेरे समूह को स्टालिन की द्रमुक का हिस्सा बनने नहीं दियाः अनवर

**तिरुवनंतपुरम।** निर्दलीय विधायक पी.वी. अनवर ने रविवार को आरोप लगाया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने उनके नवगठित समूह को पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) का हिस्सा बनने नहीं दिया। अनवर ने इस बात को स्वीकार किया कि इस संबंध में द्रमुक नेतृत्व के साथ उनकी चर्चा हुई थी और दावा किया यह प्रयास इसीलिए कामयाब नहीं हो पाया क्योंकि मुख्यमंत्री विजयन ने सीधे तौर पर मामले में हस्तक्षेप किया तथा तमिलनाडु के अपने समकक्ष एम.के. स्टालिन से कहा कि वे उनके समूह को अपनी पार्टी में शामिल न करें।अनवर ने आरोप लगाया कि विजयन के हस्तक्षेप के कारण द्रमुक के साथ उनके संबंध खराब हो गए हैं।नीलांबुर विधायक ने दावा किया कि विजयन ने इस मुद्दे को व्यक्तिगत मामला बताते हुए स्टालिन के सामने रखा था और इस संबंध में उनसे कई बार संपर्क भी किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद माकपा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को छोड़ने वाले अनवर कथित तौर पर अपने समूह डेमोक्रेटिक मूवमेंट ऑफ केरल को तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा बनाने के लिए उसके साथ बातचीत कर रहे है। एक सवाल के जवाब में निर्दलीय विधायक ने कहा कि वे टीएमसी सहित राष्ट्रीय स्तर पर तीन-चार राजनीतिक दलों के साथ चर्चा कर रहे हैं। अनवर ने शनिवार को कहा, हमने (टीएमसी को) एक प्रस्ताव दिया है और वे इस पर विचार कर रहे हैं। एक राष्ट्रीय पार्टी का हिस्सा बनना हमारे लिए भी एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर उनका संगठन तृणमूल के साथ हाथ मिलाता है तो दक्षिणी राज्य में एक मजबूत कम्युनिस्ट विरोधी रुख अपनाया जाएगा।

## प्रोबा-3 से सूर्य के कोरोना के बारे में समझ विकसित करने में मिलेगी मददः इसरो के पूर्व वैज्ञानिक

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक पूर्व वैज्ञानिक ने कहा कि यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 उपग्रहों का इसरो के पीएसएलवी-सी59 रॉकेट के जरिए सफल प्रक्षेपण एक अभूतपूर्व मिशन है और इससे सूर्य के कोरोना तथा सौर वायु के बारे में समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। इसरो मुख्यालय के क्षमता निर्माण कार्यक्रम कार्यालय के पूर्व निदेशक पी वी वेंकटकृष्णन के अनुसार, इस मिशन में नवोन्मेषी डिजाइन और उन्नत प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल किया गया है जो भविष्य में अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान और सौर भौतिकी अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त करेंगी। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, यह मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का समन्वित प्रयास है।

## न्यायालय में स्थगन आदेश से मुकदमों की सुनवाई पर प्रतिकूल असर संबंधी याचिका पर सोमवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय स्वतः संज्ञान अपीलीय अदालतों द्वारा दिए जाने वाले स्थगन आदेशों के कारण मुकदमों की सुनवाई की गति पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव पर सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर नौ दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ के समक्ष इस न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश के लिए तय किए गए मानदंड के बावजूद अपीलीय अदालतों की ओर से दिए गए स्थगन आदेशों का मुकदमों की गति पर प्रतिकूल प्रभाव संबंधी याचिका पर सुनवाई शामिल है। शीर्ष अदालत ने नवंबर 2021 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक याचिका पर विचार करते हुए अपीलीय अदालतों द्वारा दिए गए स्थगन आदेशों और मुकदमे की गति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के मुद्दे को उठाया था।

# विपक्ष ईवीएम के बारे में लोगों को गुमराह करना बंद करे, जनादेश स्वीकारे



**मुंबई।** (भाषा) महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में लोगों को गुमराह करने और जनादेश को स्वीकार न करने का आरोप लगाया। शिंदे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने 20 नवंबर को संपन्न विधानसभा चुनाव में अपने काम की वजह से जीत हासिल की है इसलिए विपक्षी महाविकास आघाडी(एमवीए) को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए और विकास कार्यों में सरकार का समर्थन करना चाहिए। महाराष्ट्र की 288 सदस्ईय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को मतदान हुआ था और 23 नवंबर को नतीजे आए थे। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति गठबंधन ने 230 सीट पर जीत हासिल की थी जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना(उबाठा) और शरद पवार नीत राकांपा(एसपी)के विपक्षी गठबंधन को केवल 46 सीट मिली थीं।विपक्षी दलों ने चुनाव में हार के लिए ईवीएम में अनियमितता का आरोप लगाया और मतपत्रों के इस्तेमाल की मांग की। शिवसेना प्रमुख ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, जब आप जीतते हैं तो ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होती लेकिन जब आप हारते हैं तो मशीन खराब हो जाती है। यह सही तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए कि उन्हें निर्णायक रूप से पराजय मिला है।

# छात्रों की संख्या गिरने से कोटा के कोचिंग और हॉस्टल उद्योग पर असर



**कोटा।**(भाषा) छात्रों की आत्महत्याओं, कोचिंग सेंटरों को विनियमित करने के नए दिशा-निर्देशों और अन्य शहरों में कोचिंग ब्रांड के विस्तार से कोटा में कोचिंग सेंटर और छात्रावासों का कारोबार धीमा पड़ गया है। संबंधित उद्योग से जुड़े लोगों ने यह बात कही।उन्होंने कहा कि कोटा में छात्रों की संख्या सामान्य दो से 2.5 लाख से घटकर इस वर्ष 85,000 से एक लाख रह गई है, जिससे वार्षिक राजस्व 6,500 से 7,000 करोड़ रुपए से घटकर 3,500 करोड़ रुपए रह गया है।इस झटके के बावजूद, हितधारकों को कोटा कोचिंग मॉडल और इसके माहौल की विश्वसनीयता के बारे में आशावादी बने हुए हैं। यूनाइटेड काउंसिल ऑफ राजस्थान इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय चेयरपर्सन गोविंदराम मित्तल ने कहा कि कोटा की शैक्षणिक प्रणाली और माहौल बेजोड़ है और अगले सत्र में छात्रों को आकर्षित करेगा, जो गिरावट की भरपाई करेगा।उन्होंने कहा कि उद्योगपति वैकल्पिक अवसरों की तलाश कर रहे हैं, और वे शहर में बेंगलुरु की तर्ज पर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। इसी साल कर्नाटक सरकार ने एक विधेयक को मंजूरी दी थी, जिसमें निजी क्षेत्र में 50 प्रतिशत प्रबंधन पद और 75 प्रतिशत गैर-प्रबंधन पद स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने की बात कही गई थी, जिसकी पूरे उद्योग जगत ने आलोचना की थी।मित्तल ने कहा कि यहां के उद्योगपतियों ने कोटा में अपना आधार स्थापित करने के लिए बेंगलुरु स्थित कंपनियों से संपर्क किया है और इन कंपनियों की मंजूरी के बाद लोकसभा स्पीकर एवं कोटा-बूंदी के सांसद ओम बिरला के निर्देश पर आईटी सेक्टर के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है।कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन मित्तल ने कहा कि यहां कोचिंग सेंटर और हॉस्टल उद्योग निश्चित रूप से संकट में है। कुछ मालिक जिन्होंने लोन लेकर कई हॉस्टल बनाए हैं, उन्हें किश्तें चुकाने में मुश्किल हो रही है। उन्होंने कहा कि इस संकट ने हॉस्टल मालिकों को बुरी तरह प्रभावित किया है। शहर के 4,500 हॉस्टल में से अधिकांश 40 से 50 प्रतिशत तक रिक्त हो गए हैं। नवीन ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, आत्महत्या दर के मामले में कोटा 50 शहरों से पीछे है, फिर भी शहर को नकारात्मक रूप से चित्रित किया गया है। कोरल पार्क में एक छात्रावास प्रबंधक माणिक साहनी ने कहा कि कमरों का किराया 15,000 रुपए से घटकर 9,000 रुपए हो गया है और कई छात्रावास खाली पड़े हैं।

# जनवरी से कारें हो जाएंगी महंगी



**नई दिल्ली।**(भाषा) विभिन्न कार मॉडलों की कीमतें बढ़ने वाली हैं क्योंकि वाहन विनिर्माताओं ने जनवरी से कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। कार विनिर्माता अगले महीने से कीमतों में बढ़ोतरी लागू करने का मुख्य कारण इनपुट लागत और परिचालन व्यय में वृद्धि बताते हैं।हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि यह कवायद हर साल दिसंबर में वाहन विनिर्माताओं द्वारा वर्ष के अंतिम महीने में बिक्री की मात्रा बढ़ाने के लिए की जाती है, क्योंकि ग्राहक नए साल में वाहन खरीदने के लिए बाद के महीनों तक खरीदारी स्थगित कर देते हैं।परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया के साझेदार रजत महाजन ने कहा, हमने भारत में कीमतों में बढ़ोतरी के कुछ चक्र देखे हैं। यह कैलेंडर वर्ष और वित्त वर्ष की शुरुआत में होता है, लेकिन कुछ वाहन मूल कलपुर्जा विनिर्माता (ओईएम) अपने नियोजित लॉन्च के आधार पर भी समय चुनते हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग) रोहन कंवर गुप्ता ने कहा कि वाहन विनिर्माता कंपनियां आमतौर पर कैलेंडर वर्ष की शुरुआत में कीमतों में वृद्धि करती हैं, ताकि मुद्रास्फीति के दबाव और कमोडिटी की कीमतों आदि के कारण परिचालन लागत में वृद्धि जैसे कारकों की भरपाई की जा सके।उन्होंने कहा, हाल ही में विभिन्न कार विनिर्माताओं द्वारा घोषित मूल्य वृद्धि इसी कारण से है। ध्यान दिया जाना चाहिए कि यात्री वाहन उद्योग में विभिन्न मॉडलों पर पहले से ही भारी छूट की पेशकश की जा रही है, उद्योग का ध्यान भंडारण के स्तर को कम करने पर है। प्रवेश स्तर की ऑल्टो के10 से लेकर बहुउपयोगी वाहन इनविक्टो तक के मॉडल बेचने वाली कंपनी ने कहा कि वह बढ़ती इनपुट लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है।प्रतिद्वंद्वी हुंदै मोटर इंडिया भी एक जनवरी, 2025 से अपने मॉडल रेंज की कीमतों में 25,000 रुपए तक की वृद्धि करने पर विचार कर रही है।महिंद्रा एंड महिंद्रा जनवरी से अपने एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी।महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि यह समायोजन मुद्रास्फीति और वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों के कारण बढ़ती लागत को देखते हुए किया गया है।इसी प्रकार, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि वह अगले महीने से अपने संपूर्ण मॉडल शृंखला की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी।कंपनी ने कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी लगातार बढ़ती इनपुट लागत और अन्य बाहरी कारकों का नतीजा है।

## पुष्पा 2 ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की

**नई दिल्ली।**तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2ः द रूल ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। इस फिल्म के लिए धन उपलब्ध कराने वाले प्रोडक्शन बैनर मैत्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म के नवीनतम बॉक्स ऑफिस आंकड़े साझा करते हुए दावा किया कि पुष्पा 2 सबसे तेजी से इस आंकड़े को छूने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। स्टूडियो ने शनिवार रात एक्स पर लिखा, सबसे बड़ी भारतीय फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जंगल की आग की तरह फैल रही है और रिकॉर्ड तोड़ रही है। पुष्पा 2 : द रूल अब दुनिया भर में सबसे तेजी से 500 करोड़ की कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। सुकुमार निर्देशित यह फिल्म 2021 की तेलुगु ब्लॉकबस्टर पुष्पाः द राइज का सीक्वल है। फिल्म का दूसरा भाग हिंदी, तमिल, कन्नड़, बंगाली और मलयालम में डब संस्करणों के साथ बृहस्पतिवार को दुनिया भर में रिलीज हुआ और उसने पहले दिन 294 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक बॉक्स ऑफिस कमाई के साथ शुरुआत की। इसने भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़ी शुरुआत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले बॉक्स ऑफिस पर एसएस राजामौली की आरआरआर (223.5 करोड़ रुपए) के नाम यह रिकॉर्ड था था। उसके बाद बाहुबली 2 (217 करोड़ रुपए) और कल्कि 2898 ई (175 करोड़ रुपए) का स्थान था।

# मुझे ज्यादातर एक तरह के किरदारों की ही पेशकश हुई : संजय मिश्रा



**मुंबई।** (भाषा) अभिनेता संजय मिश्रा का कहना है कि वह उन निर्देशकों के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें अलग-अलग तरह के किरदार निभाने का मौका दिया, खास तौर पर ऐसे फिल्म जगत में जो उन्हें हास्य भूमिकाओं में ही देखने के लिए आमादा हो गया था। अभिनेता ने मुख्य रूप से गोलमालः फन अनलिमिटेड , धमाल , ऑल द बेस्टः फन बिगिन्स , बंटी और बबली और भूल भुलैया दो और तीन जैसी फिल्मों में अपनी हास्य भूमिकाओं के जरिए दर्शकों के बीच अपनी खासी पहचान बनाई है।मिश्रा ने इन फिल्मों के अलावा आंखों देखी , मसान , वध , और भक्षक जैसी फिल्मों में अभिनय से प्रेरित भूमिकाओं के साथ एक अभिनेता के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, रजत कपूर और सुभाष कपूर ने मुझे क्रमशः आंखों देखी और फंस गए रे ओबामा जैसी फिल्मों का हिस्सा बनने का मौका दिया लेकिन यहां फिल्म जगत में ज्यादातर निर्देशक एक अभिनेता को एक जैसे किरदार देते हैं। मिश्रा ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा, उदाहरण के लिए अगर निर्देशक को किसी फिल्म में किसी खास दृश्य के लिए जॉनी लीवर और संजय मिश्रा की जरूरत होती है तो वे उन्हें उस भूमिका में ले लेते हैं। अभिनेता ने हिंदी सिनेमा के दिवंगत दिग्गज अभिनेता महमूद का उदाहरण देते हुए कहा कि लोग उन्हें ज्यादातर हास्य भूमिकाओं के लिए जानते थे लेकिन उन्होंने पोलियो टीकाकरण के बारे में एक गंभीर संदेश वाली फिल्म कुंवारा बाप भी बनाई थी। उन्होंने पूछा, अगर आप मौका नहीं भुनाएंगे तो चीजें कैसे बदलेंगी?

# सीरिया में मचे कोहराम के बाद दुनिया चौकन्नी

## चीन ने विद्रोही बलों से सीरिया में चीनी नागरिकों की रक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को सीरिया की राजधानी पर कब्जा करने वाले विद्रोही बलों से कहा कि वे देश में चीनी नागरिकों और उसके संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। विद्रोही बलों ने राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटाकर सीरिया की राजधानी पर नियंत्रण बना लिया है। सीरिया पर विद्रोहियों के कब्जे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चीन ने कहा कि वह अरब देश की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और आशा करता है कि जल्द स्थिरता लौट आएगी। चीन सीरिया में असद शासन का समर्थन करता रहा है। विदेश मंत्रालय की ओर से यहां जारी एक बयान में कहा गया कि दमिश्क में चीनी दूतावास खुला है और अपने नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। बयान में कहा गया, हम सीरिया में संबंधित पक्षों से सीरिया में चीनी संस्थानों और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं। इसमें कहा गया है कि चीन सरकार सीरिया छोड़ने की इच्छा रखने वाले चीनी नागरिकों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से ऐसा करने में सक्रिय रूप से मदद कर रही है, सीरिया में अभी भी मौजूद लोगों के साथ संपर्क में रह रही है और उन्हें सुरक्षित रहने के बारे में सलाह दे रही है। बयान में कहा गया, चीनी दूतावास अब भी काम कर रहा है और सीरिया में अपना कर्तव्य निभा रहा है। हम जरूरतमंद चीनी नागरिकों को हर संभव सहायता देना जारी रखेंगे। इससे पहले, जब विद्रोही सेनाएं दमिश्क की ओर बढ़ रही थीं, तो चीन ने सीरिया की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की थी और कहा था कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थिरता की रक्षा के लिए देश के प्रयासों का समर्थन करेगा।



## सीरिया के लोग बिना विदेशी हस्तक्षेप के अपना भविष्य खुद तय करें: ईरान

दमिश्क। सीरिया के अपदस्थ हुए राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार का पुरजोर समर्थन करने वाले ईरान ने कहा कि सीरियाई लोगों को बिना विदेशी हस्तक्षेप के अपना भविष्य खुद तय करना चाहिए।विदेश मंत्रालय ने असद सरकार गिरने के बाद पहली प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविवार को बयान जारी किया। ईरान लगभग 14 वर्ष से जारी गृह युद्ध के दौरान असद का कट्टर समर्थक रहा है।

## सीरिया में अशांति के बाद इजराइल ने गोलान हाइट्स में बफर जोन पर नियंत्रण किया: नेतन्याहू

दमिश्क। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइली सुरक्षा बलों ने सीरिया के साथ 1974 के संघर्ष विराम समझौते तहत गोलान हाइट्स में बनाए गए बफर जोन को अपने नियंत्रण में कर लिया है। बफर जोन दो शत्रु देशों को एक दूसरे से अलग रखने के लिए बनाया जाने वाला क्षेत्र होता है। उन्होंने विद्रोहियों के कब्जे के बाद सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद के शासन का अंत होने के बाद यह बात कही। नेतन्याहू ने कहा कि दशकों पुराना समझौता खत्म हो गया है और सीरियाई सैनिक पीछे हट चुके है, जिसकी वजह से इजराइली नियंत्रण आवश्यक हो गया था।साल 1967 के पश्चिम एशिया युद्ध के दौरान इजराइल ने गोलान हाइट्स पर कब्जा कर लिया था। अमेरिका को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय इसे सीरिया के कब्जे वाला क्षेत्र मानता है।

# असद शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण के निर्देश देकर सीरिया से चले गए थेः रूस



**भाषा।** मॉस्को

**रूस के विदेश** मंत्रालय ने रविवार को दावा किया कि बशर अल असद विद्रोही समूहों के साथ बातचीत के बाद सीरिया से चले गए थे और शांतिपूर्वक तरीके से सत्ता हस्तांतरण के निर्देश दिए थे।मंत्रालय ने रविवार को टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक पोस्ट में कहा कि मॉस्को ने इन वार्ताओं में सीधे तौर पर भाग नहीं लिया है। इसने यह भी कहा कि वह सीरिया में नाटकीय घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है।इसने कहा कि सीरिया में तैनात रूसी सैनिकों को सतर्क किया गया है और रविवार दोपहर तक वहां रूसी सैन्य ठिकानों की सुरक्षा को कोई गंभीर खतरा नहीं था।रूस ने सितंबर 2015 से सीरिया में सैन्य अभियान चलाया हुआ है, तथा ईरान के साथ मिलकर असद सरकार को सशस्त्र विपक्षी समूहों से लड़ने तथा देश के ज्यादातर भाग पर पुनः नियंत्रण प्राप्त करने में सहायता प्रदान की है। रूस अब अपने सैन्य संसाधनों का बड़ा हिस्सा यूक्रेन में केंद्रित कर रहा है लेकिन उसने सीरिया में अपनी सैन्य पकड़ बनाए रखी है और वहां अपने सैन्य ठिकानों पर सेना को तैनात रखा है।

## सत्ता विपक्ष को सौंपने के लिए तैयार हैंः सीरिया के प्रधानमंत्री जलाली

दमिश्क। सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी जलाली ने एक वीडियो बयान जारी करके कहा कि वह शासन की बागडोर शांतिपूर्ण तरीके से विपक्ष को सौंपने को तैयार हैं। जलाली ने कहा, मैं अपने आवास पर ही हूं और कहीं नहीं गया हूं और यह इसलिए क्योंकि मुझे अपने देश से प्रेम है। उन्होंने कहा कि वह सुबह काम करने के लिए अपने कार्यालय जाएंगे साथ ही उन्होंने सीरियाई नागरिकों से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने हालांकि राष्ट्रपति बशर अल-असद के देश छोड़कर जाने संबंधी खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। असद कहां है इस बारे में संयुक्त अरब अमीरात की ओर से भी कोई जानकारी सामने नहीं आई है, असद के परिवार की दुबई में काफी संपत्ति है।

## घाना की सत्तारूढ़ पार्टी उम्मीदवार ने राष्ट्रपति चुनाव में पराजय स्वीकार की

**अक्रा (घाना)।** घाना के उपराष्ट्रपति एवं सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार महामुदु बावुमिया ने रविवार को पश्चिम अफ्रीकी देश के कड़े मुकाबले वाले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा से हार स्वीकार कर ली। आधिकारिक घोषणा से पहले, बावुमिया ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि घाना के लोगों ने बदलाव के लिए मतदान किया है और वह इस निर्णय का पूरी विनम्रता के साथ सम्मान करते है। उन्होंने कहा, मैंने महामहिम जॉन महामा को घाना गणराज्य के निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप मे बधाई देने के लिए अभी-अभी फोन किया। बावुमिया देश में सत्तारूढ़ न्यू पैट्रियटिक पार्टी या एनपीपी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे, जिसने निवर्तमान राष्ट्रपति नाना अकुफो-एडो के तहत आर्थिक संकट के समाधान के लिए संघर्ष किया है।

## कोलंबिया में विस्फोटकों से लदी मोटरसाइकिल में धमाका, एक की मौत, 14 घायल

**बोगोटा (कोलंबिया)।** दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में शनिवार को पुलिस जांच चौकी पर विस्फोटक सामग्री से लदी मोटरसाइकिल में विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात पुलिसकर्मी समेत 14 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कैली मेट्रोपॉलिटन पुलिस के कमांडर कर्नल कार्लोस ओविएडो ने संवाददाताओं को बताया कि अधिकारी अवैध सशस्त्र समूहों द्वारा अंजाम दी जाने वाली संभावित हिंसा को रोकने के लिए जमुंडी शहर मे जांच कर रहे थे। ओविएडो ने बताया कि जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को रुकने के लिए कहा गया लेकिन वह डर गया और उसने मोटरसाइकिल पर लदी विस्फोटक सामग्री में धमाका कर दिया। उन्होंने बताया कि इससे मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई और सात आम नागरिक एवं सात पुलिस अधिकारी घायल हो गए।

## दो करोड़ कार्ड्सइनफोर्स का आंकड़ा पार

बीकेसी। एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता ने 2 करोड़ कार्ड्सइनफोर्स का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि देश भर में अभिनव समाधान प्रदान करने और ग्राहकों के अनुभवों को बढ़ाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि भारत के क्रेडिट कार्ड परिदृश्य को बदलने में एसबीआई कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका और डिजिटल इंडिया की करेंसी के अपने वादे को भी रेखांकित करती है। 1998 में अपनी स्थापना के बाद सेए एसबीआई कार्ड ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक उत्पादों को डिजाइन करने में अग्रणी रहा है। खासे विचार विमर्श के बाद जारी कोर कार्डो से लेकर प्रीमियम ब्रांडों के साथ को.ब्रांडेड साझेदारियों तकए रिवार्ड्स.संचालित और जीवनशैली.केंद्रित आफरों तकए एसबीआई कार्ड ने लगातार भारतीय क्रेडिट कार्ड उद्योग में ग्राहक.केंद्रित नवाचार के लिए नए मानदंड स्थापित किए हैं और बाजार में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है। एसबीआई कार्ड ने वित्त वर्ष 19 और वित्त वर्ष 24 के बीच कार्ड्स.इन.फोर्स में लगभग 25 प्रतिशत सीएजीआर और स्पेंड्स में 26प्रतिशत सीएजीआर की मजबूत वृद्धि देखी है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा कि एसबीआई कार्ड ब्रांड लाइफ को आसान बनाएं, के मूल्यवान सिद्धांत पर आधारित है। 2 करोड़ कार्ड जारी करने का आंकड़ा पार करना हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास और आत्मविश्वास का प्रमाण है। यह नवाचारए बेहतर ग्राहक सेवा और हर भारतीय को सुविधाजनक सुरक्षित और रिवार्ड्स देने वाले भुगतान समाधानों के साथ सशक्त बनाने के दृष्टिकोण पर हमारे अथक ध्यान को दर्शाता है।

## बुर्किना फासो के सैन्य शासन ने नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति की

**औगाडोउगोउ।** पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो की सत्तारूढ़ सैन्य सरकार ने नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति की है। इससे एक दिन पहले, सैन्य सरकार ने बिना कोई कारण बताए सरकार को भंग कर दिया था। जुंटा (सैन्य शासन) के नेता इब्राहिम ट्रोरे ने शनिवार को सरकारी टेलीविजन पर पढ़े गए राष्ट्रपति के आदेश में बताया कि संचार मंत्री और सरकार के प्रवक्ता रिमताल्बा जीन इमैनुएल ओउएड्राओगो पश्चिमी अफ्रीकी देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। ट्रोरे ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर प्रधानमंत्री अपोलिनायर जोआचिम केलेम डी ताम्बेला को बर्खास्त कर दिया था और राष्ट्रीय सरकार को भंग करने की घोषणा की थी। इस कदम के पीछे कोई कारण नहीं बताया गया है। बुर्किना फासो में जुंटा ने सितंबर 2022 में लेफ्टिनेंट कर्नल पॉल हेनरी सैंडागो दामिबा के सैन्य शासन को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। सैंडागो ने सत्ता से बेदखल किए जाने से करीब आठ महीने पहले लोकतांत्रिक रूप से चुने गए राष्ट्रपति रोश मार्क काबोरे को सत्ता से बेदखल किया था।

# ईरान, इजराइल के बीच संबंध या इसका ना होना चिंता का विषय : जयशंकर

**भाषा।** मनामा



**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने रविवार को कहा कि इजराइल और ईरान के बीच संबंध या इसकी अनुपस्थिति चिंता का विषय है तथा भारत के कुछ कूटनीतिक प्रयास इस पहलू पर केंद्रित हैं। बहरीन में मनामा डायलॉग में अपने संबोधन में जयशंकर ने लाल सागर में हूती चरमपंथियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों का सीधे तौर पर उल्लेख किए बिना कहा कि भारत सुरक्षा स्थिति को ठीक करने में रुचि रखता है। शनिवार को बहरीन की दो दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें संघर्षों को और फैलने से रोकना, प्रमुख संपर्क परियोजनाओं का महत्व और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार की आवश्यकता शामिल है। उन्होंने कहा, हालिया समय में, हम सभी के लिए इजराइल और ईरान के बीच संबंध या इसकी (संबंध की) अनुपस्थिति विशेष रूप से चिंता का विषय रही है। इसलिए हमारे कुछ कूटनीतिक प्रयास उस विशेष पहलू पर केंद्रित रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ी हैं। अक्टूबर में, ईरान ने हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला और लेबनानी चरमपंथी संगठन के अन्य कमांडरों की हत्या के जवाब में इजराइल पर लगभग 200 मिसाइलें दागी थीं। इसके बाद इजराइल ने ईरानी हमलों का जवाब दिया था। भारत के लिए पश्चिम एशिया के महत्व के बारे में बात करते हुए विदेश मंत्री ने देश की सतत आर्थिक वृद्धि को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भारत आज लगभग 4,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश है, (और) हमें उम्मीद है कि इस दशक में यह आसानी से दोगुना हो जाएगा। हमारा व्यापार आज लगभग 800 अरब अमेरिकी डॉलर का है। यह भी इस दशक में कम से कम दोगुना हो जाना चाहिए। जयशंकर ने लाल सागर में स्थिति का भी उल्लेख किया और कहा कि सुरक्षा, रणनीतिक क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने कहा, और इस क्षेत्र में हमारे सामने बहुत बड़ी सुरक्षा चुनौतियां हैं, जिनका एशिया में व्यापार पर बहुत गहरा और नुकसानदेह प्रभाव पड़ा है। लाल सागर में अस्थिर स्थिति को देखते हुए, माल की खेपों को अन्य मार्गों से भेजा गया, जिससे परिवहन की लागत काफी बढ़ गई। विदेश मंत्री ने इस क्षेत्र में भारत की नौसैन्य उपस्थिति के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, वास्तव में इस क्षेत्र में अदन की खाड़ी, सोमालिया, उत्तरी अरब सागर में हमारी नौसेना की उपस्थिति रही है।

## इमरान की रिहाई के लिए सरकार के खिलाफ और प्रदर्शन शुरू करेगी पीटीआई

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के तेजतर्रार नेता अली अमीन गांदापुर ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ और अधिक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। अली अमीन ने उपमहाद्वीप में एक ऐतिहासिक लड़ाई का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा, हम पानीपत की लड़ाई की तरह हमले जारी रखेंगे। अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो हम जीतेंगे। उन्होंने खान की रिहाई की मांग को लेकर 24 नवंबर को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए मार्च का जिक्र करते हुए यह बात कही। अली अमीन ने कहा, हमने अभी तक सिर्फ पांच हमले किए हैं और बाकी हमले भी जारी रखेंगे। इमरान खान की पार्टी ने अपनी तीन मांगों को लेकर इस्लामाबाद तक मार्च करने की घोषणा की थी। पार्टी जेल में बंद खान और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनाव में पार्टी की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग कर रही है। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था।

## द. अफ्रीका में भारतीय मूल के व्यवसाई की पत्नी पर पति के अपहरण की साजिश रचने का आरोप

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के एक व्यवसाई की पत्नी पर फिरौती के लिए उनके अपहरण की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। अशरफ कादर तथा उनकी 47 वर्षीय पत्नी फातिमा इस्माइल का पिछले सप्ताह रविवार को प्रिटोरिया मे उनके व्यवसायिक परिसर के निकट से अपहरण कर लिया गया था। एक दिन बाद सोमवार को अधिकारियों ने उन्हे सुरक्षित बचा लिया था। कादर को उनके पारिवारिक व्यवसाय के कारण बाबू केटेक्स के नाम से जाना जाता है। पुलिस अपहरण निरोधक इकाई, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और निजी जांचकर्ताओं की एक बहु-विषयक टीम ने संदिग्धों को मामेलोडी के उपनगर मे एक घर मे खोजा, जहां फातिमा को कथित तौर पर तीन अन्य साथियों के साथ बातचीत करते हुए पाया गया। पुलिस ने एक बयान मे कहा, विभिन्न कानून प्रवर्तन और सुरक्षा टीमों के बीच यह समन्वित प्रयास सहयोग और खुफिया-संचालित संचालन की प्रभावशीलता को उजागर करता है। इस मामले की जांच जारी है। चारों संदिग्धों पर अपहरण, फिरौती मांगने तथा अन्य गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए है, जिनमें कादर की कार से टक्कर मारने के बाद अपहरण मे प्रयुक्त वाहन को अगवा करना भी शामिल है। फिरौती की मांग की राशि का खुलासा नही किया गया है। पुलिस ने कई हथियार, मोबाइल फोन और अपराध मे प्रयुक्त वाहन भी जब्त कर लिया।

## ओली ने दक्षेस प्रक्रिया को पुनः सक्रिय करने का किया आह्वान

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने क्षेत्र के लोगों के साझा हितों और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए रुकी हुई दक्षेस प्रक्रिया को पुनः सक्रिय करने का रविवार को आह्वान किया। ओली ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के 40वें चार्टर डे के अवसर पर अपने संदेश में दक्षेस के सदस्य देशों की सरकारों और लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ओली ने सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, समझ और सहयोग को बढ़ावा देने में दक्षेस की प्रमुख भूमिका को रेखांकित भी किया और एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और एकीकृत दक्षिण एशिया के निर्माण के लिए दक्षेस के वर्तमान अध्यक्ष नेपाल की इसके चार्टर के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। जलवायु परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराधों सहित सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए ओली ने क्षेत्र में लोगों के साझा हित और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए दक्षेस प्रक्रिया को पुनः सक्रिय करने का आह्वान किया। वर्ष 2016 के बाद से दक्षेस बहुत प्रभावी नही रहा है क्योंकि 2014 में काठमांडू में आखिरी शिखर सम्मेलन के बाद से इसका द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नही हुआ है। वर्ष 2016 का दक्षेस शिखर सम्मेलन इस्लामाबाद में होना था लेकिन उस वर्ष 18 सितंबर को जम्मू कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के शिविर पर आतंकवादी हमले के बाद, भारत ने उत्पन्न परिस्थितियों के कारण शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की।

## चीन ने ताइवान के निकट 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान एवं चार गुब्बारे भेजे: ताइवान

ताइपे। चीन ने ताइवान पर अपने दावों को लेकर दबाव बनाने की रणनीति के तहत द्वीप के निकट 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान और चार गुब्बारे भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। चीन ने ऐसे समय में ए सैन्य गतिविधियां की है जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की अमेरिका समेत प्रशांत क्षेत्र के सहयोगी देशों की हालिया यात्रा के जवाब में बीजिंग द्वीप के आसपास सैन्य अभ्यास कर सकता है। चीन दो करोड़ 30 लाख लोगों की आबादी वाले स्वशासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और ताइवान के साथ अन्य देशों के औपचारिक संबंधों पर आपत्ति जताता है। अमेरिका समेत अधिकतर देश ताइवान को एक देश के रूप में मान्यता नही देते लेकिन अमेरिका अनौपचारिक तौर पर ताइवान का प्रमुख समर्थक है और इसे हथियार बेचता है। चीन सरकार ने आवश्यकता पड़ने पर सैन्य बल के माध्यम से ताइवान पर कब्जा करने का संकल्प लिया है तथा वह लगभग हर रोज द्वीप के निकट अपने पोत और सैन्य विमान भेजता है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे के बीच 24 घंटे मे 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान और चार गुब्बारे देखे गए।

## दुनिया में छाएगा आधुनिक प्रगतिशील सम्मान की योजना

इंडियाना। सहयोग के शुभारंभ को मिली भारी सफलता के बादए तनिष्क के एक्सक्लूसिव वेडिंग सब.ब्रांड रिवाह ने मशहूर डिज़ाइनर तरुण तहिलियानी के साथ विशेष सहयोग में रिवाह एक्स तरुण तहिलियानी के दूसरे एडिशनश् की घोषणा की है। यह नया कलेक्शन आधुनिक भारतीय दुल्हनों यानी पारंपरिक मूल्यों को आधुनिकता में जोड़ने वाली सूत्रधार की पसंद के अनुरूप बनाया गया है। यह डिज़ाइन न केवल नयी पसंद और प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं, बल्कि प्रगतिशील भारतीय दुल्हन की कालातीत खूबसूरती और अनोखेपन का भी सम्मान करते हैं।तनिष्क की नाजुक कारीगरी और तरुण तहिलियानी के कलाकौशल ने इस साल के कलेक्शन में विरासत और आधुनिकता का मेल किया है। खूबसूरती, समृद्धि और पवित्र शुरूआत का प्रतीक फूलचादर और फेमिनिटी, सांस्कृतिक शान का प्रतीक ड्रेप स्टोरी इन दो थीम से प्रेरित होकर इस कलेक्शन में सोने पर नाजुक कलाकारी की गयी है। कलियों से पूरे खिले हुए फूल तक के खूबसूरत फ्लोरल मोटिव और तरुण तहिलियानी के ड्रेप्स को फ्लूइड पैटर्न में नए ढंग से रचा गया है। इससे बना है यह शानदार कलेक्शन, जिसमें आधुनिक सिल्हट और पारंपरिक कला का मिलाप है, जो हर वेडिंग सीज़न के लिए आधुनिक दुल्हनों को कालातीत शान प्रदान करता है। इन आभूषणों में एक दुल्हन के सफर की नाजुक सुंदरता को बहुत ही शानदार तरीके से कैप्चर किया गया है। हर आभूषण आधुनिक सूत्रधार दुल्हन की वैयक्तिकता को दर्शाता है। इसमें कई विकल्प बनाए गए हैं, यह शानदार कलेक्शन कलात्मक निपुणता और कालातीत डिज़ाइन का फ्यूजन है, जिसे ग्लास कुंदन और सोने में बहुत ही कौशल के साथ बनाया गया है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी हमलों में तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग आतंकी हमलों में कम से कम तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी सरदार रिंद ने बताया कि आतंकवादियों ने शनिवार को डुकी जिले में एक कोयला खदान के पास एक जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें फ्रंटियर कोर के दो सैनिक मारे गए और तीन अन्य जवान घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने घंटों तक चले हमले के दौरान रॉकेट, ग्रेनेड और भारी हथियारों का इस्तेमाल किया।अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने प्रभावी तरीके से जवाबी कार्वाई की, जिसके परिणामस्वरूप कई हमलावर मारे गए और घायल भी हुए। हालांकि आतंकियों की सही संख्या की पुष्टि नही हो पाई है।ग्वादर के जिवानी कस्बे में एक अन्य हमले में आतंकवादियों ने पाकिस्तान तटरक्षक बल के गश्ती दल को दरान इलाके में एक लाइटहाउस के पास एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से निशाना बनाया।पुलिस ने बताया कि इस हमले में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई।इस बीच कलात कस्बे में उस समय तनाव फैल गया, जब अज्ञात लोगों ने ऐतिहासिक मिरी किले के पास एक स्मारक में आग लगा दी।अधिकारियों ने बताया कि आगजनी में बलूच संस्कृति का प्रतीक स्मारक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दो प्रतिमाएं नष्ट हो गईं। उन्होंने बताया कि इस घटना की स्थानीय निवासियों ने व्यापक निंदा की और सांस्कृतिक प्रतीक को नष्ट किए जाने पर गुस्सा जताया।

# यूक्रेन को हथियार मुहैया कराने के लिए एक अरब अमेरिकी डॉलर की और मदद देगा अमेरिका

**भाषा।** सिमी वैली

**अमेरिका के** रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन को हथियार मुहैया कराने के लिए लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर की और सहायता दी जाएगी। माना जा रहा है ऐसा इसीलिए किया गया कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अगले माह पदभार संभालने से पहले बाइडन प्रशासन कीव को मजबूत करने के लिए कांग्रेस (संसद) द्वारा स्वीकृत पूरी धनराशि को खर्च करना चाहता है। नवीनतम राहत में हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम या



एचआईएमएआरएस के लिए ड्रोन और गोला-बारूद मुहैया कराए जाएंगे। यूक्रेन को इन हथियारों की फिलहाल बहुत जरूरत है जिन्हें यूक्रेन सिक्योरिटी अस्सिटेंस इनिशिएटिव के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।इस पहल के जरिए जो हथियार मुहैया कराए जाते हैं वह यूक्रेनी सेना की भविष्य की क्षमता को बढ़ाने के लिए होते हैं न कि युद्ध के मौदान में तत्काल परिवर्तन लाने के लिए। अमेरिका की ओर से 98.8 करोड़ डॉलर का यह पैकेज गत सोमवार को घोषित 72.5 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता से अलग है। फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के बाद से अमेरिका यूक्रेन को 62 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता उपलब्ध करा चुका है। ऑस्टिन ने कहा, यह सहायता मुहैया कराने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# ट्रंप ने यूक्रेन में ततेल युद्ध विराम का आह्वान किया

**भाषा।** कीव

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को पेरिस में फ्रांसीसी और यूक्रेनी नेताओं के साथ बैठक के तुरंत बाद यूक्रेन में तत्काल युद्ध विराम का आह्वान किया। उन्होंने दावा किया कि यूक्रेन।,000 दिन से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करना चाहता है। अपने ट्रुथ सोशल मंच पर एक पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि रूस और यूक्रेन दोनों ने एक ऐसे युद्ध में सैकड़ों हजारों सैनिकों को खो दिया है जो कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा, तत्काल युद्ध विराम होना चाहिए और बातचीत शुरू होनी चाहिए। बहुत से लोगों को बेवजह अपनी जान गंवानी पड़ रही है, बहुत से परिवार बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध को समाप्त करने के लिए कार्वाई करने का आह्वान किया। ट्रंप की यह टिप्पणी शनिवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के बाद आई। जेलेंस्की ने बैठक को रचनात्मक बताया। जेलेंस्की ने पत्रकारों से कहा कि कोई भी शांति समझौता यूक्रेन के लोगों के लिए न्यायसंगत होना चाहिए। उन्होंने रविवार को दावा किया कि 24 फरवरी, 2022 को रूस के चौतरफा आक्रमण के बाद से यूक्रेन ने अब तक 43,000 सैनिकों को खो दिया है ।

# बांग्लादेश के सलाहकार भारत के साथ गतिरोध के समाधान को लेकर आशावादी

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश के** विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने रविवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश हाल के महीनों में संबंधों में आए गतिरोध को दूर करने में सक्षम होंगे। हुसैन की टिप्पणी सोमवार को भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बांग्लादेश यात्रा से पहले आई है। मिस्री अपनी यात्रा के दौरान अगस्त में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद बड़े पैमाने पर हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत की चिंताओं को बांग्लादेश के सामने उठा सकते हैं। बांग्लादेश में आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से भारत सरकार के किसी वरिष्ठ अधिकारी की बांग्लादेश की यह पहली यात्रा होगी। हुसैन ने नेशनल प्रेस क्लब में सार्क-पीपुल ऑफ साउथ एशिया क्रेव नामक सेमिनार में कहा, हमें उम्मीद है कि हम इस गतिरोध को दूर करने में सक्षम होंगे। इस तरह के किसी भी गतिरोध को दूर करने के लिए आपसी संवाद स्थापित करना और एक-दूसरे से मिलना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि उनके (विदेश सचिवों के) बीच सार्थक चर्चा होगी। हुसैन ने कहा कि यदि वे किसी समस्या का समाधान करना चाहते हैं तो यह स्वीकार करना जरूरी है कि कोई समस्या है। हुसैन ने कहा कि यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों में पांच अगस्त के बाद बदलाव आया है तथा दोनों पक्षों को संबंधों को आगे बढ़ाने और इस बदली हुई वास्तविकता को स्वीकार करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में द्विपक्षीय व्यापारिक गतिविधियों के मामले में दोनों देशों में जो गिरावट देखी गई है, उससे दोनों पक्ष प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कोलकाता और पश्चिम बंगाल में व्यापार पर पड़ने वाले प्रभावों का भी उल्लेख किया। बांग्लादेश के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद रफीकुल आलम ने कहा कि भारत के साथ विदेश कार्यालय परामर्श के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी तत्वों को एजेंडे में रखने का प्रयास किया गया। उन्होंने व्यापार, सीमा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और जल मुद्दों



को चर्चा के प्रमुख क्षेत्र बताया। अगस्त में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते हसीना को देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया। हसीना के भारत में शरण लेने के कुछ दिनों बाद ही यूनुस सत्ता में आए थे। हाल के हफ्तों में हिंदुओं पर हमलों और हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद संबंध और भी खराब हो गए। काठमांडू स्थित सार्क पत्रकार फोरम ने रविवार को सेमिनार आयोजित किया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कई मीडिया साक्षात्कारों में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) को आपसी लाभ के लिए एक जीवंत क्षेत्रीय समूह के रूप में पुनर्जीवित करने की इच्छा व्यक्त की।

## अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग पर प्रदर्शन : बीएनपी ने भारतीय मिशन को ज्ञापन सौपा

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की तीनों शाखाओं ने भारत के अगरतला स्थिति देश के राजनयिक मिशन में कथित तोड़फोड़ के खिलाफ रविवार को विरोध मार्च निकाला और यहां स्थित भारतीय उच्चायोग को एक ज्ञापन सौंपा। बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे लोगों के एक समूह ने पिछले सप्ताह त्रिपुरा के अगरतला स्थिति बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में घुसने की कोशिश की थी। भारत ने उक्त घटना को बेहद खेदजनक बताया था।बीएनपी की छात्र, युवा और स्वयंसेवी शाखा के बैनर तले प्रदर्शनकारी राजधानी के मध्य भाग में पार्टी के नया पलटन केंद्रीय कार्यालय से बारीधारा राजनयिक एन्क्लेव स्थित भारतीय उच्चायोग की ओर मार्च निकाला। पुलिस ने हालांकि उन्हें उच्चायोग से कई किलोमीटर पहले रामपुरा इलाके में ही रोक दिया। प्रदर्शनकारियों के छह सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल को ज्ञापन सौंपने के लिए भारतीय उच्चायोग जाने की अनुमति दी गई।स्थानीय मीडिया के मुताबिक बीएनपी की तीन शाखाओं के छह नेता प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। इनमें युवा दल के अध्यक्ष अब्दुल मोनयम मुन्ना व महासचिव नूरुल इस्लाम नोयन, छात्र दल के अध्यक्ष रकीबुल इस्लाम रकीब व महासचिव नासिर उद्दीन तथा स्वयंसेवी दल के अध्यक्ष एसएम जिलानी व महासचिव राजीब अहसन शामिल थे। टीम ने भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बीएनपी युवा मोर्चा के अध्यक्ष मुन्ना ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा, हमने भारत में हमारे मिशन पर हमले और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का विरोध करते हुए अपना ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा, हम किसी भी अस्थिरता में विश्वास नहीं करते और हम बहुत संयंमित हैं। हमारा कोई आका नहीं है केवल मित्र हैं। हम आक्रामकता में विश्वास नहीं करते।

# रोहित और कोहली ने फिर किया निराश

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से रौंदा

## सीरीज में दोनों टीमें बराबरी पर

**भाषा।** एडिलेड



**रोहित शर्मा** और विराट कोहली की तेज और स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ तकनीकी समस्या से निजात पाने की नाकामी ने खतरे की घंटी बजा दी है जिससे भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में गुलाबी गेंद से खेले गए दूसरे टेस्ट मैच को 10 विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि टेस्ट में अपना दबदबा जारी रखते हुए रविवार को तीसरे दिन के पहले सत्र में मैच को अपने नाम कर पांच मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इसके साथ ही पर्थ में मिली 295 रन की निराशाजनक हार को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह दिन-रात्रि के 13 टेस्ट में 12वीं जीत है। टीम को गुलाबी गेंद से एकमात्र हार वेस्टइंडीज से मिली है। एडिलेड में खेले गए दिन-रात्रि टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने सभी आठ मैच जीते हैं। भारतीय बल्लेबाज इस मैच की दोनों पारियों में सिर्फ 81 ओवर ही बल्लेबाजी कर सके। ऑस्ट्रेलिया ने महज सात सत्र के अंदर जीत दर्ज की जो गेंदों के हिसाब से भारत के खिलाफ उसका सबसे छोटा टेस्ट मैच है। इस मैच में संभावित 2700 गेंदों में से महज 1031 गेंदें डाली गई। भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 128 रन से करते हुए पहले ओवर में ही ऋषभ पंत (28) का विकेट गंवा दिया। नीतीश कुमार रेड्डी (42) के पहली पारी की तरह दूसरी पारी में शानदार जज्बा दिखकर टीम का स्कोर 175 रन पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी से भारत पारी की हार टालने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद जीत के लिए 19 रन के लक्ष्य को हासिल करने की औपचारिकता सिर्फ 3.2 ओवर में पूरी कर यादगार जीत दर्ज की।भारत की दूसरी पारी केवल 36.5 ओवर तक चली। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कप्तान पैट कमिंस ने शॉर्ट बॉल का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए 57 रन देकर पांच विकेट लिए।

### कमिंस ने अपनी टीम के व्यवहार का बचाव किया, कहा विवाद को अलविदा कहो

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ चल रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में अपनी टीम के व्यवहार की सराहना करते हुए रविवार को यहां कहा कि उन्हें ट्रैविस हेड और मोहम्मद सिराज के बीच विवाद मे हस्तक्षेप करने की जरूरत नही है क्योंकि उनका साथी परिपक्व का इंसान है। हेड ने गुलाबी गेद से खेले गए दूसरे टेस्ट मैच मे 141 गेंद पर 140 रन बनाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने यह टेस्ट मैच 10 विकेट से जीत कर पांच मैचों की श्रृंखला एक-एक से बराबर की।सिराज ने हेड को बोल्ड किया और उसके बाद यह दोनों खिलाड़ी आपस में उलझ गए। ऑस्ट्रेलिया के उप कप्तान ने बाद मे कहा कि उन्होंने भारतीय तेज गेदबाज की सराहना की थी और सिराज का विदाई देने का व्यवहार अनुचित था। सिराज ने हालांकि तुरंत ही आरोप का खंडन किया और इसे झूठ करार दिया। कमिंस ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ट्रैविस हेड टीम के उप-कप्तान है, इसलिए वह परिपक्व इंसान है और उनकी भूमिका बड़ी है। वह अपने बारे मे बात कर सकते है। न्होंने कहा, हम कोई भी फैसला अपने खिलाड़ियों पर छोड़ देते है।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी:** 180 रन,ऑस्ट्रेलिया पहली पारी: 337 रन,भारत दूसरी पारी:यशस्वी का कैरी बो बोलैंड 24, राहुल का कैरी बो कमिंस 07,गिल बो स्टार्क 28, कोहली का कैरी बो बोलैंड 11, पंत का स्मिथ बो स्टार्क 28,रोहित बो कमिंस 06, रेड्डी का मैक्स्वीनी बो कमिंस 42,अश्विन का कैरी बो कमिंस 07,राणा का ख्वाजा बो कमिंस 00,बुमराह नाबाद 02, सिराज का हेड बो बोलैंड 07,**अतिरिक्त:** (बाई: 05, लेगबाई: 02, नोबॉल: 03, वाइड:03) 13,कुल योग: (36.5 ओवर में सभी आउट) 175 रन रन,विकेट पतन: l-12, 2-42, 3-66, 4-86, 5-105, 6-128, 7-148, 8-153, 9-166,गेंदबाजी: स्टार्क 14-l-60-2,कमिंस 14-0-56-5,बोलैंड8.5-0-51-3

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी:** नाथन मैकस्वीनी नाबाद 10,ख्वाजा नाबाद 09,अतिरिक्त: 00,कुल योग: (3.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के) 19 रन,**गेंदबाजी:**बुमराह l-0-2-0,सिराज1.2-0-9-0,रेड्डी l-0-8-0

# अंडर-19 एशिया कप फाइनल में गेंदबाजों कर मेहनत पर फिरा पानी

## बांग्लादेश से हारा भारत

**भाषा।** दुबई



**भारतीय बल्लेबाज** रविवार को अंडर-19 एशिया कप के खिताबी मुकाबले में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन का फायदा नहीं उठा सके जिससे टीम को बांग्लादेश से 59 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 49.1 ओवर में मात्र 198 रन पर रोक दिया।पर भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए दो मौकों पर लगातार विकेट गंवाए जिससे उसकी लय टूट गई। वहीं बांग्लादेश के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने दबाव बनाने में अपनी भूमिका बखूबी निभाई। इससे भारतीय टीम 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 35.2 ओवर में 139 रन पर ढेर हो गई। टीम का कोई भी विशेषज्ञ बल्लेबाज प्रभावशाली पारी नहीं खेल सका जिसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी भी शामिल थे जो केवल नौ रन (7 गेंद, 2 चौके) ही बना सके। भारत को सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे (01) के रूप में शुरुआती झटके लगे और पांच ओवर के अंदर स्कोर दो विकेट पर 24 रन हो गया। बांग्लादेश ने बाकी भारतीय बल्लेबाजों को रन नहीं बनाने दिए जिन्हें बाउंड्री लगाने के साथ एक रन लेने में भी परेशानी हो रही थी। रिजान हुसैन ने सी आंद्रे सिद्धार्थ (35 गेंद पर 20 रन) की पारी 12वें ओवर में समाप्त कर दी। यह मैच का अहम पल था जिससे पलड़ा बांग्लादेश के पक्ष में झुक गया। इकबाल हुसैन इमोन ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया और तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इससे भारत की उम्मीद टूट गई। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने केपी कार्तिकेय (21), निखिल कुमार (0) और हरवंश पंगालिया (6) को जल्दी आउट कर दिया। मोहम्मद अमन ने लंबे समय तक टिके रहने के बाद 65 गेंद में 26 रन बनाए। लेकिन उनका प्रयास और हार्दिक राज की 21 गेंद में 24 रन की पारी भी भारत के लिए काफी नहीं थी। अजीजुल हकीम ने अंत में अपने 2.2 ओवरों में आठ रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले रिजान हुसैन के 47 रन, मोहम्मद शिहाब जेम्स के 40 रन और फरीद हसन के 39 रन ने मैच में अंतर पैदा किया। भारत ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों पर दबदबा बनाए रखा जो 200 रन के करीब ही पहुंच पाए। भारत की ओर से युधाजीत गुहा (29 रन देकर दो विकेट) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। चेतन शर्मा (48 रन देकर दो विकेट) और राज (41 रन देकर दो विकेट) ने भी दो दो विकेट लिए।

### क्रिकेट बड्डीज की 10 विकेट से एकतरफा जीत

लखनऊ। मैन ऑफद मैच संजय सिंह ;2 विकेटए 41 रनद्ध के आलराउंड खेल से क्रिकेट बड्डीज क्लब ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी.20 क्रिकेट टूर्नामेंट में केएसीसी को एकतरफा 10 विकेट से हराया।पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर केएसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 114 रन बनाए। सबीर ने सर्वाधिक 25 रन जोड़े। सूरज श्रीवास्तव ने 3 और संजय सिंह ने 2 विकेट की सफलता पाई। जवाब में क्रिकेट बड्डीज ने बिना विकेट गंवाए 16 ओवर में 115 रन बनाकर मैच जीत लिया।

### भारत 14 मार्च से एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी शुरू करेगा

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारी 14 मार्च से राष्ट्रीय शिविर के साथ शुरू करेगी जो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आखिरी लीग मैच के दो दिन बाद होगा। ड्रॉ की पूर्व संध्या पर भारत के कोच मनोलो मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को लंबे शिविर का प्रस्ताव दिया। इगोर स्टिमक से पदभार संभालने के बाद मार्केज ने चार मैचो मे अभी तक सफलता का स्वाद नही चखा है।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने पीसीबी को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया: सूत्र

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के मुद्दे पर पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है और सूत्रों के अनुसार उन्होने कहा है कि देश को इस मामले से निपटने के दौरान अपना आत्मसम्मान बनाए रखना चाहिए। शरीफ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के संरक्षक भी है। उन्होंने नक्वी से यह भी कहा कि यह केवल पैसे का मामला नही है क्योंकि जनता की भावनाओ को भी ध्यान मे रखा जाना चाहिए।

### पटना पाइरेट्स ने जयपुर पिंक पैंथर्स पर जीत दर्ज की

पुणे। देवांक दलाल के शानदार प्रदर्शन के बूते पटना पाइरेट्स ने रविवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मे जयपुर पिंक पैंथर्स पर 38-28 से जीत दर्ज की। देवांक ने 14 अंक जुटाकर अगुआई की और सुनिश्चित किया कि पटना पाइरेट्स सेमीफाइनल की दौड़ मे बना रहे।

### हरियाणा को सात स्वर्ण

बेंगलुरू। प्रिया ने रीतिका को हराकर अंतिम दिन महिलाओं का 76 किग्रा का खिताब जीत लिया जिससे हरियाणा के पहलवानो ने रविवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम रखा। हरियाणा के पहलवानो ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन आठ मे से सात वर्ग मे स्वर्ण पदक जीते जिससे उनकी टीम को टीम चैंपियनशिप जीतने मे मदद मिली। हरियाणा ने टूर्नामेंट का समापन 235 अंक के साथ किया। 150 अंक हासिल करने वाला महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर रहा जबकि दिल्ली 106 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

### राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स के दूसरे दिन कई नए रिकॉर्ड

भुवनेश्वर। राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को यहां कई नए रिकॉर्ड बने।तमिलनाडु की अंतरराष्ट्रीय धाविका अबिनया राजराजन ने मीट रिकॉर्ड बनाकर महिलाओं के अंडर 18 वर्ग मे 100 मीटर की दौड़ जीती। उन्होने 11.66 सेकंड का समय लेकर रश्मी शेरेगर के 11.89 सेकंड के नौ साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।

# बुमराह दोनों छोर से गेंदबाजी नही कर सक्ते, अन्य गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी: रोहित

**एडिलेड।**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के दिन-रात्रि दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह भी इंसान है और हमेशा अपने दम पर पूरी गेंदबाजी का भार नहीं उठा सकते हैं।रोहित ने बुमराह का साथ देने के लिए टीम के अन्य गेंदबाजों से अपना स्तर उंचा करने को कहा। भारत दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से हार गया। बुमराह ने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में चार विकेट लिए। रोहित ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम सिर्फ एक गेंदबाज के साथ नहीं खेल रहे हैं। अन्य गेंदबाज भी हैं जिन्हें जिम्मेदारी लेनी होगी और टीम के लिए काम करना होगा। चाहे वह (मोहम्मद) सिराज, हर्षित राणा, नितीश रेड्डी, आकाश दीप या प्रसिद्ध (कृष्णा) हों। भारतीय कप्तान ने गेंदबाजी विभाग में थोड़ी अनुभवहीनता की बात को स्वीकारते हुए उम्मीद जताई कि समय के साथ खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ए गेंदबाज अभी टेस्ट क्रिकेट में आए हैं, उन्हें आत्मविश्वास देना महत्वपूर्ण है। जब भी वे मैच खेलते हैं, तो उन्हें आत्मविश्वास देना महत्वपूर्ण है। हम योजना बनाते रहते हैं और चर्चा करते रहते हैं। लेकिन आप सुबह से शाम तक बुमराह से दोनों छोर से गेंदबाजी करने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, (सभी) गेंदबाजों को प्रबंधित करना बहुत महत्वपूर्ण है। हम ए सब एक दूसरे से चर्चा करते हैं। हम गेंदबाज से बात करते हैं और फिर निर्णय लेते हैं। रोहित ने कहा कि वह गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन को बहुत गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा, जब भी वह (बुमराह) कोई स्पैल खत्म करता है तो मैं उससे (बुमराह) बात करता हूं।

# भारतीय महिला टीम का सपना टूटा

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 122 रन से हराकर महिला वनडे श्रृंखला पर किया कब्जा



**ब्रिसबेन।** जॉर्जिया वोल और एलिसे पैरी के शतकों की मदद से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 122 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अपना दूसरा एकदिवसीय खेल रही युवा बल्लेबाज वोल महज 87 गेंद में 101 रन की पारी के साथ करियर का पहला शतक जड़ने में सफल रही जबकि पैरी ने 75 गेंद में 105 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर आठ विकेट पर 371 रन बनाए जो भारत के खिलाफ उसका सबसे बड़ा स्कोर है। टीम ने इसके बाद भारत की पारी को 45.5 ओवर में 249 रन पर समेट कर आसान जीत दर्ज की। मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमें बीच-बीच में कुछ साझेदारियां बनाने में सफल रहे। इस मैच में हमारी मानसिकता सकारात्मक थी, लेकिन हम पीछे रह गए। उन्होंने कहा, हमने कुछ मौके बनाए लेकिन उनका फायदा नहीं उठा सके। हमें शानदार बल्लेबाजी के लिए ऑस्ट्रेलिया को श्रेय देना चाहिए। हमें अपनी योजनाओं के बारे में सोचने की जरूरत है कि हम अगले मैच में कैसी गेंदबाजी करेंगे। हमें पूरे 50 ओवर बल्लेबाजी करने की जरूरत है। फोबे लिचफील्ड (60) और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल ने अपनी पारी में 12 चौके लगाए जबकि पैरी ने छह छक्के और सात चौके जड़े। वोल के आउट होने के बाद पैरी ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और बेथ मूनी (56) के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को वापसी का मौका नहीं दिया। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए। मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट जबकि रेणुका सिंह (78 रन पर एक विकेट), दीप्ति शर्मा (59 रन पर एक विकेट), और प्रिया मिश्रा (88 रन पर एक विकट) को एक-एक सफलता मिली।

## क्विक न्यूज

### तनीषा-अश्विनी और सतीश ने खिताब जीता

गुवाहाटी। भारतीय खिलाड़ी सतीश करूणाकरन ने रविवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल ट्रॉफी अपने नाम की जबकि महिला युगल जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा ने फाइनल मे चीन की ली हुआ झोउ और वांग जी मेंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर अपना खिताब बरकरार रखा। 2023 ओडिशा ओपन सुपर 100 चैम्पियन सतीश ने चीन के झु जुआन चेन को 44 मिनट में 21-17, 21-14 से हराकर भारत को दूसरा खिताब दिलाया। पेरिस ओलंपिक मे भी भाग लेने वाली तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 43 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में ली और वांग को 21-18, 21-12 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब अपने पहले सुपर 100 खिताब के करीब पहुंचने के बावजूद महिला एकल फाइनल में चीन की काई यान यान से 21-14, 13-21, 19-21 से हार गईं और उपविजेता रहीं। दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी तनीषा और अश्विनी ने धमाकेदार शुरुआत की और 8-2 की बढ़त बना ली।हालांकि चीन की जोड़ी ने गेम के मध्य अंतराल तक अंतर 10-11 तक कम कर दिया और दबाव बनाए रखा। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने अंतिम दो अंक हासिल कर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम की शुरुआत प्रतिस्पर्धात्मक रही। लेकिन भारतीयों ने सात अंक की बढ़त के साथ 15-6 की बढ़त बना ली। उन्होंने लय बनाए रखी और खिताब बरकरार रखा।

### नेशनल कोबुडो चैंपियनशिप में उप्र ने जीते तीन स्वर्ण

**लखनऊ।** कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफइंडिया के तत्वावधान में कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफउत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित द्वितीय नेशनल कोबुडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप-2024 की शुरुआत रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में हुई। आज उत्तर प्रदेश के लिए साहिया, श्रद्धा पाण्डेय,सारा कुमारी ने स्वर्ण पदक जीते। जापानी मार्शल आर्ट की शैली की इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठीए खेल प्रमोटर सुनील मिश्रा व मांटफोर्ट कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रत्यूष रत्न पाण्डेय भी मौजूद थे।उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डाएआनंद किशोर पाण्डेय ने की। इससे पूर्व अतिथिगण का स्वागत आयोजन सचिव शोभित पाण्डेय ने किया। परिणामों में बालिका 13 वर्ष काता में उत्तर प्रदेश की साहिया ने स्वर्ण व उत्तर प्रदेश की आयुषी ने रजत पदक जीता। बालिका 9 वर्ष काता में उत्तर प्रदेश की श्रद्धा पाण्डेय ने स्वर्ण व मध्य प्रदेश की आयुषी ने कांस्य पदक जीता। बालिका 14.15 वर्ष काता में बिहार की अदिति वेदराज ने स्वर्ण व उत्तर प्रदेश की अक्षिता कश्यप ने कांस्य पदक जीता। बालिका काता 18 साल में उत्तर प्रदेश की सारा कुमारी ने स्वर्णए रागिनी ने रजत एवं पूजा व शालिनी जायसवाल ;बिहरद्ध ने कांस्य पदक जीता।

### न्यूजीलैंड को 323 रन से हराकर इंग्लैंड ने 2-0 की अजेय बढ़त बनाई

वेलिंगटन। इंग्लैंड ने तीन मैचो की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच मे रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 323 रन से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन की शुरुआत में आधे घंटे बल्लेबाजी की जिस दौरान दिग्गज जो रूट (106) ने अपने करियर का 36 वां टेस्ट शतक पूरा किया। पहली पारी मे 155 रन बढ़त लेने वाली टीम ने छह विकेट पर 427 रन पर पारी घोषित कर न्यूजीलैंड को जीत के लिए 583 रन का लक्ष्य दिया। जीत के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी मे विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल (115) की शतकीय पारी के बावजूद 259 रन पर आउट हो गई। इंग्लैड ने पहला टेस्ट मैच आठ विकेट से जीता था। दूसरे टेस्ट मे जीत के साथ उसने न्यूजीलैंड मे 2008 के बाद पहली बार टेस्ट श्रृंखला मे जीत का स्वाद चखा। श्रृंखला का तीसरा टेस्ट शनिवार से खेला जाएगा। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 533 रन से आगे से की। रूट ने बीते दिन के 73 रन अपने स्कोर को शतक मे बदला। उन्होने 127 गेंद की पारी में 10 चौके लगाए। विल ओ राउरकी की गेंद पर रूट के आउट होते ही कप्तान बेन स्टोक्स ने पारी घोषित कर दी। स्टोक्स 49 रन पर नाबाद रहे। लक्ष्य का बचाव करते हुए क्रिस वोक्स ने अपने शुरुआती चार ओवरो मे डेवोन कोन्वे (शून्य) और केन विलियमसन (चार) को आउट कर इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। ब्रैडन कार्स ने कप्तान टॉम लैथम (24) और रचिन रविंद्र(छह) को आउट किया जिससे टीम ने लंच के समय तक 59 रन पर चार विकेट गंवा दिए। ब्लंडेल ने इसके बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 96 गेंद मे अपना पांचवा टेस्ट शतक पूरा किया।

### होटल में समय बर्बाद नहीं करें, वैकल्पिक अभ्यास सत्रों के लिए जगह नहीं: गावस्कर

एडिलेड। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत से गुलाबी गेद के टेस्ट के जल्दी खत्म होने के बाद अपने होटल के कमरो मे समय बर्बाद नही करने और दो अतिरिक्त दिनो का उपयोग अभ्यास मे पसीना बहाकर करने का आग्रह किया है ताकि वे तीसरे मैच मे वापसी कर सकें। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मे 10 विकेट से हार से भारत की कमजोरी पूरी तरह उजागर हो गई। मैच ढाई दिन से भी कम समय मे समाप्त हो गया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए पांच मैचो की श्रृंखला।-। से बराबर कर ली। गावस्कर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, श्रृंखला के बचे हिस्से को तीन मैचो की श्रृंखला के रूप मे देखें। भूल जाइए कि यह पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला थी। मै चाहूंगा कि भारतीय टीम अगले कुछ दिनो का उपयोग अभ्यास के लिए करे। उन्होंने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है। आप अपने होटल के कमरे मे या जहां भी जा रहे है, वहां बैठे नही रह सकते क्योंकि आप यहां क्रिकेट खेलने आए है। आपको पूरे दिन अभ्यास करने की जरूरत नही है। आप सुबह या दोपहर मे जो भी समय चाहे अभ्यास कर सकते है। लेकिन इन दिनो को बर्बाद नही करें। अगर टेस्ट मैच पांच दिनों तक चलता तो आप यहां टेस्ट मैच खेल रहे होते।

### यह झूठ है कि हेड ने मुझसे कहा अच्छी गेंदबाजी की : सिराज

एडिलेड। शतकवीर ट्रेविस हेड को आउट करने के बाद कहासुनी में उलझने के लिए आलोचना का सामना कर रहे मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज की उस टिप्पणी को खारिज कर दिया जिसमे उन्होंने भारतीय तेज गेदबाज की तारीफ करने का दावा किया था। हेड ने 141 गेंदो मे 140 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी मे 157 रन की शानदार बढ़त दिलाने मे अहम भूमिका निभाई। पारी की 82 वे ओवर मे उनके आउट होने के बाद सिराज और हेड मे तीखी नोकझोंक हुई। हेड ने इसके बाद प्रसारकों से कहा, मैंने उसे कहा कहा अच्छी गेदबाजी की। लेकिन उसने कुछ और ही सोचा और मुझे बाहर जाने की ओर इशारा किया। पिछली कुछ पारियों मे जिस तरह से चीजें हुईं, मै उससे थोड़ा निराश हूं। सिराज ने हालांकि उनके बयान को झूठ करार देते हुए स्टार स्पोर्ट्स पर हरभजन सिंह से कहा, यह एक अच्छा संघर्ष था। मुझे उसके खिलाफ गेदबाजी करना पसंद है। उसने 140 रन की पारी के दौरान वास्तव मे अच्छी बल्लेबाजी की।उन्होने कहा, जब आपकी अच्छी गेद पर भी छक्का लग जाता है तो थोड़ी निराशा होती है।

# गुकेश ने लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए

**भाषा।** सिंगापुर



**भारतीय ग्रैंडमास्टर** डी गुकेश ने लगातार सात बाजियां ड्रॉ खेलने के बाद रविवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर 6-5 की बढ़त हासिल करके खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। क्लासिकल प्रारूप में खेली जा रही इस 14 दौर की प्रतियोगिता में अब केवल तीन बाजियां खेली जानी बाकी हैं। भारतीय खिलाड़ी के इस जीत से छह अंक हो गए हैं जबकि चीन के खिलाड़ी के पांच अंक हैं।जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा, वह विश्व चैंपियनशिप का विजेता बन जाएगा। इस तरह से यह जीत 18 वर्षीय गुकेश के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इतिहास अब गुकेश के पक्ष में है क्योंकि आधुनिक शतरंज में किसी भी चैलेंजर ने 10वीं बाजी के बाद 5-5 से बराबरी के बाद जीत दर्ज नहीं की है। लिरेन के लिए एकमात्र राहत की बात यह हो सकती है कि उन्होंने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची के खिलाफ पिछले विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में 12वीं बाजी जीती थी। लिरेन पर समय का दबाव था। चीन के खिलाड़ी ने इस दबाव में गलतियां की जिसका फायदा उठाकर गुकेश ने प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की।

# शमी की वापसी पर संदेह, रोहित ने कहा कि गेंदबाज के घुटने में सूजन है

**एडिलेड।**मोहम्मद शमी की टेस्ट मैदान में बहुप्रतीक्षित वापसी में और देरी हो सकती है क्योंकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बताया कि मुश्ताक अली ट्रॉफी के सात मैच खेलने के बाद सीनियर तेज गेंदबाज के घुटने में एक बार फिर सूजन आ गई है। शमी की प्लेइंग किट और ऑस्ट्रेलियाई वीजा तैयार माना जा रहा है और उन्हें जल्द से जल्द उड़ान भरनी थी। लेकिन रोहित की मैच के बाद की टिप्पणियों के बाद उनके ऑस्ट्रेलिया जाने पर संदेह के बादल छा गए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या शमी की वापसी की संभावना है तो भारतीय कप्तान ने अपने जवाब में सतर्कता बरती। भारतीय कप्तान ने मैच के बाद कहा, दरवाजा पूरी तरह खुला है। लेकिन हम सिर्फ उन पर नजर रख रहे हैं क्योंकि सैयद मुश्ताक अली टी20 खेलते समय उनके घुटने में फिर से सूजन आ गई है जो निश्चित रूप से टेस्ट मैच खेलने के लिए उनकी तैयारी में बाधा बनेगी। हम बहुत सावधान रहना चाहते हैं। शमी ने रणजी ट्रॉफी के एक मैच में 42 ओवर गेंदबाजी की थी और 13 दिनों में सैयद मुश्ताक ट्राफी के सात टी20 मैच खेले हैं।एनसीए के एक सूत्र के अनुसार शमी ने मेडिकल टीम को बताया है कि भले ही उन्हें चार ओवर गेंदबाजी करने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन हर मैच के बाद उनके घुटने में सूजन बढ़ रही है।

# 26 स्वर्ण के साथ लखनऊ को ओवरऑल चैंपियनशिप

## यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2024



**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप.2024 में सर्वाधिक 26 स्वर्ण पदक अपने नाम करते हुए ओवरऑल विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में वाराणसी दूसरे व गौतमबुद्ध नगर की टीम तीसरे स्थान पर रही। चैंपियनशिप में पहले स्थान पर रही लखनऊ ने 26 स्वर्ण व 15 रजत पदक जीते। उपविजेता वाराणसी ने 11 स्वर्ण व 7 रजत पदक अपने नाम किए। गौतमबुद्ध नगर को 10 स्वर्ण व 18 रजत के साथ तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो.डॉ. मोहम्मद हारिस सिद्दीकी ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता डा.कीर्ति विक्रम सिंह इग्नू लखनऊ सहायक क्षेत्रीय निदेशकए इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटीए लखनऊद्ध ने की।अंत में आयोजन समिति के चेयरमैन संतोष कुमार जायसवाल व कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के सचिव कृष्णा अवतार ने आभार जताया। इस अवसर पर खेल विभाग के पर्यवेक्षक अरविंद कुशवाहा भी मौजूद थे।चैंपियनशिप के दूसरे व अंतिम दिन हुए मुकाबलों में बालिका 9 वर्ष काता में वाराणसी की अवंतिका सिंह ने स्वर्ण, चंदौली की आयशा परवीन ने रजत एवं गोण्डा की नव्या व गौतमबुद्ध नगर की नायरा गुप्ता ने कांस्य पदक जीते। बालक 7 वर्ष कुमिते ;20 किग्रा से कमद्ध में गौतमबुद्ध नगर के आदित्य कुमार ने स्वर्ण व गाजियाबाद के रेयांश वर्मा ने रजत पदक जीते।

# एलएसजेए एकादश की जीत में अमित चमके

## श्यामू के उम्दा खेल से दैनिक जागरण ने हासिल की जीत

## एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग 2024.25

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच अमित सक्सेना ;3 विकेटद्ध की उपयोगी गेंदबाजी से पिछली उपविजेता एलएसजेए एकादश ने एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग 2024.25 के दूसरे दिन अमर उजाला को 3 विकेट से हराया। दिन के दूसरे मैच में दैनिक जागरण ने डीडी एआईआर एकादश को 51 रन से शिकस्त दी।लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ;एलएसजेएद्ध के तत्वावधान में गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर आयोजित लीग में कम स्कोर के पहले मैच में एलएसजेए के खिलाफ अमर उजाला पहले बल्लेबाजी करते हुए 10त्1 ओवर में 48 रन पर आल आउट हो गया। सलामी बल्लेबाज राजीव आनंद ;11द्ध ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। एलएसजेए एकादश से शोएब गाजी ने 3 ओवर में 12 रन व अमित सक्सेना ने 4 ओवर में 13 रन देकर 3.3 विकेट अपने नाम किए। विक्रम श्रीवास्तव को 2 विकेट मिले।जवाब में एलएसजेए एकादश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी और 16 रन के कुल स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे। फिर शुभम ने 13ए आशीष बाजपेयी ने 10 व विक्रम श्रीवास्तव ने नाबाद 10 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। अमर उजाला से मुदस्सिरए अर्जुन साहू व राजीव आनंद को 2.2 विकेट मिले।दूसरे मैच में दैनिक जागरण ने मैन ऑफद मैच श्यामू ;57 रनए 2 विकेटद्ध के आलराउंड खेल से डीडी एआईआर एकादश को 51 रन से हराया। दैनिक जागरण ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाया। श्यामू ने मात्र 35 गेंदों पर 7 चौके व 2 छक्के से 57 रन बनाते हुए अर्धशतक पूरा किया।कप्तान धर्मेंद्र पाण्डेय ने 21ए आलोक मिश्रा ने 16 दुर्गेश कुमार ने नाबाद 19 रन का योगदान किया। श्यामू व आलोक मिश्रा ने तीसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। डीडी एआईआर एकादश से शैलेंद्र शर्मा व रवि सिन्हा को 2.2 विकेट मिले।जवाब में डीडी एआईआर एकादश 17त्2 ओवर में 118 रन ही बना सका। टीम से सलामी बल्लेबाज भोले राम ;23द्ध के बाद शैलेंद्र शर्मा ;22द्ध व शादाब आलम ;25द्ध ही प्रतिरोध कर सके।दैनिक जागरण से विमलेश कुमार ने 4 ओवर में 1 मेडन के साथ 18 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। प्रशांत चतुर्वेदी व श्यामू को दो.दो विकेट मिले।एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग 2024.25 में टाइटल स्पांसर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ;एसबीआईद्ध एवं सह प्रायोजक शुद्ध दूधए राधे गारमेंट्सए जेड स्टार फर्नीचरए इंसो लॉक्सए द इंडियन व्यूए पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन एवं उत्तर प्रदेश अंडर वाटर स्पोर्ट्स व फिन स्वीमिंग एसोसिएशन है।

### नगर निगम का जीत से आगाज



लखनऊ। नगरनिगम क्रिकेट में नगर निगम ने जलकल को हराकर जीत से आगाज किया। महापौर महोदया तथा नगर आयुक्तद्वारा आज इस टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। सफीकुर रहमान , शैलेंद्र वर्मा, राजन , मोंटी ,रंजीत,लवकुश रावत, हरीश अवस्थी , रेशू जी, पम्मी तिवारी पार्षद गण उपस्थित रहे और टीम की सारी मैनेजमेंट की उपस्थिति रहे।


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।